# नवबिहार टाइम्स

निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी दैनिक

• बोकारो, रविवार, 21 सितंबर 2025 • वर्ष : 09 • अंक : 125 • पृष्ठ : 12 • मूल्य : 3.00 रु. • RNI No. : JHAHIN2017/72655 • बोकारो व औरंगाबाद से प्रकाशित




कुरमी जाति को आदिवासी सूची में शामिल करने को लेकर रांची में हुआ विरोध प्रदर्शन

# कुड़मी आंदोलन की वजह से झारखंड में रेल यातायात अस्त-व्यस्त, 69 ट्रेनें रद्द

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** कुड़मी समाज का अनिश्चितकालीन रेल टेका आंदोलन शनिवार (20 सितंबर) से शुरू हो गया है। समाज कुड़मी को एसटी की सूची में शामिल करने की मांग कर रहा है। इस आंदोलन का असर नजर आने लगा है। आदिवासी कुड़मी समाज की ओर से झारखंड में अलग-अलग जगहों पर 'रेल टेका' (रेल रोको) आंदोलन की वजह से पूर्व मध्य रेलवे और दक्षिण पूर्व रेलवे की कई ट्रेनों को रद्द कर दिया गया है। कुछ ट्रेनों को डायवर्ट किया गया है यानी दूसरे रूट से चलाया जा रहा है। कुछ ट्रेनों को शॉर्ट टर्मिनेट और शॉर्ट ओरिजिनेट किया गया है। पूर्व रेलवे और दक्षिण पूर्व रेलवे के साथ-साथ पूर्व मध्य रेलवे की ट्रेनें भी प्रभावित हुई हैं। 22 ट्रेनों को रद्द किया गया है। 13 ट्रेनों को परिवर्तित मार्ग से चलाया जा रहा है और 17 ट्रेनों का आंशिक



समापन और आंशिक प्रारंभ किया गया है। पूर्व रेलवे ने बताया है कि उसने 5 ट्रेनों को रद्द किया है, 7 ट्रेनों के मार्ग बदले हैं और 10 ट्रेनों को शॉर्ट टर्मिनेट या शॉर्ट ऑरिजिनेट कया गया है। शॉर्ट टर्मिनेशन का मतलब है, ट्रेन को गंतव्य से पहले रोक देना और शॉर्ट ओरिजिनेट का मतलब है, जहां से ट्रेन को खुलना था, वहां की बजाय किसी और स्टेशन से ट्रेन खुलेगी। दक्षिण पूर्व रेलवे में भी ट्रेन सेवाएं प्रभावित हुईं हैं। आदिवासी कुड़मी समाज के लोग खड़गपुर डिवीजन के भानीपुर में सुबह 5:02 बजे से 5:35 बजे तक रेलवे ट्रैक पर प्रदर्शन किया। चक्रधरपुर डिवीजन के सीनी-गम्हरिया रेल सेक्शन, खड़गपुर डिवीजन के राखामाइंस-गालूडीह सेक्शन पर ट्रेन को रोक दिया गया। रांची डिवीजन में मुरी यार्ड और लाटेडमा-झिमरी और नामकुम-टाटीसिल्वे सेक्शन पर आंदोलन जारी है। इस आंदोलन की वजह से पूर्व मध्य रेलवे के धनबाद डिवीजन और दक्षिण पूर्व रेलवे के कुछ क्षेत्रों में ट्रेनों का आवागमन बाधित हुआ है। हालांकि, रेलवे ने वैकल्पिक व्यवस्था की है।

# मूर्ति विसर्जन के दौरान दामोदर नदी में डूबे दो सगे भाई

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बोकारो।** भगवान विश्वकर्मा की मूर्ति विसर्जन के दौरान बेरमो थाना क्षेत्र के करगली गेट स्थित फिल्टर प्लांट के पास दामोदर नदी में दो सगे भाई डूब गए। दोनों युवक की पहचान बिहार के जहानाबाद जिला के रहने वाले निवासी विधु प्रसाद के 22 वर्षीय पुत्र राकेश कुमार और 18 वर्षीय पुत्र अंकित कुमार के रूप में हुई है। दोनों भाई बीते कुछ दिनों पूर्व अपने मामा के यहां बेरमो थाना क्षेत्र के करगली तीन नंबर निवासी शिव विनय कुमार के घर विश्वकर्मा पूजा में शामिल होने के लिए आये हुए थे। परिजनों ने बताया कि देर शाम को दोनों भाई विश्वकर्मा पूजा की प्रतिमा विसर्जन करने के लिए करगली गेट स्थित फिल्टर प्लांट के पास दामोदर नदी गये थे जहां प्रतिमा विसर्जन के दौरान दोनों युवक दामोदर नदी में गये। पानी का बहाव तेज होने के कारण वह दोनों नदी में डूब गये। घटना की जानकारी पाकर बेरमो थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर रोहित कुमार सिंह दल-बल के साथ पहुंचे। स्थानीय लोगों द्वारा डूबे हुए युवकों की खोजबीन की जा रही है लेकिन कुछ पता नहीं चल पाया है। उनकी खोजबीन के लिए गोताखोरों को बुलाया गया है मगर अभी तक सफलता नहीं मिली है। डूबे युवकों के मामा विनय कुमार ने बताया कि हमारे दो ही भांजे थे और दोनों ही डूब गए। हम अपनी बहन और बहनोई को अब क्या जवाब देंगे। घटना की सूचना मिलते ही परिजन घटनास्थल पर पहुंचे। उनका रो-रोकर बुरा हाल है। घटना की जानकारी पाकर काफी संख्या में लोग घटनास्थल पर पहुंचे हैं। देर रात तक खोजबीन के बावजूद कोई सफलता नहीं मिली और अभी भी उनकी खोज जारी है। अभी भी लोग घटनास्थल पर उपस्थित हैं। वहीं प्रशासन भी खोजबीन में लगा हुआ है।

## संक्षिप्त समाचार

### कुख्यात नक्सली के घर पुलिस ने साटा इश्तेहार

**रांची(नबिटा ब्यूरो)।** तमाड़ थाना क्षेत्र के तामराना गांव निवासी कुख्यात नक्सली अमित मुंडा के घर चाईबासा कराईकेला पुलिस और तमाड़ पुलिस ने इश्तेहार चिपकाया है। कराईकेला पुलिस ने ढोल-नगाड़ा बजाकर इश्तेहार चिपकाया है।

### घर से क्षत-विक्षत शव बरामद

**रांची(नबिटा ब्यूरो)।** झारखंड में रांची के चुटिया इलाके में 31 साल के एक व्यक्ति का शव सड़ी-गली हालत में उसके घर पर मिला। उसने बताया कि शंकर मिश्रा का शव चुटिया रेलवे कॉलोनी स्थित उसके घर में पाया गया है। पुलिस ने बताया कि शव चार दिन पुराना लग रहा है और उसे पोस्टमार्टम के लिए राजेंद्र आयुर्विज्ञान संस्थान (रिम्स) भेज दिया गया है। पुलिस ने बताया कि प्रथम दृष्टया ऐसा प्रतीत होता है कि उसे बेरहमी से पीटा गया था। एक पुलिस अधिकारी ने कहा कि शिकायत दर्ज होने के बाद हम अपनी जांच शुरू करेंगे।

### बैंक ऑफ बड़ौदा के लोन मैनेजर ने की आत्महत्या

**रांची(नबिटा ब्यूरो)।** सुखदेवनगर थाना क्षेत्र के रातू रोड निवासी बैंक ऑफ बड़ौदा के लोन मैनेजर ईश्वरचंद्र झा ने शनिवार सुबह अपने कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। वह अपर बाजार बड़ालाल शाखा में कार्यरत थे। घटना का पता चलने पर पुलिस ने शव को फंदे से नीचे उतारा और पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया। सुखदेवनगर थाना प्रभारी केके साहू ने बताया कि किसी बात पर शुक्रवार की रात परिवार से विवाद हुआ था। इसके बाद शनिवार को कमरे में उन्होंने खुद को बंद कर लिया। काफी देर तक दरवाजा नहीं खोलने पर परिजन घबरा गए। रोशनदान से जब देखा तो वह कमरे में पंखे से फांसी लगाकर लटके हुए थे।

### वज्रपात से मौत

**भभुआ(नबिटा ब्यूरो)।** कैमूर जिले के अधौरा थाना क्षेत्र में आकाशीय बिजली गिरने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक की पहचान अधौरा थाना क्षेत्र के गोइयां गांव निवासी यमुना सिंह खरवार के रूप में हुई है। यमुना सिंह खरवार अधौरा प्रखंड के विभोर गांव में श्राद्ध कार्यक्रम में शामिल होने गए थे। वापस लौटते समय अचानक बारिश शुरू हो गई। वे बारिश से बचने के लिए एक पेड़ के नीचे खड़े हो गए। इसी दौरान तेज गर्जना के साथ आकाशीय बिजली गिरी और उनकी मौत हो गई।

### कुख्यात अपराधी गिरफ्तार

**मुजफ्फरपुर(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के पानापुर करियात थाना क्षेत्र के अर्रा गांव से पुलिस ने कुख्यात अपराधी गोलू ठाकुर को गिरफ्तार किया है। पंकज सिंह हत्याकांड में उसकी गिरफ्तारी हुई है। 2013 में पंकज सिंह की हत्या हुई थी। सदर थाना पुलिस ने छापेमारी कर उसे पकड़ा है। पूछताछ के बाद न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

# जमशेदपुर में 800 लोगों ने एक साथ किया डांडिया रास

## विजेताओं को मिला चांदी का सिक्का

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** मारवाड़ी युवा मंच स्टील सिटी सुरभि शाखा ने शुक्रवार रात को भव्य डांडिया कार्यक्रम का आयोजन किया। साकची स्थित रामगढ़िया सभा में डिस्को डांडिया नाईट-2025 का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में करीब 800 लोगों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम की शुरुआत गणेश वंदना से हुई। कोलकाता से आए डीजे मून और डीजे अमित ने संगीत से समां बांधा। लोगों ने फिल्मी और गरबा की धुनों पर जमकर नृत्य किया। शाखा अध्यक्ष ज्योति अग्रवाल के नेतृत्व में कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। उन्होंने कहा कि यह आयोजन गुजरात और महाराष्ट्र की तरह जमशेदपुर में भी संस्कृति को दर्शाता है। अतिथियों ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम आने वाली पीढ़ी के लिए मार्गदर्शक का काम करेंगे। कार्यक्रम में विभिन्न प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गईं। विजेताओं को चांदी का सिक्का देकर सम्मानित किया गया। लकी ड्रॉ के विजेताओं को भी पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में अशोक चौधरी, ओम प्रकाश रिंगसिया, विजय आनंद मूनका, अरुण गुप्ता, नंदकिशोर अग्रवाल, संतोष अग्रवाल, अरुण बाकरेवाल, अभिषेक अग्रवाल गोल्डी, संदीप मुरारका, मंटू अग्रवाल, अजय भालोटिया, बजरंग अग्रवाल, बबलु अग्रवाल और सन्नी संघी समेत कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# नानी-नातिन की बेरहमी से हत्या

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**दुमका।** जिले के शिकारीपाड़ा थाना क्षेत्र के आमचूंआ गांव में 20 वर्षीय आदिवासी युवती सोना मुर्मू और उसकी 70 वर्षीय नानी सोना बास्की की हत्या कर दी गई। इस दोहरे हत्याकांड से इलाके में सनसनी फैल गई है। घटना की सूचना पुलिस को दी गई। एसडीपीओ विजय कुमार महतो के नेतृत्व में पुलिस टीम घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की जांच में जुट गई है। दरअसल मृतका सोना मुर्मू की शादी 02 वर्ष पहले हुई थी और वह अपने माता-पिता और पति राजू सोरेन के साथ अपने नानी के घर शिकारीपाड़ा के आमचूंआ गांव में रहती थी। शुक्रवार को मृतका के माता-पिता दुमका के काठीकुंड थाना क्षेत्र के जलवाडुबा गांव में अपनी बेटी के ससुराल गए थे जबकि सोना मुर्मू का पति राजू सोरेन किसी काम से बाहर गया था। रात करीब नौ-दस बजे जब वह वापस आया तो देखा कि उसकी पत्नी और पत्नी की नानी की हत्या कर दी गई है। शव देखकर ऐसा प्रतीत हो रहा था कि दोनों को लाठी और किसी भारी औजार से वार कर हत्या की गई है। वहीं, मृतका के साथ 06 माह की बच्ची भी सो रही थी, जो सुरक्षित



है। घटनास्थल से खून से लथपथ एक लाठी बरामद की गई है। राजू सोरेन खेती-बाड़ी कर अपनी आजीविका चलाता है। घटना की जानकारी मिलने पर दुमका एसडीपीओ विजय कुमार महतो, थाना प्रभारी अमित लकड़ा पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे हैं। मामले में छानबीन की जा रही है। हालांकि अभी तक हत्या के कारणों का पता नहीं चल सका है। फोरेंसिक टीम भी घटनास्थल पर पहुंची है। इस पूरे मामले को लेकर दुमका एसपी पीतांबर सिंह खेरवार ने बताया कि दो महिलाओं की हत्या हुई है। पुलिस टीम घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की जांच कर रही है। फोरेंसिक टीम की रिपोर्ट आने के बाद ही हत्या के कारणों का खुलासा हो पाएगा।

# मां के सामने बेटी की चाकू से गोदकर हत्या

**खूंटी(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के तपकरा थाना क्षेत्र के एक गांव में मां के सामने नाबालिग बेटी की चाकू से गोदकर हत्या का मामला सामने आया है। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। सूचना पर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और जांचोपरांत शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया है। घटना की पुष्टि तोरपा के सर्किल इंस्पेक्टर अशोक सिंह ने की है। सर्किल इंस्पेक्टर ने बताया कि लापुंग के मालगो गांव निवासी आरोपी प्रेमचंद साहू और नाबालिग लड़की के बीच प्रेम प्रसंग चल रहा था। दो साल पहले दोनों की फ़ेसबुक के जरिए जान-पहचान हुई थी और फिर दोनों में दोस्ती हुई। बाद में यह दोस्ती प्रेम संबंध में तब्दील हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

# झारखंड में एससी आयोग गठन को लेकर बैठक आज

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** कांके विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस विधायक सुरेश बैठा ने झारखंड में अनुसूचित जाति आयोग के गठन और उससे जुड़े लंबित मुद्दों को लेकर बड़ा कदम उठाया है। इसी क्रम में वे 21 सितंबर (रविवार) को पुराने विधानसभा सभागार में अनुसूचित जाति की राज्य स्तरीय बैठक आयोजित करेंगे। इस बैठक में कांग्रेस के झारखंड प्रभारी के. राजू मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। शनिवार को आवास पर प्रेस वार्ताकरते हुए विधायक बैठा ने कहा कि झारखंड में अनुसूचित जाति आयोग का गठन तो हो गया है, लेकिन अब तक सदस्यों की नियुक्ति नहीं हुई है। इसी तरह परामर्शदात्री काउंसिल और वित्त निगम का भी गठन नहीं किया गया। उन्होंने बताया कि झारखंड की लगभग 17 प्रतिशत आबादी अनुसूचित जाति वर्ग से है, जबकि उन्हें केवल 10 प्रतिशत आरक्षण ही मिल रहा है। प्रदेश



में फिलहाल केवल 23 छात्रावास हैं, जबकि हर जिले में छात्रावास खोले जाने की जरूरत है। विधायक बैठा ने कहा कि अनुसूचित जाति आयोग, परामर्शदात्री काउंसिल और वित्त निगम का गठन शीघ्र किया जाए। आरक्षण अनुपात को आबादी के हिसाब से बढ़ाया जाए। सभी जिलों में अनुसूचित जाति छात्रावासों की संख्या बढ़ाई जाए। अनुसूचित जाति समाज की सामाजिक और राजनीतिक भागीदारी सुनिश्चित की जाए। विगत 5-10 वर्षों के बजट आवंटन और खर्च का ऑडिट सामाजिक/महालेखाकार से कराया जाए। जिन लोगों के पास जाति प्रमाण पत्र नहीं है, उनका डेटा सामान्य वर्ग में दर्ज हो रहा है, जिसे तत्काल सुधारा जाए। सुरेश बैठा ने कहा कि 2024 विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित दो सीटों पर चुनाव लड़ा और दोनों जीते। जबकि कुल आरक्षित सीटें 9 प्रतिशत हैं, ऐसे में इनकी संख्या बढ़ाने की जरूरत है। साथ ही, कांग्रेस को पिछले 35 वर्षों से उपेक्षित पलामू संसदीय क्षेत्र में भी चुनावी तैयारी करनी चाहिए। विधायक ने चेतावनी दी कि यदि सरकार और संगठन ने इन मुद्दों पर गंभीरता से ध्यान नहीं दिया तो अनुसूचित जाति वर्ग की एक पूरी पीढ़ी सामाजिक, राजनीतिक और शैक्षिक अवसरों से वंचित रह जाएगी।

# भारी मात्रा में नकली लॉटरी टिकट बरामद

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**देवघर।** मधुपुर पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर शुनकली लॉटरी के बड़े रैकेट का पर्दाफाश किया। पथरोल और मधुपुर थाना पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए बहादुरपुर और फतेहपुर गांव में छापेमारी की। इस दौरान एबी चिकन व्यवसाय के मालिक आफताब के गोदाम से भारी मात्रा में नकली लॉटरी टिकट बरामद किए गए। पुलिस ने मौके से प्रिंटर, कटर मशीन और पंचिंग मशीन समेत लॉटरी छापने में इस्तेमाल होने वाले कई उपकरण भी जब्त किए। यह कार्रवाई मधुपुर थाना प्रभारी नईम अंसारी और पथरोल थाना प्रभारी दिलीप बिलूंग के नेतृत्व में की गई। पुलिस के अनुसार पकड़ा गया गिरोह लंबे समय से नकली लॉटरी का कारोबार कर रहा था। इसकी खपत बिहार, बंगाल और झारखंड के कई जिलों में होती थी। गिरोह के सदस्य यहां नकली टिकट सप्लाई कर करोड़ों रुपए का मुनाफा कमा रहे थे। शुरुआती जांच में यह भी सामने आया है कि आरोपी लंबे समय से अवैध कारोबार चला रहे थे। पुलिस अब मकान मालिक और गोदाम उपलब्ध कराने वालों की भूमिका की भी जांच कर रही है। सूत्रों के मुताबिक, इस मामले में कई और लोगों की संलिप्तता सामने आ सकती है। यह कोई पहली कार्रवाई नहीं है। इससे पहले 10 जुलाई को मधुपुर पुलिस ने पनाहकोला स्थित एक निजी आवास में छापेमारी कर नकली लॉटरी छापने वाले गिरोह का पर्दाफाश किया था। उस समय तिलैयाताड़ निवासी मोहम्मद नसीम को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। स्थानीय लोगों का कहना है कि अवैध लॉटरी ने सामाजिक ताने-बाने को भी प्रभावित किया है। अब पुलिस की इस कार्रवाई से लोगों को राहत मिली है।

# राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने किया पिंडदान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** मोक्ष और ज्ञान की भूमि गयाजी में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने शनिवार को विष्णुपद मंदिर परिसर में अपने पितरों को मोक्ष की कामना को लेकर पिंडदान किया। सनातनी पद्धति से राष्ट्रपति ने अपने कुल के पिता-माता, सास-ससुर और दो बेटों सहित सात कुल के दिवंगत हो चुके स्वजनों के आत्मा की शांति और मोक्ष दिलाने के लिए पूरे विधि विधान से पिंडदान का कर्मकांड श्रद्धा से की। ओड़िशा राज्य के गयापाल पुरोहित राजेश कटियार, बाबूलाल झंकर ने सनातनी पद्धति से राष्ट्रपति को पिंडदान व कर्मकांड कराया। गयापाल पुरोहित ने बताया कि राष्ट्रपति ने सर्वप्रथम अपने दोनों कुल के दिवंगत लोगों का आह्वान करते हुए उन्हें गयाजी बुलाएं। उसके बाद बारी-बारी से अपने कुल के दिवंगत लोगों के नामों का उच्चारण करते हुए



उनकी मोक्ष और आत्मा की शांति के लिए पिंडदान किया। पिंडदान करने के बाद गौदान भी किया गया। उसके बाद राष्ट्रपति ने पूर्वजों के नाम से दिए गए पिंड को विष्णुपद मंदिर में स्थित जगत के पालनहार श्रीहरि के चरण पर अर्पित किया। उनके पितरों को मोक्ष, शांति दिलाने के लिए दोनों हाथ जोड़कर श्रीहरि से कामना की। उसके बाद राष्ट्रपति अक्षय वृक्ष पहुंची जहां भी पिंड अर्पित करते हुए प्रणाम की। राष्ट्रपति ने फल्गु नदी में पिंड को अर्पित करने के लिए अपने पुरोहित को दिया। पुरोहित ने फल्गु नदी में पूजा-सामग्री और पिंड को प्रवाहित किया। राष्ट्रपति ने गयापाल पुरोहित से सुफल ली और पुरोहित को गुप्त दान दिया। राष्ट्रपति ओडिशा राज्य के मयूरगंज जिला के रायदगपुर थाना क्षेत्र के अधड़बंध पोस्टर पहाड़पुर गांव की रहने वाली हैं। जानकारी हो कि राष्ट्रपति दिल्ली से विशेष विमान से अंतरराष्ट्रीय गया हवाई अड्डा पहुंचीं जहां केंद्रीय मंत्री जीतनराम मांझी, बिहार के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान एवं बिहार सरकार की ओर से सहकारिता मंत्री डा. प्रेम कुमार ने पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। गया एयरपोर्ट से कड़ी सुरक्षा के बीच गयाजी स्थित विष्णुपद मंदिर पहुंचीं जहां कर्मकांड किया गया। राष्ट्रपति मंदिर परिसर में करीब दो घंटे तक पूरे विधि विधान से पिंडदान व कर्मकांड किया। इसके बाद दिल्ली के लिए रवाना हो गईं।

# तालाब में डूबने से तीन चचेरी बहनों की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**दरभंगा।** जाले थाना क्षेत्र के मुरैठा गांव में तीन चचेरी बहनों की तालाब में डूबने से मौत हो गई। तीनों बच्चियां दुर्गा पूजा में संध्या आरती के लिए दीपक बनाने के लिए मिट्टी लाने गई थी। इस बीच अचानक बारिश शुरू हो गई। मिट्टी गीला होने के कारण एक बच्ची फिसलकर तालाब में गिर गयी। उसे बचाने के लिए दूसरी पानी में उतरी लेकिन वो डूबने लगी। दोनों को बचाने के चक्कर में तीसरी बच्ची भी डूब गई। तालाब किनारे बकरी चरा रहे एक बच्चे की नजर पानी में डूब रही बच्चियों पर पड़ी। भागते-भागते गांव पहुंचा और परिजनों को पूरी बात बताई। इसके बाद स्थानीय गोताखोरों की मदद से पानी से बाहर निकाला। मामले की सूचना पर जाले पुलिस भी घटनास्थल पर पहुंची। ग्रामीणों की मदद से बच्चियों को अस्पताल भेजा, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। मृतका की पहचान वार्ड नंबर पांच निवासी विनोद ठाकुर की पुत्री अमृता कुमारी(12), रामनाथ ठाकुर की पुत्री संगीता कुमारी(13), राजकुमार ठाकुर की पुत्री(14) के तौर पर हुई है।

### सीएम नीतीश कुमार ने जतायी संवेदना

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने दरभंगा जिला के जाले प्रखण्ड अंतर्गत मुरेठा गांव में तलाब में डूबने से तीन बच्चियों की हुई मौत पर गहरा दुख व्यक्त किया है। उन्होंने इस इस हादसे में मृत बच्चियों के परिजनों को 04-04 लाख रुपये अविलंब अनुग्रह अनुदान देने का निर्देश दिया है।

# गवाह पर हमले की साजिश, पुलिस से मांगी सुरक्षा

## उम्रकैद की सजा काट चुका लल्लू खान जमानत पर बाहर, गवाही देने वाले राहत खान को मिली जान से मारने की धमकी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**हजारीबाग।** अदालत में गवाही देना जहां न्यायिक प्रक्रिया की मजबूती है, वहीं अपराधियों के खिलाफ गवाही देना कभी-कभी जानलेवा साबित हो जाता है। हजारीबाग जिले के पेलावल ओपी क्षेत्र से ऐसा ही चौंकाने वाला मामला सामने आया है। सदर थाना कांड संख्या 967/2013, S.T. No.-241/15 (संजर नवाज खान उर्फ संजु एवं शमी हत्या कांड) के मुख्य गवाह राहत खान ने पुलिस को आवेदन देकर अपनी सुरक्षा की गुहार लगाई है। राहत का आरोप है कि 30 अगस्त की शाम करीब 6 बजे वे अपने फर्नीचर वर्कशॉप से घर लौट रहे थे, तभी नसीमुल्लाह उर्फ लल्लू, अस्फाक खान और वासिफ खान ने रास्ते में घेर लिया।

आरोपियों ने पहले गाली-गलौज की और फिर धमकाया कि "अदालत में हमारे खिलाफ गवाही क्यों दी, अब अंजाम भुगतो।" राहत के अनुसार, लल्लू खान अपनी स्कॉर्पियो से पिस्तौल निकालने ही वाला था कि उन्होंने शोर मचा दिया। आसपास के लोग और वर्कशॉप के कर्मचारी दौड़े तो आरोपी वहां से भाग निकले। राहत ने आरोप लगाया कि लल्लू खान पहले से ही उम्रकैद की सजा पा चुका है, लेकिन फिलहाल उच्च न्यायालय से जमानत पर बाहर है और गवाह बनने की वजह से उसके प्रति द्वेषभावना रखता है। राहत ने बताया कि इससे पहले 27 अगस्त को भी लल्लू अपने गुर्गों संग वर्कशॉप पहुंचा था और अनुपस्थिति में उनके बेटे व पत्नी के साथ मारपीट कर नकदी, सोने की चेन लूट ली थी। साथ ही वर्कशॉप में तोड़फोड़ भी की गई थी, जिसकी शिकायत पहले ही पुलिस को दी जा चुकी है।

थाना प्रभारी को दिए आवेदन में राहत खान ने स्पष्ट कहा है कि उनकी और उनके परिवार की जान को गंभीर खतरा है। उन्होंने पुलिस अधीक्षक हजारीबाग, पुलिस महानिदेशक रांची और राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग, नई दिल्ली को भी प्रतिलिपि भेजकर कड़ी कार्रवाई और सुरक्षा की मांग की है।

यह मामला केवल एक गवाह की सुरक्षा का नहीं, बल्कि पूरे न्यायिक तंत्र की साख का है। सवाल उठता है कि जब गवाह ही सुरक्षित नहीं रहेंगे तो अपराधियों को सजा दिलाने का आधार कैसे मजबूत होगा। अब निगाहें हजारीबाग पुलिस पर हैं कि वह इस सनसनीखेज प्रकरण में कितनी सख्ती से कार्रवाई करती है।

# अवैध शराब से लदी पिकअप गाड़ी जप्त, 406 बोतल देशी शराब बरामद

**नव बिहार टाइम्स संवाददाता**

**मेदिनीनगर (पलामू)।** हरिहरगंज थाना की पुलिस ने शनिवार की सुबह अवैध शराब तस्करों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए एक पिकअप वाहन से भारी मात्रा में शराब बरामद किया है। गुप्त सूचना के आधार पर टोल प्लाजा के पास पुलिस ने पिकअप गाड़ी (संख्या- बीआर 02 क्यू 3323) को रोककर तलाशी ली। तलाशी के दौरान वाहन से टनाका कंपनी की 300 एमएल वाली कूल 406 बोतल देशी शराब उजले रंग की प्लास्टिक बोतलों में बरामद हुई।

बरामद शराब झारखंड उत्पाद विभाग से चिह्नित पाई गई। गौरतलब है कि शुक्रवार को हरिहरगंज प्रखंड सभागार में बिहार व झारखंड के शीर्ष अधिकारियों की बैठक हुई थी। इसमें उत्पाद विभाग द्वारा शराब तस्करी की रोकथाम पर भी चर्चा की गई थी। इसी के अगले दिन पुलिस को यह बड़ी सफलता मिली। पुलिस ने वाहन को जब्त कर लिया है। मामले की जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक जांच में पता चला कि यह खेप झारखंड से बिहार ले जाई जा रही थी। वहां पूर्ण शराबबंदी कानून लागू है। इस संबंध में पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी चंदन कुमार ने बताया कि अवैध शराब तस्करी के खिलाफ पुलिस का अभियान लगातार जारी है। तस्करी में शामिल लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# विश्व शांति दिवस पर इनरव्हील क्लब ऑफ गिरिडीह सनसाइन और रोटरी गिरिडीह का संयुक्त आयोजन

**नव बिहार टाइम्स संवाददाता**



**गिरिडीह।** इनरव्हील क्लब ऑफ गिरिडीह सनशाइन और रोटरी गिरिडीह ने संयुक्त रूप से अंतर्राष्ट्रीय शांति दिवस का आयोजन रोटरी हॉल, रोटरी आई हॉस्पिटल में किया। यह कार्यक्रम शांति, सद्भावना और एकजुटता के संदेश को जन-जन तक पहुँचाने का एक अनूठा प्रयास रहा कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गिरिडीह के उपायुक्त रामनिवास यादव और विशिष्ट अतिथि सांसद प्रतिनिधि दिनेश प्रसाद यादव रहे।

दीप प्रज्वलन हमारे मुख्य अतिथियों द्वारा पीडीसी पूनम सहाय, रोटरी अध्यक्ष पियूष मुसद्दी, सचिव रोहित जैन, इनरव्हील अध्यक्ष कविता राजगढ़िया और सचिव स्मृति आनंद के साथ संयुक्त रूप से किया गया। तत्पश्चात मुख्य अतिथि को शॉल, पौधा एवं पुस्तक तथा विशिष्ट अतिथि को पौधा भेंट कर सम्मानित किया गया इस अवसर पर इनरव्हील क्लब की अध्यक्ष कविता राजगढ़िया ने विश्व शांति दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला। वहीं रोटरी अध्यक्ष पियूष मुसद्दी ने अपने प्रेरणादायी शब्दों के माध्यम से दोनों संगठनों के आपसी सहयोग और सौहार्द्र को रेखांकित किया कार्यक्रम की विशेष प्रस्तुति इनरव्हील क्लब की सदस्यों द्वारा प्रस्तुत नाटक रहा, जिसमें विभिन्न धर्मग्रंथों से शांति संदेशों का पाठ किया गया और यह संदेश दिया गया कि सभी धर्मों की मूल भावना शांति और एकता है। इस प्रस्तुति ने सभी उपस्थित लोगों के हृदय को छू लिया। मुख्य अतिथि डीसी रामनिवास यादव ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए गीता के उपदेशों के माध्यम से जीवन में शांति और संतुलन का महत्व समझाया कार्यक्रम का सफल संचालन पीडीसी पूनम सहाय के नेतृत्व में हुआ। इस अवसर पर इनरव्हील क्लब ऑफ गिरिडीह सनशाइन की अध्यक्ष कविता राजगढ़िया, सचिव स्मृति आनंद, उपाध्यक्ष राखी झुनझुनवाला, संपादक संगीता सिन्हा, सदस्य शबाना रब्बानी, तनुजा सहाय, शमा परवीन, सुमन गुप्ता, सुमन शॉ, सुनीता बर्णवाल, स्वाति गुप्ता सहित अनेक सदस्य उपस्थित रहीं। वहीं रोटरी गिरिडीह के अध्यक्ष पियूष मुसद्दी, सचिव रोहित जैन एवं अन्य रोटेरियन्स की उपस्थिति ने कार्यक्रम को और भी सार्थक बना दिया यह आयोजन एकता, सौहार्द्र और वैश्विक शांति का सशक्त संदेश देकर यादगार बन गया।

# एनटीपीसी नॉर्थ कर्णपुरा ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से स्वच्छता का दिया संदेश

**नव बिहार टाइम्स संवाददाता**

**कर्णपुरा (हजारीबाग)।** स्वच्छता ही सेवा अभियान 2025 के तहत एनटीपीसी नॉर्थ कर्णपुरा द्वारा राहम गांव के बाजार टांड़ में एक नुक्कड़ नाटक आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य स्थानीय लोगों को स्वच्छता और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना था। इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे, जिनमें मुखिया एवं अन्य जनप्रतिनिधि भी शामिल हुए।

नाटक में मनोरंजक तरीके से यह संदेश दिया गया कि साफ-सफाई कैसे हमारे स्वास्थ्य को बेहतर बनाती है, कचरे का सही निपटान क्यों जरूरी है और स्वच्छ वातावरण से समाज को क्या लाभ मिलता है। एनटीपीसी नॉर्थ करणपुरा अपनी परियोजनाओं के साथ-साथ आस-पास के गांवों के समग्र विकास और



जागरूकता के लिए लगातार प्रयासरत है। यह पहल इस बात का प्रमाण है कि संस्था केवल बिजली उत्पादन ही नहीं बल्कि समाज के स्वास्थ्य और खुशहाली के लिए भी समर्पित है।

# 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान की शुरूआत पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश



**नव बिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** पर्यावरण संरक्षण को लेकर जनजागरूकता फैलाने के उद्देश्य से कैबिनेट मंत्री सह कोडरमा सांसद अन्नपूर्णा देवी ने शनिवार को बेंगाबाद प्रखंड के बारसोली में पौधारोपण कर 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान की शुरूआत की। इस दौरान उन्होंने लोगों से अपील की कि हर व्यक्ति अपनी मां के नाम पर कम से कम एक पौधा अवश्य लगाए और उसकी सुरक्षा का भी संकल्प ले कार्यक्रम भाजपा द्वारा चलाए जा रहे सेवा पखवाड़ा दिवस के अंतर्गत आयोजित किया गया।

इस मौके पर सांसद ने कहा कि 17 सितंबर, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन से लेकर 2 अक्टूबर गांधी जयंती तक भाजपा विभिन्न कार्यक्रमों के जरिए समाज सेवा और जागरूकता अभियान चला रही है। इन कार्यक्रमों में पौधारोपण, रक्तदान शिविर, प्रदर्शनी, स्वास्थ्य जांच शिविर, और प्रबुद्ध जनों के साथ संवाद जैसे कई आयोजन शामिल हैं। अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि पर्यावरण असंतुलन के कारण आज दुनिया भर में ग्लोबल वार्मिंग और जलवायु परिवर्तन की समस्या विकराल होती जा रही है। इसे संतुलित करने के लिए पौधे लगाना और उनकी देखभाल करना सबसे कारगर उपाय है। उन्होंने बच्चों और युवाओं से भी आह्वान किया कि वे पेड़-पौधों के महत्व को समझें और भविष्य की सुरक्षा के लिए अधिक से अधिक वृक्षारोपण करें। उन्होंने कहा, 'आज के बच्चे कल का भविष्य हैं। यदि वे पौधों के महत्व को जानेंगे तो स्वाभाविक रूप से पर्यावरण की रक्षा में योगदान देंगे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता और स्थानीय लोग मौजूद रहे। मौके पर प्रदेश मंत्री दिलीप वर्मा,सांसद प्रतिनिधि शिवपूजन राम, भाजपा नेता रामप्रसाद यादव, मंडल अध्यक्ष सौरभ सागर मिश्रा, जिला अध्यक्ष महादेव दुबे,प्रकाश मंडल,संदीप गुप्ता, हेमराज साह, प्रो. अर्जुन प्रसाद वर्मा, भुनेश्वर मंडल सहित अन्य कार्यकर्ता और ग्रामीण उपस्थित थे अंत में सभी ने संकल्प लिया कि वे अपने-अपने क्षेत्र में पौधारोपण को जनांदोलन का रूप देंगे और आने वाली पीढ़ी को स्वच्छ व सुरक्षित पर्यावरण देने में अपनी भूमिका निभाएंगे।

# दिशोम गुरू शिबू सोरेन के आदर्शों पर चलकर इतिहास गढें युवा : संजय सिंह

## झामुमो युवा मोर्चा की बैठक में संगठन विस्तार पर चर्चा

**नव बिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** झामुमो युवा मोर्चा की एक बैठक शनिवार को झामुमो जिला कार्यालय में सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष कोलेश्वर सोरेन ने किया। बैठक में बतौर मुख्य अतिथि युवाओं को संबोधित करते हुए झामुमो जिलाध्यक्ष संजय सिंह ने कहा कि युवा दिशोम गुरू शिबू सोरेन के आदर्शों पर चलकर इतिहास गढें।

गुरूजी ने गरीबों, शोषितों, पीड़ितों व अंतिम व्यक्ति को उनका हक अधिकार दिलाने के लिए आजीवन संघर्ष किया। कहा कि सरकार द्वारा संचालित योजनाओं को अंतिम आदमी तक पहुंचाने की जिम्मेदारी युवाओं के कंधे पर है। झामुमो के जिला सचिव महालाल सोरेन ने कहा कि कहा कि युवा मोर्चा मुख्य मोर्चा की आत्मा है। युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष कोलेश्वर सोरेन ने कहा कि बहुत जल्द सभी प्रखंडों और पंचायतों में संगठन का विस्तार किया जाएगा। बैठक को हसनैन अली, आदिल रसीद , खुबलाल दास, छोटूलाल मरांडी, राजेश सोरेन, राजू अंसारी, मेहताब मिर्जा , विवेक सिन्हा, कासिम अंसारी,



सुरेश हेम्ब्रम, मो रईस, शाहनवाज उर्फ पप्पू खान ने भी संबोधित किया। मंच का संचालन युवा मोर्चा के जिला सचिव फरदीन इम्तियाज अहमद और धन्यवाद ज्ञापन जिला प्रवक्ता कृष्ण मुरारी शर्मा ने किया। राजू दास को जिला सोशल मीडिया प्रभारी बनाया गया। बैठक में नुनूराम किस्कू, खुरशीद अनवर हादी, राकेश कुमार सिंह सहित कई लोग मौजूद थे।

# सीमा सुरक्षा बल, मेरू में वार्ब की तिमाही बैठक 23 सितम्बर को आयोजित होगी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हजारीबाग।** प्रशिक्षण केंद्र एवं विद्यालय, सीमा सुरक्षा बल, मेरू में दिनांक 23 सितम्बर 2025 को प्रातः 11:00 बजे कल्याण एवं पुनर्वास बोर्ड (वार्ब) की तिमाही बैठक का आयोजन किया जाएगा। बैठक में झारखण्ड व निकटवर्ती राज्यों में रहने वाले सीमा सुरक्षा बल के सेवानिवृत्त कार्मिकों और उनके आश्रितों की पेंशन एवं सेवानिवृत्ति लाभ संबंधी समस्याओं की सुनवाई एवं निवारण किया जाएगा।

भारत सरकार, गृह मंत्रालय द्वारा वर्ष 2007 में वार्ब का गठन केंद्रीय पुलिस बलों के सेवानिवृत्त कार्मिकों एवं उनके परिजनों के कल्याण हेतु किया गया था। सीमा सुरक्षा बल सदैव अपने पेंशनभोगियों व शहीदों के परिजनों के कल्याण के लिए समर्पित है। बैठक के दौरान सीमा सुरक्षा बल, मेरू के अधिकारी, लेखा अधिकारी, अनु सचिवीय स्टाफ व अन्य संबंधित विभागों के प्रभारी भी मौजूद रहेंगे। सेवानिवृत्त कार्मिक एवं उनके परिजन अपनी समस्याओं के निवारण हेतु इस अवसर का लाभ उठा सकते हैं। बैठक में आने वाले परिजनों की सुविधा के लिए मेरू परिसर स्थित केंद्रीय पुलिस कैंटीन सुबह 9:00 बजे से खुली रहेगी। साथ ही पिछले वार्ब बैठक में जिनकी समस्याओं पर सुनवाई हुई थी, वे सेवानिवृत्त कार्मिक बैठक में शामिल होकर कार्यवाही की प्रगति की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। संस्थान ने हजारीबाग संभाग के सभी सेवानिवृत्त कार्मिकों से अपील की है कि वे समय पर बैठक स्थल पर उपस्थित हों और अपने साथियों को भी सूचित करें।

# रामनारायण यादव मेमोरियल कॉलेज में अभिभावक-शिक्षक संगोष्ठी संपन्न

**बरही, हजारीबाग/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** शनिवार को रामनारायण यादव मेमोरियल कॉलेज में अभिभावक सह शिक्षक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विमल किशोर ने की। संगोष्ठी की शुरूआत दीप प्रज्वलित से हुई। अभिभावकों की ओर से मुख्य अतिथि प्राचार्य एवं इतिहास विभाग की अध्यक्ष तथा एनएसएस कॉर्डिनेटर डॉ. अरुणा रानी को पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। उद्घाटन भाषण में प्राचार्य डॉ. विमल किशोर ने कहा कि अभिभावक-शिक्षक बैठक (पीटीएम) बच्चों के शैक्षणिक और व्यवहारिक विकास पर चर्चा करने, उनके प्रदर्शन का मूल्यांकन करने और समस्याओं के समाधान के लिए रणनीतियाँ बनाने का एक महत्वपूर्ण माध्यम है। उन्होंने अभिभावक-शिक्षक संवाद को बच्चों की प्रगति के लिए आवश्यक बताया। अभिभावकों की ओर से कॉलेज के समग्र विकास और शैक्षणिक माहौल को और बेहतर बनाने के सुझाव दिए गए। महाविद्यालय के शिक्षकों डॉ. अजय प्रताप सिंह और डॉ. अजय रविदास ने भी अपने विचार रखे। सेमेस्टर-वन के विद्यार्थियों ने कॉलेज के शैक्षणिक वातावरण की सराहना की और कहा कि यहाँ नियमित कक्षाएँ संचालित होती हैं तथा शिक्षक छात्रों के भविष्य के प्रति हमेशा गंभीर रहते हैं। कार्यक्रम का मंच संचालन डॉ. अजय कुमार रंजन ने किया। अंत में डॉ. अरुणा रानी ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया और कहा कि ऐसे कार्यक्रम शिक्षक, अभिभावक और विभाग के बीच संवाद को मजबूत करते हैं, जो बच्चों के समग्र विकास के लिए महत्वपूर्ण है।

# माउंट कार्मल स्कूल, हरनगंज में प्रथम बार रक्तदान शिविर का आयोजन




**नवीन सिन्हा**

**हजारीबाग।** स्थानीय माउंट कार्मल स्कूल, हरनगंज में सिस्टर अंजलि की स्मृति में थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों की सहायता हेतु 20 सितंबर को प्रथम बार रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का आयोजन वॉलंटरी ब्लड डोनर्स एसोसिएशन एवं शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज के सहयोग से किया गया।

शिविर का उद्घाटन स्कूल की प्रिंसिपल सिस्टर जेसी एवं एसोसिएशन के अध्यक्ष 'ब्लड मैन' निर्मल जैन ने संयुक्त रूप से किया। शिविर की शुरूआत सिस्टर जेसी, यश गुप्ता और कल्पना कुमारी ने रक्तदान कर की। इसके बाद सुनील, सनी, अंकित, नीतू शर्मा, सिंपी सिंह, सिस्टर जैस्मिन, हरिएट टर्की, नीलम गुप्ता, संजय, शंकर चौरसिया, अभिषेक, विवेक, तनुश्री, सिस्टर मिनी अब्राहम, रंजन कुमार, एस. थॉमस, रवि केसरी, कुमारी उर्वशी भारती, अरमान मिंस, अनूप यादव, स्वीटी बेंगरा, प्रियंका, पंकज, मुकेश सोनी, सूरज, श्रुति पास्कल, डॉ. सुरेंद्र कुमार, लालु सिंह, अगस्तिन एवं संजीव कुमार समेत कुल 36 लोगों ने रक्तदान कर मानवता का परिचय दिया। एसोसिएशन के अध्यक्ष निर्मल जैन ने सभी रक्तदाताओं को सम्मानित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की और कहा कि कार्मल स्कूल द्वारा महिला सशक्तिकरण पखवाड़े में आयोजित इस शिविर में महिलाओं की भागीदारी सराहनीय रही। करीब 75 महिलाएं रक्तदान हेतु पहुंची थीं, जिनमें से 12 ने सफलतापूर्वक रक्तदान किया। इससे साबित हुआ कि महिलाएं भी रक्तदान में किसी से पीछे नहीं हैं। प्रिंसिपल सिस्टर जेसी ने कहा कि मात्र दो दिन की तैयारी में इस शिविर का आयोजन किया गया और भविष्य में भी इस तरह के शिविर निरंतर आयोजित किए जाते रहेंगे। उन्होंने शिविर की सफलता का श्रेय आयोजन समिति, शिक्षकों, कर्मचारियों और एसोसिएशन को दिया। इस शिविर को सफल बनाने में शिविर संयोजक अंकित सिंह, एसोसिएशन अध्यक्ष निर्मल जैन, कार्यकारिणी सदस्य रवि गुप्ता, मेडिकल कॉलेज के डॉ. प्रणीत सहाय, टेक्नीशियन शमशाद, पूनम कुजूर, राजीव कुमार, निहाल राज एवं अन्य सहयोगियों का विशेष योगदान रहा।

# प्रधान कैफेटेरिया में रंगीलो रास डांडिया नाइट का भव्य आयोजन 27 सितंबर को

**नवीन सिन्हा**

## पारिवारिक माहौल में होगा पारंपरिक डांडिया नाइट का आयोजन : डॉ. प्रभात कुमार प्रशांत

**हजारीबाग।** शारदीय नवरात्र के अवसर पर शहरवासियों के लिए मनोरंजन और पारंपरिक संस्कृति से भरपूर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। आगामी 27 सितंबर को शाम 6 बजे से प्रधान कैफेटेरिया परिसर में 'रंगीलो रास डांडिया नाइट' का भव्य आयोजन होगा।

आयोजक डॉ. प्रभात कुमार प्रधान ने प्रेस वार्ता में बताया कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य शहर में हो रहे डांडिया कार्यक्रमों से अलग पारिवारिक और संस्कारयुक्त वातावरण तैयार करना है, ताकि सभी आयु वर्ग के लोग- पुरुष, महिलाएं और बच्चे- त्योहार की उमंग का आनंद ले सकें। उन्होंने कहा कि सुरक्षा व्यवस्था को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई है। पूरे स्थल पर सीसीटीवी कैमरों की निगरानी होगी और बाउंसर्स की तैनाती भी की जाएगी।



इस आयोजन में प्रतिभागियों और दर्शकों को कई प्रतियोगिताओं का आनंद मिलेगा। इनमें बेस्ट सोलो डांस, बेस्ट युगल डांस, बेस्ट ग्रुप डांस, बेस्ट कॉस्ट्यूम अवॉर्ड, बेस्ट मेकअप, मिस और मिसेज डांडिया क्वीन 2025 प्रतियोगिता शामिल है। साथ ही लाइव आर्केस्ट्रा बैंड, डीजे पर थिरकते गीत, लाइट्स और म्यूजिक से माहौल और भी खास बनेगा। इसके अलावा मेगा लकी ड्रॉ का भी आयोजन होगा जिसमें विजेताओं को विशेष पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। टिकट दरें भी लोगों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए रखी गई हैं- एकल पास 251 रुपये, कपल पास 451 रुपये और फैमिली पास 751 रुपये का होगा। संयोजक अमित गुप्ता ने बताया कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य लोगों को एक साथ लाकर पारिवारिक वातावरण में त्योहार की खुशी को साझा करना है। प्रेस वार्ता में आयोजन समिति सदस्य जितेंद्र सिन्हा, ज्ञान सागर, मनोज कुमार, राम किशोर सावंत, चंदन चौबे, दीपक घोष, सुधा प्रधान, सोनम प्रिया, मानसी सिन्हा, अर्चना सिन्हा, रश्मि सिन्हा, रूपेश बिहारी लाला, गौरभ सहाय सहित कई लोग उपस्थित रहे। आयोजकों ने उम्मीद जताई है कि हजारीबागवासी बड़ी संख्या में शामिल होकर इस डांडिया नाइट को सफल और यादगार बनाएंगे।

# कुड़मी समाज के बैनर तले 'रेल टेका डहर छेका' आंदोलन शुरू

**नव बिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** अनुसूचित जाति में शामिल करने की मांग को लेकर आदिवासी कुड़मी समाज के बैनर तले 'रेल टेका डहर छेका' आंदोलन शुरू हो गया है। इस आंदोलन का असर गिरिडीह में देखने को मिला हैं।

आंदोलनकारी शनिवार की सुबह ही ग्रैंड कोड लाइन यानी दिल्ली को गया-धनबाद होते हुए कोलकाता से जोड़ने वाली ट्रैक को पारसनाथ के पास जाम कर दिया है सुबह ही आंदोलनकारी ट्रैक पर उतर आए हैं और नारेबाजी करते हुए ट्रैक पर बैठ गए हैं। दूसरी तरफ यह बताया जा रहा है कि डुमरी विधायक भी आंदोलन में शामिल हो सकते है आजसू नेता यशोदा देवी भी शामिल हुई। उन्होंने कहा कि कुड़मी समाज की मांग



जायज है। इधर, रेलवे ट्रैक जाम होने से कई ट्रेनों का परिचालन बाधित हुआ है वहीं, इस आंदोलन को देखते हुए सुरक्षा का भी पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। उपायुक्त रामनिवास यादव के साथ एसपी डॉ बिमल कुमार भी डुमरी में जमे हुए हैं। जबकि डुमरी एसडीपीओ सुमित के कुमार के साथ आरपीएफ के पदाधिकारी और जवान भी जमे हुए हैं.बता दें कि कुड़मी समाज को अनुसूचित जनजाति का दर्जा दिलवाने की मांग को लेकर गोलबंदी हुई है। आंदोलन के तहत शनिवार झारखंड-बंगाल और ओड़िशा में आदिवासी कुड़मी समाज के बैनर तले ' रेल टेका डहर छेका' आंदोलन किया जा रहा है। इस आंदोलन का समर्थन में कई नेता उतर आये हैं। कांग्रेस नेता पूर्व विधायक जयप्रकाश भाई पटेल ने भी समर्थन देने की बात कही।

# अमृत भारत एक्सप्रेस : आधुनिक भारत की प्रीमियम सुविधाओं वाली आरामदायक ट्रेन

**सरस्वती चन्द्र**

अमृत काल में भारतीय रेल ने अपने यात्रियों को कई बड़ी सौगात दी है, उसमें से एक है अमृत भारत एक्सप्रेस। एक ऐसी ट्रेन जो यात्रियों की अत्याधुनिक सुविधाओं और किफायती यात्रा की नई परिकल्पना का प्रतीक है। आज देश में अलग-अलग रुटों पर 11 अमृत भारत ट्रेनें अपनी सेवाएं दे रही है। इस ट्रेन का सबसे बड़ा आकर्षण इसकी डिजाइन और सुविधाएं हैं। यह स्वदेशी ट्रेन आत्मनिर्भर भारत की भावना को और मजबूत करती है। इसकी पहचान तीन पहलुओं में छिपी है – यात्रियों की सुविधा, ऊर्जा की बचत और पर्यावरण के प्रति सजगता। यही कारण है कि यह ट्रेन देश के बदलते स्वरूप की झलक पेश करती है।

वर्तमान में देश में 11 अमृत भारत एक्सप्रेस चल रही हैं जिनमें 10 अमृत भारत एक्सप्रेस बिहार राज्य के विभिन्न स्टेशनों से देश के प्रमुख शहरों के लिए चलायी जा रही है। बिहार राज्य में चलायी जा रही अमृत भारत एक्सप्रेस में दरभंगा–आनंद विहार टर्मिनल, सहरसा–लोकमान्य तिलक टर्मिनस, राजेंद्रनगर–नई दिल्ली, बापूधाम मोतिहारी–आनंद विहार टर्मिनल, दरभंगा–गोमतीनगर, मालदा टाउन–गोमतीनगर, सीतामढ़ी-दिल्ली, गया-दिल्ली, जोगबनी-ईरोड, सहरसा-छेहरटा (अमृतसर) अमृत भारत एक्स्प्रेस शामिल है जबकि एक अमृत भारत एक्सप्रेस पश्चिम बंगाल के मालदा टाउन और कर्नाटक के सर एम. विश्वेश्वरय्या टर्मिनल बेंगलूरु के मध्य चलायी जा रही है।

वर्तमान में 10 अमृत भारत एक्सप्रेस बिहार राज्य के करीब 26 जिलों की आबादी को अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त सेवा प्रदान कर रहा है। उन सुदूर इलाकों तक और उन रूटों पर, जहां से लंबी दूरी की ट्रेनों की उम्मीद नहीं थी, पहले वहां इन 11 वर्षों में पटरियां बिछीं, पुल बने और अब अमृत भारत एक्सप्रेस जैसी ट्रेनों की शुरूआत भी हुई है। ऐसा ही एक क्षेत्र कोशी का है। सहरसा से सुपौल, सरायगढ़, निर्मली और झंझारपुर होते हुए अमृतसर तक नई अमृत भारत एक्सप्रेस का परिचालन इस सोच का ही परिचायक है कि समाज के सीमांत आय वर्ग के लोग भी सम्मानित रूप से यात्रा कर सकते हैं। एक अन्य ट्रेन जो बिहार के सीमांचल जोगबनी से दक्षिण भारत के तमिलनाडु के ईरोड तक शुरू की गई है जो हजारों आम लोगों के लिए लंबी दूरी की यात्रा को सुगम और सुलभ बनाएगा।

अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेन की अवधारणा के पीछे यह सोच महत्वपूर्ण है यह सेवा उन लोगों के लिए विशेष रूप से मददगार साबित होगा जो शिक्षा, रोजगार, चिकित्सा, धार्मिक पर्यटन, प्रवासन, बेहतर अवसरों की तलाश तथा पर्व-त्योहारों एवं पारिवारिक आयोजनों हेतु यात्रा करना चाहते हैं। अमृत भारत एक्सप्रेस में केवल दो ही श्रेणी के कोच होते हैं – अनारक्षित तथा शयनयान श्रेणी के, इससे अधिक तादाद में यात्री इन ट्रेनों से यात्रा कर सकते हैं। अमृत भारत एक्सप्रेस में कुल सीटों की संख्या आरक्षित एवं अनारक्षित श्रेणी में लगभग आधी-आधी होती है जिससे ट्रेन खुलने के कुछ घंटों पहले भी यात्रा का निर्णय लेने वाले संभावित यात्री आरक्षित श्रेणी में टिकट नहीं मिलने पर भी अनारक्षित श्रेणी में यात्रा कर सकते हैं और परेशानी से बच जाएंगे।

अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेनों की शुरूआत करते हुए प्रधानमंत्री जी ने कहा था कि वंदे भारत के बाद एक और आधुनिक ट्रेन देश को मिली है। इस नई ट्रेन का नाम अमृत भारत ट्रेन रखा गया है। वंदे भारत, नमो भारत और अमृत भारत ट्रेनों की यह त्रिशक्ति भारतीय रेल का कायाकल्प करने जा रही है जो कि अब चरितार्थ हो रही है। अमृत भारत ट्रेनों का निर्माण मेक इन इंडिया प्रोग्राम के तहत इंटीग्रेटेड कोच फैक्ट्री में किया गया है। इसे खास तौर पर मध्य एवं निम्न आय वर्ग के लोगों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है, जिसमें स्लीपर और जनरल क्लास के डिब्बे लगे हुए हैं। आधुनिक सुविधाओं से लैस अमृत भारत ट्रेन के नए संस्करण में कई-नई सुविधाएं भी प्रदान की गई हैं, जिससे अमृत भारत 2.0 पहले से कहीं ज्यादा सुविधाजनक और हाईटेक हो गई है। अमृत भारत 2.0 ट्रेन में 130 किमी/घंटा रफ्तार देने की क्षमता है। भारतीय रेल के इतिहास में पहली बार ट्रेन में सेमी-ऑटोमैटिक कपलर का उपयोग किया गया है, जो न केवल यात्रा को सुगम बनाती है, बल्कि कनेक्शन को भी सुविधाजनक बनाती है। तकनीकी दृष्टि से भी अमृत भारत एक्सप्रेस अत्यंत सुरक्षित है। कवच सिस्टम से लैस इस ट्रेन में सेमी ऑटोमैटिक कपलर, क्रैश ट्यूब और ईपी-असिस्टेड ब्रेक सिस्टम लगाए गए हैं, जिससे आपात स्थिति में तुरंत ब्रेक लग सके। सभी कोच पूरी तरह से सील्ड गैंगवे और वैक्यूम एवैक्यूएशन सिस्टम से लैस हैं। पहली बार नॉन-एसी कोच में फायर डिटेक्शन सिस्टम की सुविधा दी गई है, जो यात्रियों की सुरक्षा में क्रांतिकारी कदम है। इसके अलावा टॉकबैक यूनिट और गार्ड रूम में रिस्पॉन्स यूनिट सुरक्षा को और मजबूत बनाते हैं। यात्रा के दौरान आराम का विशेष ख्याल रखा गया है। ट्रेन में सेमी-ऑटोमैटिक कपलर का उपयोग किया गया है, जिससे कोच जोड़ते या अलग करते समय झटका या शोर नहीं होता। डिफॉर्मेशन ट्यूब दुर्घटना की स्थिति में झटका कम कर देती है। पुश-पुल तकनीक इसकी रफ्तार को बढ़ाने में मदद करती है। इसमें दोनों तरफ इंजन होता है जिससे ट्रेनों की रिर्वसल की आवश्येकता नहीं होती है तथा समय की बचत होती है।

यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए कोचों में कई आधुनिक फीचर जोड़े गए हैं। फोल्डेबल स्नैक्स टेबल, मोबाइल होल्डर, बॉटल होल्डर, रेडियम फ्लोर स्ट्रिप्स, आरामदायक सीटें और बेहतर बर्थ इसमें शामिल हैं। हर शौचालय में इलेक्ट्रो-न्यूमेटिक फ्लशिंग प्रणाली, ऑटोमेटिक सोप डिस्पेंसर और फायर सप्रेशन सिस्टम जैसी सुविधाएं दी गई हैं। दिव्यांगजनों के लिए भी विशेष शौचालय उपलब्ध कराए गए हैं। साथ ही, हर यात्री के लिए फास्ट चार्जिंग पोर्ट और पेन्ट्री कार जैसी सुविधाएं यात्रा को और सुखद बनाती हैं।ऑन-बोर्ड कंडीशन मॉनिटरिंग सिस्टम से रियल टाइम व्हील और बियरिंग की निगरानी होती है। इंटरनेट आधारित वाटर लेवल इंडिकेटर स्टेशनों और ऑन-बोर्ड स्टाफ को सहायता प्रदान करते हैं। देश में पहली बार किसी ट्रेन में बाहरी आपातकालीन लाइट्स की सुविधा भी दी गई है। अमृत भारत एक्सप्रेस उस सोच की परिचायक है, जो बताती है कि अब देश की रेल यात्रा आधुनिक सुविधाओं और किफायती दरों के साथ एक नए युग में प्रवेश कर चुकी है।

**(लेखक पूर्व मध्य रेलवे के मुख्य जन संपर्क अधिकारी हैं)**

# शारदीय नवरात्र में देवी आगमन का प्रतीक है महालया

## दुर्गाबाड़ी में कल होगा महिषासुर मर्दिनी मंचन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** शारदीय नवरात्र के शुभारंभ से पहले आश्विन महीने की अमावस्या को महालया मनाया जाता है। भारतीय संस्कृति और खासकर बंगाल, बिहार, झारखंड में नवरात्र शुरू होने से पहले का एक विशेष दिन होता है। इसलिए इसे दुर्गापूजा का शुभारंभ का संकेत भी माना जाता है।

सनातन धर्म के जानकार पंडित अविनाश शास्त्री कहते हैं कि अश्विन माह की अमावस्या तिथि को महालया कहा जाता है। ऐसी मान्यता है कि इसी दिन मां दुर्गा का पृथ्वी लोक पर आगमन होता है। पंडित अविनाश शास्त्री कहते हैं कि 'महालया' दरअसल नवरात्र शुरू होने से पहले की तैयारियों का त्योहार है।

**इस बार 10 दिनों का शारदीय नवरात्र**

पंडित अविनाश शास्त्री ने शारदीय नवरात्र को लेकर ईटीवी भारत से बातचीत में कहा कि इस बार का शारदीय नवरात्र नौ की जगह 10 दिनों का है। इस बार महा चतुर्थी दो दिनों का है। उन्होंने बताया कि नौ से अधिक दिनों का नवरात्र शुभ फलदायी होता है।

**हाथी पर आगमन, डोली पर विदाई**

उन्होंने बताया कि इस बार एक शुभ संयोग यह है कि इस बार "मां" हाथी पर सवार होकर आ रही हैं और उनकी "विदाई" डोली पर होनी है। हाथी पर सवार होकर मां का आगमन, इसका प्रतीक है कि अगले वर्ष अच्छी बारिश होगी, वहीं डोली पर मां की विदाई सुख-समृद्धि का प्रतीक है।



महालया को लेकर एक पौराणिक मान्यता यह भी है कि देवताओं और असुरों के बीच हुए संघर्ष में जब महिषासुर ने तीनों लोकों में आतंक मचाना शुरू किया, तब देवताओं की प्रार्थना पर मां दुर्गा का आविर्भाव हुआ। महालया के दिन मां दुर्गा के धरती पर आगमन की प्रार्थना करते हैं।

इस दिन श्रद्धालु पितरों को तर्पण देकर उनके आशीर्वाद की कामना भी करते हैं। इसलिए इसे "पितृपक्ष का समापन और देवी पक्ष का आरंभ" भी कहा जाता है। सांस्कृतिक दृष्टि से महालया केवल धार्मिक पर्व नहीं, बल्कि भावनात्मक उत्सव है। यह परिवार, समाज और श्रद्धा को एक सूत्र में बांधता है।

# आंदोलनकारी महिलाओं ने मांदर की थाप पर गाए गीत

## मांगा अधिकार, बोले जयराम - छले गए हम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**गिरिडीह।** आदिवासी कुड़मी समाज के बैनर तले शुरू हुए "रेल टेका डहर छेका" आंदोलन में कुड़मी समुदाय को अनुसूचित जनजाति में शामिल करने की मांग की गई है। इसका असर कई जगहों पर देखने को मिला है। गिरिडीह में भी ट्रेनें रोकी गईं। दिल्ली को गया और धनबाद होते हुए हावड़ा से जोड़ने वाली ग्रैंड कॉर्ड लाइन को भी जाम कर दिया गया। प्रदर्शनकारी सुबह से ही पटरियों पर बैठे रहे।

आंदोलन को गति देने के लिए प्रदर्शनकारियों ने मांदर की थाप पर गीत प्रस्तुत किए। महिलाओं ने स्थानीय भाषा में आंदोलन के गीत गाए, जबकि प्रदर्शनकारी संगीत पर नाचते नजर आए। डुमरी विधायक और झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष जयराम कुमार महतो, बगोदर विधायक नागेंद्र महतो और आजसू नेता यशोदा देवी सहित विभिन्न दलों के नेता भी इस प्रदर्शन में मौजूद रहे। डुमरी विधायक जयराम कुमार महतो ने कहा कि ब्रिटिश काल में कुड़मियों को 12 अन्य जातियों के साथ अनुसूचित जाति में शामिल किया गया था। हालांकि, अंग्रेजों ने जाते समय उन्हें अनुसूचित जाति से हटा दिया। यह पूरी तरह से खनन और कारखानों के लिए किया गया था। चूंकि कुड़मियों के पास जमीन का बड़ा हिस्सा था, इसलिए अगर वे जनजाति में ही रहते, तो जमीन का अधिग्रहण नहीं किया जा सकता था। बहुत ही चालाकी के साथ योजना बनाई गई और गणतंत्र की स्थापना के कुछ ही दिनों के भीतर, बिना किसी स्पष्टीकरण के कुड़मियों को अनुसूचित जाति से हटा दिया गया। उन्होंने कहा कि समय-समय पर आंदोलन होते रहे हैं। उन्होंने कहा, "अलग झारखंड राज्य के आंदोलन में हमारी सबसे बड़ी भागीदारी थी, इसलिए राज्य की स्थापना तक इस आंदोलन को स्थगित कर दिया गया था। इस राज्य के निर्माण के लिए सैकड़ों कुड़मियों ने शहादत दी।" उन्होंने आगे कहा कि ऐसे अनगिनत मौके आए हैं जब आंदोलन हुए हैं और आश्वासन मिले हैं। अब, यह आंदोलन चल रहा है और हमारे अस्तित्व को बचाने के लिए समाज के बैनर तले जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि दोनों सरकारें हमारी मांगों को पूरा करें।

# युवक को मारी गोली

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** अस्थावां थाना क्षेत्र के शेरपुर गांव में शनिवार सुबह एक आपसी विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। आरोप है कि बदमाशों ने जिम जा रहे युवक वेद प्रताप कुमार, पुत्र नंदलाल प्रसाद को घेरकर पहले लाठी-डंडों से पीटा और फिर गोली चला दी। गोली उसके पैर में लगी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। फिलहाल उसे सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसकी स्थिति खतरे से बाहर बताई जा रही है। पीड़ित ने बताया कि शुक्रवार शाम वह स्कॉर्पियो से बिहारशरीफ से गांव लौट रहा था। रास्ते में खड़ी बाइक के कारण कई बार हॉर्न बजाने के बावजूद बाइक नहीं हटी, जिससे कहासुनी हुई और मामला मारपीट में बदल गया। आरोप है कि कुछ युवकों ने गाली-गलौज करते हुए ईंट-पत्थर से उसकी गाड़ी पर हमला किया, जिससे वाहन क्षतिग्रस्त हो गया। शनिवार सुबह जब वेद प्रताप अपने भाई के साथ जिम जाने के लिए मोटरसाइकिल पर निकले, तो रास्ते में घात लगाए बैठे आरोपियों ने उन्हें रोक लिया। बदमाशों ने पहले लाठी-डंडों से हमला किया और फिर गोली चला दी। गोली पैर में लगने से युवक घायल होकर गिर पड़ा। हमलावरों ने उसकी बाइक को भी तोड़फोड़ कर क्षतिग्रस्त कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही अस्थावां थानाध्यक्ष उत्तम कुमार पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। सदर डीएसपी नुरुल हक ने कहा कि जांच में यह स्पष्ट हुआ है कि कल शाम हुई कहासुनी और झगड़े के बाद आज सुबह यह घटना हुई। घटनास्थल से ईंट-पत्थर के निशान बरामद हुए हैं। पीड़ित के बयान के आधार पर नामजद आरोपितों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। पुलिस टीम द्वारा आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है।

# भगवान भोलेनाथ का केंद्र है देवकुंड धाम

## देव शिल्पी विश्वकर्मा भगवान ने किया था मंदिर का निर्माण
## औरंगाबाद के अलावा दूसरे जिले से भी दर्शन को ले पहुंचते हैं श्रद्धालु

**रंजन सिंह/नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** अरवल-औरंगाबाद जिले की सीमा पर अवस्थित बाबा नगरी देवकुंड धाम भगवान भोलेनाथ की आराधना का केंद्र है। इसकी शुमार महर्षि च्यवन मुनी की कर्म भूमि के रूप में भी है। बता दें कि मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम द्वारा स्थापित शिवछलग पर जलाभिषेक कर श्रद्धालु मनोवांछित फल प्राप्त करते हैं। वहीं सावन का महीना खासकर देवाधिदेव भगवान शंकर को समर्पित है। वहीं प्रसिद्ध च्यवन ऋषि की कर्म भूमि पर सहस्त्र धाराओं से युक्त तालाब से घिरे मंदिर परिसर को शोभायमान बनाता है।



देवकुंड की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए महंत कन्हैयानंद पुरी बताते हैं कि नीलम पत्थर से बने शिवछलग श्रद्धालुओं के लिए अधिक फलदायी माना जाता है। वहीं भगवान श्रीराम द्वारा स्थापित त्रेतायुगीय शिवछलग की गहराई नहीं मापी जा सकती है। बताते हैं कि वर्षो पूर्व मुंबई के जौहरी आकर शिवछलग की खुदाई की थी परंतु ज्यों ज्यों खुदाई होती गई शिवछलग चौड़ा होता गया। बताते है कि भगवान श्रीराम द्वारा स्थापित शिवछलग के बाद देवशिल्प विश्वकर्मा भगवान द्वारा बनाया गया भव्य मंदिर आज भी चमक दिखाई पड़ती है। बता दें कि बिहार से झारखंड के अलग होने के बाद शिवभक्त पटना गाय घाट से गंगा जल उठाकर पैदल यात्रा कर शिवछलग की पूजा अर्चना करते

# नीतीश सरकार के 20 वर्षों में बदली बिहार की तस्वीर : श्रवण कुमार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिहारशरीफ।** बेन प्रखंड में आयोजित एक कार्यक्रम में ग्रामीण विकास मंत्री सह क्षेत्रीय विधायक श्रवण कुमार ने शनिवार को करोड़ों की योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में पिछले 20 वर्षों में बिहार की तस्वीर बदली है। आज राज्य सुशासन और कानून के राज के लिए जाना जाता है। मंत्री ने कौआकोल पैमार नदी घाट पर सीढ़ी निर्माण (5 लाख), केन्दुआ बिगहा में पीसीसी ढलाई कार्य (9.12 लाख), करजारा में सड़क निर्माण (9.60 लाख), बारा में नाला निर्माण (7 लाख), कचरा प्रबंधन भवन (8.63 लाख), बाबा साहब भीमराव अंबेडकर पार्क (9.96 लाख), देवरिया में नाली और पीसीसी कार्य (9.30 लाख), गंगटी हाईस्कूल में खेल मैदान (9.80 लाख), धोवड़ी में सड़कों और घाटों के सौंदर्यीकरण समेत दर्जनों योजनाओं का उद्घाटन किया। कुल मिलाकर प्रखंड के विभिन्न गांवों में 1 करोड़ रुपये से अधिक की योजनाओं का लोकार्पण हुआ। इस मौके पर मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि बिहार में अब गांव और शहर में अंतर करना मुश्किल है। शिक्षा के क्षेत्र में ऐतिहासिक परिवर्तन हुआ है। इंजीनियरिंग कॉलेज और पॉलिटेक्निक संस्थानों में युवाओं को मात्र 10 रुपये वार्षिक शुल्क



पर उच्च शिक्षा उपलब्ध हो रही है। बेटियों की शिक्षा और करियर को लेकर सरकार ने करोड़ों रुपये खर्च किए हैं, जिससे वे आत्मनिर्भर बन रही हैं। उन्होंने कहा कि आज राज्य का हर युवा अपने सपनों को साकार करने के लिए शिक्षा ऋण ले सकता है और इसे आसान किस्तों में चुका सकता है। पुलिस व्यवस्था पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि 2005 में बिहार में मात्र 42 हजार पुलिसकर्मी थे, जो अब बढ़कर डेढ़ लाख से अधिक हो गए हैं। इससे राज्य में कानून व्यवस्था मजबूत हुई है और विकास को गति मिली है। मंत्री ने विपक्ष पर हमला बोलते हुए कहा कि चुनाव नजदीक आते ही वे भ्रम फैलाने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन जनता जानती है कि नीतीश सरकार ने न्याय के साथ विकास की नीति पर काम किया है। "कम बोलो, ज्यादा करो" के सिद्धांत पर काम करते हुए मुख्यमंत्री ने हर वर्ग के उत्थान के लिए योजनाएं चलाई हैं। कार्यक्रम में प्रखंड अध्यक्ष अरविंद पटेल, जदयू प्रवक्ता डॉ. धनंजय कुमार देव, प्रमुख रंजू देवी सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि और ग्रामीण मौजूद रहे।

## जहानाबाद में प्रशांत किशोर की बिहार बदलाव सभा आज

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** जन सुराज के सूत्रधार प्रशांत किशोर की बिहार बदलाव सभा जहानाबाद के गांधी मैदान में आज दोपहर 12 बजे आयोजित हो रही है। सभा की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा चुका है। स्थानीय गांधी मैदान में विशाल पंडाल बनाया गया है, जिसमें 30 हजार लोगों के बैठने की व्यवस्था की गई है। प्रशांत किशोर की सभा को सफल बनाने के लिए जहानाबाद जिले के तीनों विधान सभा क्षेत्र जहानाबाद, घोसी और मखदुमपुर के गांव-गांव में आमंत्रण पत्र बांटे गए हैं। इस आयोजन में लोगों को सभा स्थल तक लाने के लिए सैकड़ों गाड़ियों की व्यवस्था की गई है ताकि लोगों को सभा में आने-जाने में कोई परेशानी न हो। इस आशय की जानकारी देते हुए जन सुराज पार्टी के प्रदेश कोर कमेटी सदस्य डॉ. अभिराम शर्मा ने बताया कि प्रशांत जी का यह सभा ऐतिहासिक और बिहार के राजनीतिक परिवर्तन के लिए शंखनाद होगा।

# एक नजर

## 23 सितम्बर को पटना में सम्मानित होंगे दरावां पैक्स अध्यक्ष रजनीश

**कौआकोल।** मुख्यमंत्री आदर्श पैक्स प्रोत्साहन योजना के तहत चयनित कौआकोल प्रखण्ड के दरावां पैक्स के अध्यक्ष रजनीश कुमार को 23 सितम्बर को पटना में पुरस्कृत किया जाएगा। दशरथ मांझी श्रम एवं नियोजन संस्थान,समनपुरा,बीआइटी कैंपस पटना में आयोजित समारोह में उन्हें बिहार सरकार के सहकारिता मंत्री डॉ० प्रेम कुमार के द्वारा उन्हें सम्मानित किया जाएगा। बता दें कि मुख्यमंत्री आदर्श पैक्स प्रोत्साहन योजना के तहत बिहार राज्य में 100 पैक्सों का चयन आदर्श पैक्स के रूप में चयनित किया गया है। जिसमें नवादा जिला के नरहट प्रखण्ड के पुंथर,नवादा सदर के पौरा एवं कौआकोल प्रखण्ड के दरावां पैक्स का चयन किया गया है। इस सम्मान के तहत सभी चयनित पैक्सों को पांच लाख रुपये एवं प्रशस्ति पत्र दिए जाने है। कौआकोल बीसीओ अजित कुमार एवं कुंदन बर्णवाल ने प्रखण्ड के दरावां पैक्स का चयन होने पर पैक्स अध्यक्ष को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## असलम हुसैन ने ग्रहण किया मनरेगा पीओ का पदभार

**कौआकोल।** विभाग के निर्देश पर शनिवार को असलम हुसैन ने कौआकोल प्रखण्ड पहुंचकर मनरेगा कार्यालय में प्रखण्ड कार्यक्रम पदाधिकारी का पदभार ग्रहण किया। इसके पूर्व पदभार ग्रहण करने पहुंचे पीओ असलम हुसैन का कार्यालय कर्मियों ने फूल एवं गुलदस्ता देकर अभिनंदन किया। इस अवसर पर मनरेगा पीओ ने कहा कि सरकार की सबसे महत्वपूर्ण योजनाओं में शुमार मनरेगा योजना का अधिक से अधिक लाभ मजदूरों को पहुंचाने तथा इसका कार्य गांव-गांव तक पहुंचाने को लेकर वे सभी लोगों के सहयोग से मिलकर कार्य करेंगे। मौके पर पीटीए सूरज कुमार, प्रवीण कुमार, ब्रजेश राय, जेई सुनील रजक,रंजीत कुमार, कुंदन कुमार, प्रदीप कुमार, अरुण कुमार, सन्तोष कुमार,अंजनी कुमार,शिवशंकर कुमार आदि मौजूद थे।

## किसान मेला सह प्रदर्शनी का आयोजन

**कौआकोल (नवादा)।** ग्राम निर्माण मंडल सर्वोदय आश्रम द्वारा द्वारा 20 सितंबर 2025 को कौआकोल प्रखंड के महुडर पंचायत के कर्माटांड़ गांव में एक किसान मेला सह प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। ग्राम निर्माण मंडल के प्रधानमंत्री अरविंद कुमार ने बताया कि यह किसान मेला सह प्रदर्शनी का आयोजन डीकेए ऑस्ट्रिया की सहायता से चल रहे जैविक पद्धति से सब्जी खेती परियोजना के अंतर्गत किया गया है। यह परियोजना महुडर पंचायत और पहाड़पुर पंचायत के दस गांव दनिया, रानीगदर, झारनामा कर्माटांड़, भिखोमोह, रजवारिया, झिलार, कपासिया इत्यादि गांवों के 400 किसानों के बीच चलाया जा रहा है। आज इस मेला का प्रदर्शनी के लाभुक किसानों ने अपने-अपने उत्पादों की प्रदर्शनी लगाई हुए हैं और एक दूसरे के उत्पादों को देखकर उनके बारे में समझ कर अपना ज्ञान बढ़ा रहे हैं जिनका उत्पादन अच्छा हुआ है उन किसानों को विभिन्न कृषि औजारों से पुरस्कृत भी किया गया है परियोजना समन्वयक धीरेंद्र कुमार ने भी बताया कि 22 फरवरी 2025 में भी इसी तरह के मेले का आयोजन यहां किया गया था और उसी दिन से गांव कर्माटांड़ में साप्ताहिक हाट की नींव भी रखी गई थी जिसका लाभ ग्रामीणों को मिल रहा है। इस अवसर पर कृषि वैज्ञानिक अंगद कुमार ने जैविक पद्धति से सब्जी खेती का विस्तार से जानकारी दी और डॉ भारत भूषण शर्मा ने जैविक पद्धति से सब्जी खेती को अपनायें और स्वास्थ्य रहने का संदेश दिया। इस मेला सह प्रदर्शनी में डीके परियोजना क्षेत्र के 125 किसानों ने भाग लिया

## रक्तदान शिविर का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा/नबिटा ब्यूरो।** प्रधानमंत्री के जन्म दिवस 17 सितंबर से 02 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा को लेकर भाजपा युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष अजित शंकर के नेतृत्व में शनिवार को सदर अस्पताल, नवादा में रक्तदान शिविर का आयोजन किया। इस रक्तदान शिविर में भाजयुमो कार्यकर्ता अभिजीत कुमार, राहुल वर्मा, सोनू कुमार, इंटू कुमार. कुंदन राय, ने रक्तदान किया और समृद्ध समाज के निर्माण में अपना योगदान दिया। यह रक्तदान शिविर 02 अक्टूबर बापू के जयंती तक चलेगा। इस मौके पर उपस्थित नवादा के सांसद विवेक ठाकुर सिविल सर्जन विजय कुमार चौधरी ने रक्तदान करने वाले युवाओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया और रक्तदान करने के लिए बधाई भी दी।

## किसान गोष्ठी का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** रहुई प्रखंड के ई-किसान भवन में शनिवार को एक दिवसीय किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन प्रखंड उप प्रमुख राकेश रंजन एवं कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक डॉ. ज्योति सिन्हा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। गोष्ठी में प्रखंड क्षेत्र के चयनित करीब दो दर्जन किसानों ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान कृषि वैज्ञानिकों ने किसानों को उन्नत कृषि तकनीकों की जानकारी दी। जिनमे मौसम के अनुकूल खेती,फसल चक्र व मृदा स्वास्थ्य प्रबंधन,जैविक खेती का महत्व आदि विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। डॉ. ज्योति सिन्हा ने कहा कि बदलते जलवायु परिदृश्य में पारंपरिक खेती के साथ-साथ वैज्ञानिक पद्धतियों को अपनाना आवश्यक है। इससे न केवल उत्पादन बढ़ेगा, बल्कि किसानों की आय भी दोगुनी हो सकती है। उप प्रमुख राकेश रंजन ने किसानों से सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की। उन्होंने कहा कि सरकार की पहल तभी सफल होगी जब किसान जागरूक होकर उसका उपयोग करेंगे। उन्होंने विशेष रूप से बताया कि रहुई प्रखंड में संचालित स्व. इंद्रदेव चौधरी फार्मर प्रोड्यूसर लिमिटेड से अधिक से अधिक किसानों को जोड़ा जा रहा है। इससे किसानों को सस्ती दरों पर खाद, बीज, कीटनाशक और कृषि यंत्र जैसी सुविधाएं उपलब्ध होंगी।

**स्टील अथॉरिटी ऑफ इण्डिया लिमिटेड**
बोकारो इस्पात संयंत्र
बोकारो स्टील सिटी - 827001 झारखण्ड, इण्डिया

**बोकारो इस्पात नगर पूजा पंडालों और समितियों के ध्यानार्थ**

**सूचना/अपील**

**सभी पूजा पंडालों और समितियों को बिजली उपभोग हेतु विधिवत विद्युत कनेक्शन लेना आवश्यक है.**

**कनेक्शन प्रदान करने हेतु निम्नलिखित अहर्ताएं आवश्यक हैं:**

A) Land permit from BSL .
बीएसएल से जमीन की मंजूरी .
B) Permit from District Admin. for the occasion.
पूजा आयोजन के लिए जिला प्रशासन से मंजूरी.
c) Test Report (provided by Electrical Liecencee Supervisor (Jharkhand Govt.) With a copy of License Certificate

**उचित अनुमोदन के बाद मांग के अनुसार निम्नलिखित शर्तों पर विद्युत कनेक्शन प्रदान किए जाएंगे:**

1. पूजा समितियों को सुरक्षा के लिए पंडाल से दूर अलग बिजली वितरण बोर्ड और बैरिकेडिंग सुनिश्चित करनी होगी। ये बोर्ड के पास अग्निशामक यंत्र होने चाहिए।
2. पूजा समिति को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि पंडाल और उसके आसपास कोई तार या तार में जोड़ न हो।
3. पूजा समिति को मुख्य बिजली वितरण बोर्ड के पास चौबीसों घंटे कुशल इलेक्ट्रीशियन की तैनाती सुनिश्चित करनी होगी।
4. किसी भी परिस्थिति में बीएसएल एल.टी. नेटवर्क से एकाधिक कनेक्शन नहीं लिया जाना चाहिए।
5. सभी बिजली के तार मानवीय पहुँच में नहीं होने चाहिए।
6. पूजा समिति को विद्युत ड्यूटी पर तैनात व्यक्तियों के लिए स्थानीय सेक्टर मेंटेनेंस पोस्ट के साथ-साथ बीएसएल टीए नगर सेवा कार्यालय में उनके संपर्क नंबर के साथ संपर्क व्यक्ति की जानकारी देनी होगी।
7. सभी कनेक्शन भारतीय विद्युत नियम के मानकों के अनुसार किये जाने चाहिए।
8. पूजा समिति उन सभी प्रतिष्ठानों की सुरक्षा सुनिश्चित करेगी जिनकी बिजली आपूर्ति उनके द्वारा अस्थायी रूप से दी गई है
9. उपयोग की जाने वाली विद्युत केबल मानक गुणवत्ता और रेटिंग की होनी चाहिए।
10. निर्देशों के उल्लंघन के कारण होने वाली किसी भी चूक के लिए पूजा समिति पूरी तरह से जिम्मेदार होगी।

**यदि उचित मंजूरी नहीं ली गई या सुरक्षा का उल्लंघन हुआ तो पंडालों की बिजली काट दी जाएगी।**

आदेशानुसार
नगर प्रशासन विभाग

पंजीकृत कार्यालयः इस्पात भवन लोदी रोड, नई दिल्ली 110003

हर किसी की जिंदगी से जुड़ा हुआ है सेल

New page 4_page 12 29.05.2025.qxd 20-09-2025 21:16 Page 1



# बारिश के पानी से सड़कें हुई लबालब

- सड़कों से मुहल्लों तक हुआ जलभराव
- नगर निगम और बुडको की टीम सक्रिय



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** राजधानी में शुक्रवार और शनिवार के दोपहर में हुए मूसलधार वर्षा से शहर की अधिसंख्य सड़कों पर जलभराव हो गया। लगभग दो घंटे तक हुई जोरदार वर्षा से मुख्य सड़कों से लेकर मोहल्लों तक पानी भर गया, जिससे लोगों की आवाजाही बाधित हो गई।

गांधी मैदान, अशोक राजपथ, कदमकुआं, कंकड़बाग, पाटलिपुत्र कालोनी और राजेन्द्र नगर जैसे घनी आबादी वाले इलाकों में जगह-जगह सड़कें डूब गईं। कई जगहों पर नालों का पानी उफनकर सड़क पर आ गया। ऑटो और बाइक सवारों को घंटों जाम में फंसे रहना पड़ा। जलभराव के कारण कई वाहन बीच रास्ते में ही खराब हो गए। पाटलिपुत्र गोलंबर, बोरिंग रोड और कंकड़बाग जैसे व्यस्त इलाकों में कई जगहों पर पानी का स्तर घुटनों से ऊपर तक पहुंच गया, जिससे स्थानीय दुकानदारों को भी नुकसान उठाना पड़ा। कई दुकानों और मकानों के भीतर पानी घुस गया। वर्षा शुरू होते ही नगर निगम और बुडको की टीम जलनिकासी में जुट गई। संप हाउस से युद्धस्तर पर पानी निकाला जाने लगा। पटना नगर निगम का दावा है कि बारिश शुरू होने के बाद से पंपिंग स्टेशनों को सक्रिय कर पानी निकासी का कार्य तेजी से चल रहा है।

राजधानी में शुक्रवार को वर्षा के दौरान नगर निगम और बुडको की टीम सक्रिय हो गई। स्थाई और अस्थाई डीपीएस के अलावा अतिरिक्त पंपों से जलनिकासी कराई जा रही है। नगर आयुक्त अनिमेष कुमार पराशर ने बताया कि शहर के अधिसंख्य इलाकों से कम से कम समय में जलनिकासी कराई गई है। तेज बरसात के बीच भी पदाधिकारियों एवं क्यूआरटी ने शहर के विभिन्न इलाकों का भ्रमण कर जलनिकासी सुनिश्चित कराई। नगर निगम की टीम ने विधानसभा, राजेंद्र नगर, मीठापुर, पटना सिटी, सब्जीबाग, बारी पथ, करबिगहिया, द्वारिकापुरी, बाईपास, दीघा, खेतान मार्केट, गांधी मैदान, एयरपोर्ट, बोर्ड कालोनी सहित कई निचले इलाकों में कुछ घंटे में ही जलनिकासी में सफलता हासिल की है।

प्रदेश में दक्षिण पश्चिम मानसून का प्रभाव राजधानी सहित प्रदेश के अधिसंख्य भागों में देखने को मिला। शुक्रवार को राजधानी में काले बादल छाए रहने व मेघ गर्जन के साथ सुबह से लेकर शाम तक रुक-रुक कर होने वाली वर्षा से मौसम सामान्य बने होने के साथ लोगों को उमस भरी गर्मी से राहत मिली। शुक्रवार को राजधानी में भारी वर्षा की चेतावनी को लेकर रेड अलर्ट भी जारी किया गया था।

भारी वर्षा के कारण शहर के अधिसंख्य मोहल्लों में जलजमाव की स्थिति बनी रही। शुक्रवार को पटना में सीजन की सर्वाधिक वर्षा 40.6 मिमी वर्षा दर्ज की गई। मौसम विज्ञान केंद्र पटना के अनुसार हवा का चक्रवातीय परिसंचरण उत्तर-पश्चिम उत्तरप्रदेश और आसपास के क्षेत्रों में बना हुआ है। शनिवार को पटना सहित अधिसंख्य भागों में बादल छाए रहने के साथ कुछ स्थानों पर मेघ गर्जन के साथ हल्की वर्षा की संभावना है।

जबकि, छह जिलों सुपौल, अररिया, खगड़िया, बेगूसराय, लखीसराय एवं किशनगंज जिले में भारी वर्षा की चेतावनी है। पांच दिनों के दौरान तापमान में विशेष परिवर्तन की संभावना नहीं है। बीते 24 घंटों के दौरान प्रदेश के अलग-अलग भागों में वर्षा दर्ज की गई।

# विक्रमशिला एक्सप्रेस से कटकर तीन की मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** नालंदा जिले के वेना थाना क्षेत्र के टांडापर गांव के रहने वाले चार लोग लड़की छेंकने जा रहे थे, तभी भागलपुर से आनंद विहार जा रही विक्रमशीला एक्सप्रेस की चपेट में आ गए। इस दर्दनाक हादसे में तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें इलाज के लिए पीएमसीएच भेजा गया है।

मृतकों की पहचान स्वर्गीय रविंद्र मांझी के पुत्र जीतो मांझी (30 वर्ष), स्वर्गीय सौदागर मांझी के पुत्र रीतलाल मांझी (67 वर्ष) और जवाहर मांझी के पुत्र गोविंदा कुमार (21 वर्ष) के रूप में हुई है। घटना दानापुर मंडल के बाढ़-मोकामा रेल खंड में ममरखाबाद-मेकरा हाल्ट के पास हुई है। स्वर्गीय सौदागर मांझी के पुत्र जगलाल मांझी गंभीर रुप से जख्मी हो गए हैं।

27 लोग टांडापर गांव से जीप पर सवार होकर ममरखाबाद-मेकरा हाल्ट पहुंचे थे, जहां वे रेलवे पगडंडी से गोपकिता गांव जा रहे थे। इसी दौरान विक्रमशीला एक्सप्रेस आ गई और तीन लोगों की जान ले ली। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, सभी लोग आगे-पीछे चल रहे थे, तभी यह हादसा हुआ। हादसे में 23 लोग बाल-बाल बच गए। घटना के बाद लड़की छेंकने गोपकिता गांव जा रहे लोगों में भगदड़ मच गयी और सभी लोगों ने रेलवे पगडंडी से कूदकर अपनी-अपनी जान बचाई।

ट्रेन के हाल्ट से आगे बढ़ जाने के बाद सभी लोग पगडंडी पर आये और स्थानीय लोगों की मदद से पंडारक थाना को जानकारी दी गयी। सूचना पाकर पहुंची पंडारक पुलिस ने शव जब्त कर पंडारक अस्पताल भेज दिया। मौके पर रेल डीएसपी पूर्वी मुकुल परिमल पांडेय, मोकामा आरपीएफ पोस्ट प्रभारी रविंद्र कुमार यादव और पंडारक थानाध्यक्ष नवनीत राय भी अस्पताल पहुंचे और आवश्यक कार्यवाई कर सभी शवों को पोस्टमार्टम के लिए बाढ़ अस्पताल भेज दिया। घटना की प्राथमिकी पंडारक थाना में दर्ज की गयी है।

# राजगीर में होटल संचालक पर प्राथमिकी

## विदेशी पर्यटक से फॉर्म सी नहीं भरवाना बना कारण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

राजगीर । विदेशी पर्यटक को कमरा देने के बाद ऑनलाइन फॉर्म सी की प्रक्रिया पूरी नहीं करने पर, राजगीर पुलिस द्वारा होटल संचालक पर एफआइआर दर्ज किया है। एसआई एसके सिंह तथा एसआई पप्पू कुमार द्वारा रात्रि गश्त सह विभिन्न होटलों में रात्रि जांच पड़ताल कर रहे थे। इस दौरान होटल ग्लोरी ग्रैंड के आगंतुक पंजी में दर्ज दो विदेशी पर्यटक के ठहरे होने का पता चला। परंतु ऑनलाइन फॉर्म सी की प्रक्रिया नहीं की गई थी।

इस बाबत राजगीर थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर रमण कुमार ने बताया कि उक्त होटल के पास विदेशी नागरिक को ठहरने का वैध लाइसेंस भी प्राप्त नहीं है। बताया कि पिछले माह 28 अगस्त से 30 अगस्त तक बंग्लादेश के नागरिक असरफुल कबीर और 13 सितंबर को बांग्लादेश के ही ढाका निवासी मोहम्मद जसीम उदीन व फतीमा अख्तर को ठहराया गया था। इस मामले में होटल मालिक नूरसराय थाना क्षेत्र के कखडा गांव निवासी प्रदीप कुमार और होटल मैनेजर गया जिला के नीमचक बथानी थाना अंतर्गत सरेन गांव निवासी रंजीत कुमार पर उचित धारा के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। उन्होंने कहा कि मामले की गंभीरता को देखते हुए अब सख्ती से राजगीर के होटलों, धर्मशालाओं व सरायों में निरंतर जांच पड़ताल अभियान चलाया जाएगा। यहां याद दिला दें कि नालंदा जिले का ऐसा दूसरा मामला है। जिसमें दो माह पूर्व भी राजगीर के होटल गैलेक्सी इन पर भी इसी तरह के मामले में प्राथमिकी दर्ज की गई थी।

राजगीर डीएसपी सुनील कुमार सिंह ने बताया कि, राजगीर और नालंदा में विदेशी सैलानियों का आगमन बड़ी संख्या में होता है और यहां के विभिन्न होटलों में अपना पड़ाव डालते हैं। यहां ऐसे भी बिना लाईसेंस के अनेक होटल हैं।

# माई-बहिन मान योजना का फार्म जब्त

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

दरभंगा। हनुमाननगर प्रखंड के बीडीओ मनीष कुमार के नेतृत्व में विशनपुर थानाध्यक्ष अरविंद कुमार एवं सशस्त्र बल की संयुक्त टीम ने गुरुवार की सुबह करीब 11:30 बजे डीहलाही गांव के सुखो यादव के घर पर छापेमारी की।

छापेमारी के दौरान घर के बरामदे पर बड़ी संख्या में महिलाएं और कुछ पुरुष मौजूद थे। जांच में पता चला कि वहां लोगों से राजद की ओर से माई बहिन मान योजना एवं महिलाओं की समृद्धि, बिहार की उन्नति योजना के प्रपत्र भरवाए जा रहे थे। जबकि इस नाम से कोई भी सरकारी योजना संचालित नहीं है।

छापेमारी में पुलिस ने मौके से भारी मात्रा में दस्तावेज और प्रचार सामग्री जब्त की। जिनमें 122 भरे हुए प्रपत्र, 148 खाली प्रपत्र (तेजस्वी रोजगार योजना-हमारा प्रण, हर युवा को रोजगार) 174 खाली फॉर्म (माई बहिन मान योजना-महिलाओं की समृद्धि बिहार की उन्नति) और तेजस्वी यादव एवं लालटेन का प्रिंटेड फोटो की 79 प्रति के अतिरिक्त प्रचार पर्चा हर वादा पूरा करेंगे की 57 प्रति जब्त किया गया।

# ट्रक ने बाइक सवार तीन युवकों को कुचला

## दो की मौत, एक गंभीर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिक्रम।** पटना जिले के बिक्रम थानाक्षेत्र के दनारा मोड़ के पास तेज रफ्तार हाईवा ट्रक ने बाइक सवार तीन युवकों को कुचल दिया। इस घटना में दो की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीसरा युवक घायल बताया जा रहा है। घटना की सूचना मिलने पर स्थानीय पुलिस की टीम मौके पर पहुंची, जहां घायल को बिक्रम प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया; उसे बेहतर इलाज के लिए पटना एम्स रेफर किया गया है। घायल की पहचान दिनेश पाल के रूप में हुई है, जो वैशाली जिला का निवासी है। मृतकों की पहचान के लिए पुलिस की टीम लगी हुई है। जानकारी के अनुसार, तीनों युवक एक ही बाइक पर नौबतपुर की ओर जा रहे थे, तभी दनारा मोड़ के पास तेज रफ्तार हाईवा ट्रक ने बाइक में टक्कर मारी। इसके परिणामस्वरूप बाइक सवार तीनों युवक सड़क पर गिर गए और ट्रक कुचलते हुए फरार हो गया। इस घटना में दो युवकों की मौत हो गई, जबकि एक युवक घायल हो गया। हालांकि, ट्रक को ग्रामीणों ने जब्त कर लिया और पुलिस के हवाले कर दिया है, लेकिन ड्राइवर मौके से फरार हो गया है। घायल दिनेश पाल के ससुर, शिव भगत ने बताया कि मेरा दामाद ससुराल आया हुआ था और अपने साथियों के साथ कहीं जा रहा था। सूचना मिली कि दनारा मोड़ के पास ट्रक ने टक्कर मारी दी। सूचना मिलने के बाद हम सभी लोग अस्पताल पहुंचे, जहां इलाज के लिए उसे पटना रेफर किया गया है। फिलहाल, साथियों की पहचान नहीं हो पाई है। घटना से गुस्साए लोगों ने सड़क को जाम कर दिया है और मुआवजे की मांग कर रहे हैं। घटना की जानकारी मिलने के बाद पालीगंज के डीएसपी-2, पंकज कुमार शर्मा, मौके पर पहुंचकर लोगों को समझाने में जुटे हुए हैं।

# 42 दिनों बाद सैलानियों के लिए फिर खोला गया ककोलत



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नवादा।** बिहार का कश्मीर कहा जाने वाला ककोलत शीतल जलप्रपात का द्वार 42 दिनों के बाद एक बार फिर से शनिवार को सैलानियों के लिए खोल दिया गया। बीते 8 अगस्त को क्षेत्र में हुई अतिवृष्टि और झरना के जल प्रवाह में तेज प्रवाह के बाद सुरक्षा कारणों से ककोलत को बंद कर दिया गया था। इसके बाद यहां निरंतर जीर्णोद्धार कार्य हो रहा था।

ककोलत के खुलने के पहले दिन बहुत ही कम संख्या में सैलानी वहां पहुंचे, जबकि सामान्य दिनों में वहां सैंकड़ों से हजारों तक भीड़ जुटती है। मई-जून के महीने में जब गर्मी प्रचंड रहती है, तो एक दिन में 12 से 15 हजार तक लोग वहां पहुंचते हैं।

जानकारी के अनुसार, लंबे अंतराल तक बंद रहने के बाद खुलने के पहले दिन काफी सैलानी ककोलत में आनंद उठाने पहुंचे। जिला वन प्रमंडल पदाधिकारी कृष्ण कुमार श्रेष्ठ ने बताया कि सैलानियों की सुविधा के लिए जो नुकसान हुआ था उसकी मरम्मत करा दी गई है। बताया गया कि अभी फिलहाल यहां जो भी सैलानी पहुंचेंगे वह सीढ़ी के पास नीचे में जो कुंड बना है उसमें स्नान कर पाएंगे। ऊपर ककोलत झरना तक घूमने के लिए जा सकेंगे, लेकिन मुख्य झरना, कुंड में स्नान करने पर रोक रहेगी।

जलप्रवाह तेज होने से बड़े-बड़े पत्थर व गाद गिरने से प्राकृतिक कुंड व इसके आसपास नुकसान हुआ था। बीते अगस्त में अधिक वर्षा से ककोलत में जल प्रवाह बढ़ जाने से ऊपर पहाड़ की चोटी से पानी के साथ बड़े-बड़े पत्थर व गाद नीचे गिरे थे। इससे वहां प्राकृतिक कुंड को नुकसान हुआ था।

सबसे ज्यादा नुकसान झरना कुंड का हुआ था, जहां ढलाई टूट कर छड़ निकल आया था। सेल्फी प्वाइंट के पास और सीढ़ियों को भी नुकसान हुआ था। ककोलत परिसर की सड़क भी जगह-जगह टूट गई थी। इन

# दुर्गा पूजा को लेकर थाने में शांति समिति की बैठक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शिवाजीनगर।** प्रखंड के थाना परिषद भवन में आगामी दुर्गा पूजा को शांति एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता थाना अध्यक्ष रविंद्र कुमार एवं अंचलाधिकारी बिना भारती ने संयुक्त रूप से की। बैठक में प्रखंड के सभी पंचायतों से आए जनप्रतिनिधि, मुखिया, सरपंच, पंचायत समिति सदस्य, वार्ड सदस्य एवं समाजसेवी बड़ी संख्या में मौजूद रहे। अधिकारियों ने उपस्थित लोगों से आपसी भाईचारा और सहयोग बनाए रखने की अपील की।

थाना अध्यक्ष रविंद्र कुमार ने कहा कि दुर्गा पूजा हमारे क्षेत्र की आस्था और परंपरा से जुड़ा महापर्व है। इसे सौहार्द और शांति के साथ मनाना हम सबकी जिम्मेदारी है। उन्होंने समिति सदस्यों से आग्रह किया कि पूजा के दौरान बिजली, साफ-सफाई, जलापूर्ति, मूर्ति विसर्जन स्थल आदि की व्यवस्थाओं पर विशेष ध्यान दिया जाए। साथ ही किसी भी प्रकार की अफवाह या असामाजिक गतिविधियों पर तुरंत पुलिस प्रशासन को सूचना देने की अपील की। अंचलाधिकारी ने कहा कि प्रशासन की ओर से हर संभव सहयोग दिया जाएगा। उन्होंने पूजा समिति के सदस्यों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि ध्वनि विस्तारक यंत्र का उपयोग निर्धारित समय तक ही



किया जाए और मूर्ति विसर्जन के लिए निर्धारित मार्ग का ही पालन किया जाए।

बैठक में उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने भी अपनी-अपनी राय दी और प्रशासन से साफ-सफाई, पेयजल, बिजली व्यवस्था एवं विधि-व्यवस्था को लेकर आवश्यक कदम उठाने की मांग की। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि सभी पूजा पंडालों में सीसीटीवी कैमरे और पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था की जाएगी। वहीं, सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस बल की तैनाती भी की जाएगी। मौके पर थानाध्यक्ष रबिंद्र कुमार, अंचलाधिकारी वीणा भारती, मुखिया राम चंद्र सिंह, पूर्व मुखिया अशोक कुमार सिंह, संतोष सिंह, बीरेंद्र कुमार बिरजू, नीरज चौधरी, डॉ रामा कांत सिंह, नटवर राय, बाबू प्रसाद सिंह, राजेश सिंह, राम पुकार मंडल, अपर थानाध्यक्ष प्रवीण कुमार, श्रवण पासवान, प्रदीप कुमार, सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# दो तस्कर गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**जहानाबाद।** अरवल जिले में एसटीएफ और स्थानीय पुलिस की संयुक्त छापेमारी में दो हथियार तस्करों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार तस्करों की पहचान टुनटुन शर्मा और रवि रंजन के रूप में हुई है, जो क्रमशः मानिकपुर थाना क्षेत्र के बिथरा गांव और औरंगाबाद जिले के पौथू थाना क्षेत्र के लट्ठा गांव के निवासी हैं। गिरफ्तारी की जानकारीमानिकपुर थाना अध्यक्ष अविनाश कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर कुर्था थाना के सर्किल इंस्पेक्टर अजय कुमार सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने बिथरा गांव में छापेमारी की। टुनटुन शर्मा को मौके से गिरफ्तार किया गया, जिसके बाद उसकी निशानदेही पर रवि रंजन को मंझियावा मोड़ के पास से पकड़ा गया। दोनों का आपराधिक इतिहास रहा है।

कार्रवाई का उद्देश्य पुलिस को सूचना मिली थी कि मंझियावां मोड़ के पास हथियार तस्करी का सौदा होने वाला है, जिसके बाद यह संयुक्त कार्रवाई की गई। यह सफलता एसटीएफ और अरवल पुलिस की सतर्कता और समन्वय का परिणाम है। यह कार्रवाई बिहार में हथियार तस्करी के खिलाफ पुलिस की सक्रियता को दर्शाती है।

# डिजिटल प्रचार के लिए टीमें हायर कर रहे 'नेता जी'

## सोशल मीडिया के मैदान में लड़ी जा रही चुनावी जंग

***नवबिहार टाइम्स संवाददाता***

***बांका।*** *विधानसभा चुनाव जैसे-जैसे नजदीक आ रहा है, चुनावी रणनीतियों में भी तेजी से बदलाव दिखाई दे रहा है। अब उम्मीदवार केवल गली-मोहल्लों या जनसभाओं तक सीमित नहीं हैं, बल्कि इंटरनेट मीडिया का सहारा लेकर हर दिन अपनी उपस्थिति दर्ज करा रहे हैं।*

*फेसबुक, इंस्टाग्राम, एक्स (ट्विटर) और वॉट्सऐप जैसे प्लेटफार्म पर बधाई संदेशों, शुभकामनाओं और एक्टिविटीज की बाढ़ सी आ गई है। हर विधानसभा क्षेत्र में पांच से सात तक संभावित उम्मीदवार डिजिटल चेहरा गढ़ने में जुटे हुए हैं।*

*लोकप्रियता अब पोस्ट, रील और फालोअर्स की संख्या से आंकी जाने लगी है। नतीजतन परंपरागत कार्यकर्ताओं पर निर्भरता कुछ हद तक कम हुई है और आईटी सेल व डिजिटल मैनेजरों की अहमियत बढ़ गई है।*

*चर्चा है कि इसमें मंत्री से लेकर स्थानीय नेताओं तक ने डिजिटल प्रचार के लिए प्रोफेशनल टीमों को हायर किया है। इससे इनके लाखों रुपये खर्च हो रहे हैं। हालांकि, नेताओं का कहना है कि कार्यकर्ताओं का स्थान उनके दिल में हमेशा रहेगा।*

*बांका विधानसभा से पूर्व मंत्री सह विधायक रामनारायण मंडल का आईटी सेल का काम उनके कार्यकर्ता ही संभाल रहे हैं। जबकि भाजपा के व्यवसायिक प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष अनुपम गर्ग ने हरियाणा की छह सदस्यीय टीम को हायर किया है।*

*भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य कौशल सिंह ने पटना से आईटी सेल उतारा है, जिस पर आठ लाख से अधिक खर्च हो रहा है। निर्दलीय उम्मीदवार जवाहर झा के लिए दिल्ली की टीम पिछले एक साल से सक्रिय है। वहीं, धर्मरक्षक मनीष कुमार की भी अलग टीम मैदान में है।*

*अमरपुर के विधायक व भवन निर्माण मंत्री जयंत राज कुशवाहा की टीम उनके विकास कार्यों को प्रचारित कर रही है। कांग्रेस के पूर्व उम्मीदवार व सहकारिता बैंक के चेयरमैन जितेंद्र सिंह ने यूपी और लोकल टीम लगाई है, जो बूथ स्तर तक सूची तैयार कर चुकी है। राजद नेता सह शिक्षाविद संजय सिंह चौहान के लिए भागलपुर की टीम काम कर रही है। धोरैया से जदयू के पूर्व विधायक मनीष कुमार लोकल टीम पर निर्भर हैं, जबकि राजद विधायक भूदेव चौधरी ने कहा कि उनके पास केवल एक फोटोग्राफर है।*

*बेलहर के जदयू विधायक मनोज यादव भी सीमित डिजिटल संसाधनों का इस्तेमाल कर रहे हैं। कटोरिया से भाजपा विधायक डॉ. निक्की हेंब्रम ने फिलहाल टीम हटा दी है, जबकि रेखा हेंब्रम तीन अलग-अलग टीमों दिल्ली, पटना और यूपी के सहारे प्रचार कर रही हैं।*

*इस संबंध में बांका के विपिन सिंह ने कहा कि पहले नेता लोग घर-घर आते थे, अब मोबाइल पर दिखते हैं। देखने में अच्छा लगता है, पर असली काम वोट देने के बाद ही याद आता है। कुल मिलाकर, इस बार चुनावी नैया परंपरागत कार्यकताओं से अधिक डिजिटल हथियारों पर तैरती नजर आ रही है।*

*लाखों रुपये खर्च कर उम्मीदवार दीवारों के पोस्टर से लेकर फेसबुक लाइव और इंस्टाग्राम रील तक हर मंच पर अपनी दावेदारी पेश कर रहे हैं। अब देखना यह है कि जनता किसके लाइक और शेयर को वोट में तब्दील करती है।*

# हाथी पर सवार होकर आएंगी मातारानी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बक्सर।** सनातन धर्म में शारदीय नवरात्र का विशेष महत्व है, दुर्गा सप्तशती में ही भगवती ने कहा है की जो शरद काल की नवरात्र में मेरी पूजा आराधना और मेरे चरित्र का पूरा पाठ करता अथवा सुनता है, उसे मैं सभी बाधाओं से मुक्त कर धन-धान्य आदि से संपन्न करती हूं।

इसमें मां दुर्गा के नौ स्वरूपों की विभिन्न तिथियों में पूजा व उपासना की जाएगी, जो 22 सितंबर से आरंभ होकर नवमी की 01 तारीख को दोपहर 2:35 से पहले हवन पूजन के साथ संपन्न होगी।

इस बार चतुर्थी तिथि दो दिन रह रही है। सो भक्त कुष्मांडा देवी के दो दिन दर्शन करेंगे। जानकारी देते हुए कर्मकांडी आचार्य अमरेंद्र कुमार मिश्र उर्फ साहेब पंडित ने बताया कि सप्तमी तिथि 29 तारीख को है। महाअष्टमी व्रत 30 को और इसी दिन दोपहर 1:45 बजे नवमी तिथि आ जा रही है।

जो अगले दिन 01 अक्टूबर (बुधवार) को दिन में 2:35 मिनट तक रह रही है, सो महानवमी हवन-पूजन का कार्य बुधवार को दिन में 2:35 बजे से पहले ही कर लेना उचित रहेगा। कलश विसर्जन गुरुवार को होगा। पंडाल पूजा के आयोजक मूर्ति प्रवाह अपनी सुविधानुसार करेंगे।

नवरात्र में कलश स्थापना का विशेष महत्व है। आचार्य ने बताया कि 22 तारीख दिन सोमवार को कलश की स्थापना दिन में किसी भी समय की जा सकती है। लेकिन कलश स्थापना सुबह अथवा अभिजित मुहूर्त में करना अधिक सही होगा।

पंडित अमरेंद्र कुमार शास्त्री ने बताया कि देवी भागवत पुराण में मां भगवती के दिन के अनुसार आवागमन का फलादेश बताया गया है। उसके अनुसार सोमवार की प्रतिपदा तिथि में मातारानी का आगमन इस बार हाथी पर हो रहा है, जो सुख-समृद्धि व सुवृष्टि का सूचक है।

वहीं, दशमी तिथि में गुरुवार को मातारानी मनुष्य पर सवार हो प्रस्थान करेंगी, जो सुख-समृद्धि एवं शांति का प्रतीक है।

# एएनएम ने सीएस कार्यालय के समक्ष दिया धरना

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरपुर।** शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र से जुड़ी एएनएम को सदर या पीएचसी में कार्यरत एएनएम की तरह वेतन नहीं मिल रहा। इसको लेकर नाराज एएनएम ने सिविल सर्जन कार्यालय के पास धरना देकर विरोध जताया और जमकर नारेबाजी की।

एएनएम बबीता और अर्चना ने बताया कि शहरी क्षेत्र में टीकाकरण को गति देने के लिए 2022 में एएनएम की बहाली हुई थी। उस समय जो मानदेय तय किया गया था, अब भी वही मिल रहा है। स्थिति यह है कि 26 एएनएम की जगह केवल 13 एएनएम काम कर रही हैं और उन पर सभी काम की जवाबदेही डाली गई है।

चेतावनी दी कि अगर उनकी मांगें पूरी नहीं हुईं तो राज्यव्यापी आंदोलन के तहत काम का बहिष्कार किया जाएगा। मालूम हो कि इस कैडर में राज्य स्तर पर कुल 865 संविदाकर्मी एएनएम कार्यरत हैं।

मानदेय का पुनरीक्षण, वार्षिक वेतन वृद्धि लागू करना, नियमित नियुक्ति होने तक 26 हजार रुपये मासिक




वेतनमान देना, गृह जिला में स्थानांतरण की सुविधा, ईपीएफ और ईएसआई की सुविधा, लंबित भुगतान का अविलंब निष्पादन, मोबाइल डाटा सुविधा, प्रत्येक केंद्र पर दो एएनएम की नियुक्ति की मांग की है।

मुजफ्फरपुरः महाविद्यालय दैनिक वेतन भोगी-संविदा कर्मचारी संघ ने शुक्रवार को बीआरए बिहार विश्वविद्यालय के कुलपति और रजिस्ट्रार को अपनी विभिन्न मांगों का ज्ञापन सौंपा। संघ के सचिव अमूल्य कुमार ने कहा कि महाविद्यालय में कार्यरत दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों के प्रति विश्वविद्यालय प्रशासन उदासीन और नकारात्मक रवैया अपना रहा है।

दूसरी ओर संविदा कर्मी वर्षों से महाविद्यालयों में निष्ठापूर्वक कार्य कर रहे हैं। उनसे नियमित कर्मचारियों की तरह सेवा भी ली जाती है। ऐसे में उन्हें समान कार्य के बदले समान वेतन दिया जाए।

उन्होंने कहा कि महाविद्यालय में स्वीकृत रिक्त पदों के विरुद्ध पिछले 8 से 10 वर्षों से भी अधिक समय से कार्य कर रहे कर्मचारियों को अविलंब नियमित किया जाए। नियमित करने के उपरांत ही राज्य सरकार में रिक्ति भेजी जाए। विश्वविद्यालय में कार्यरत दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों की तरह ही महाविद्यालय में कार्यरत कर्मचारियों का भी ईपीएफ कटौती की जाए।

संघ के अध्यक्ष राहुल कुमार ने कहा कि महाविद्यालय में कार्य कर रहे कर्मचारियों का भुगतान रोकेने वाले प्राचार्यों को अविलंब भुगतान का निर्देश दिया जाए।

# पांच दिनों से बिजली गुल, लोगों का फूटा गुस्सा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दलसिंहसराय।** प्रखंड क्षेत्र के बसढ़िया पंचायत के महनईया वार्ड-15 में पिछले पांच दिनों से बिजली आपूर्ति बाधित रहने से आक्रोशित ग्रामीणों ने शनिवार को दलसिंहसराय-समस्तीपुर वाया कोनेला सड़क को जाम कर दिया। ग्रामीणों ने सड़क पर बांस-बल्ला लगाकर रास्ता अवरुद्ध कर दिया और बिजली विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। आक्रोशित युवाओं ने टायर जलाकर विरोध दर्ज कराया।

लगातार पांच दिनों तक बिजली गुल रहने की समस्या से परेशान ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि महनईया वार्ड-15 के तीन बिजली ट्रांसफार्मर जल चुके हैं। इससे 100 से अधिक उपभोक्ता पूरी तरह अंधेरे में जीने को विवश हैं।

ग्रामीणों ने बताया कि कई बार बिजली विभाग के अधिकारियों, मुखिया, सरपंच, बीडीओ तथा एसडीओ तक को समस्या बताई गई, लेकिन किसी ने समाधान नहीं किया। थक-हारकर ही आज उन्होंने सड़क पर उतर कर जाम करने का निर्णय लिया।

इस अचानक जाम से राहगीरों और आम वाहन चालकों को बड़ी परेशानी का सामना करना पड़ा। स्कूल-कॉलेज जाने वाले छात्र-छात्राओं को भी काफी मशक्कत करनी पड़ी। छोटे वाहन तो अन्य मार्गों से निकल गए, लेकिन बड़े वाहन सड़क पर ही खड़े रह गए। ड्राइवर सड़क किनारे गाड़ी में ही आराम करते दिखे।

ग्रामीणों ने बताया कि बिजली आपूर्ति ठप होने से केवल अंधेरे में ही जिंदगी नहीं गुजर रही, बल्कि पानी की भी गंभीर किल्लत हो गई है। लोग मजबूर होकर महंगे दर पर पानी खरीदकर पीने को विवश हैं। घरों में रातभर अंधेरे से दुर्घटना का भय बना रहता है। प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी कि जब तक जले हुए ट्रांसफार्मर बदले नहीं जाते, तब तक उनका आंदोलन जारी रहेगा।

CMYK

### मुख्यमंत्री ने विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग की विभिन्न योजनाओं का किया उद्घाटन

# वर्चुअल रियलिटी थियेटर से विज्ञान के साथ मिलेगी कई जानकारियां : नीतीश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज तारामंडल में आयोजित कार्यक्रम में विज्ञान प्रदर्शनी बस को हरी झंडी दिखाकर राज्य में भ्रमणशील विज्ञान प्रदर्श बस सेवा का शुभारंभ किया। यह बस बिहार के सभी क्षेत्रों में जाकर छात्र-छात्राओं को विज्ञान के बारे में जानकारी उपलब्ध करायेगी। इसके पश्चात मुख्यमंत्री ने विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग की विभिन्न योजनाओं का रिमोट के माध्यम से शिलापट्ट अनावरण कर उद्घाटन किया। इसके तहत तारामंडल, पटना में एस्ट्रा पार्क के निर्माण कार्य का शुभारंभ एवं स्मारिका बिक्री केंद्र का उद्घाटन किया गया। साथ ही बिहार काउंसिल ऑन साइंस एंड टेक्नोलॉजी एवं बिहार अभियंत्रण विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में सिविल इंजीनियरिंग विभाग के अंतर्गत एमटेक पाठ्यक्रम का बिहार रिमोट सेंसिंग एप्लीकेशन सेंटर में शुभारंभ किया गया। आज के कार्यक्रम में तारामंडल में टेलीस्कोप सहित ऑब्जर्वेटरी डोम के निर्माण हेतु बिहार काउंसिल ऑन साइंस एंड टेक्नोलॉजी तथा राष्ट्रीय विज्ञान संग्रहालय परिसर के बीच समझौता ज्ञापन संपन्न हुआ। साथ ही तारामंडल में इंटर्नशिप पोर्टल का शुभारंभ किया गया। इसके पश्चात मुख्यमंत्री ने शिलापट्ट अनावरण कर वर्चुअल रियलिटी थियेटर का उद्घाटन किया। तारामंडल के मुख्य भवन में 5.6 करोड़ रूपये की लागत से वर्चुअल रियलिटी थियेटर की स्थापना की गयी है। मुख्यमंत्री ने वर्चुअल रियलिटी थियेटर के संबंध में विस्तृत जानकारी ली और वहां बैठकर इसका अवलोकन किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि यह थियेटर अच्छा बना है। यहां आनेवाले विद्यार्थियों एवं लोगों को विज्ञान के साथ-साथ अन्य नयी जानकारियों का अनुभव होगा। मुख्यमंत्री ने बिहार अभियंत्रण विश्वविद्यालय के इंजीनियरिंग पास आउट छात्र-छात्राओं को डिग्री प्रदान किया। मुख्यमंत्री ने समग्र रूप से विश्वविद्यालय में सर्वोच्च स्थान प्राप्त करनेवाले छात्र सुमन कुमार (मैकनिकल इंजीनियर, मोतिहारी कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग) को 50 हजार एक रुपये का चेक, स्वर्ण पदक, लैपटॉप, प्रशस्ति पत्र एवं बीटेक की उपाधि से सम्मानित किया। साथ ही सिविल इंजीनियरिंग में प्रथम स्थान प्राप्त करनेवाली छात्रा वैष्णवी प्रिया, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में प्रथम स्थान प्राप्त करनेवाली छात्रा सलोनी कुमारी, इलेक्ट्रॉनिक्स कम्युनिकेशन एंड इंजीनियरिंग में प्रथम स्थान प्राप्त करनेवाले रितिक राज, कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग में प्रथम स्थान प्राप्त करनेवाले प्रमित कुमार एवं इंफोर्मेशन टेक्नोलॉजी में प्रथम स्थान प्राप्त करनेवाली रानी कुमारी को लैपटॉप, स्वर्ण पदक, प्रशस्ति पत्र एवं बीटेक की उपाधि से सम्मानित किया।

# बीडी कॉलेज, पटना में सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का सफल आयोजन

### सड़क सुरक्षा को लेकर जागरुक होना जरूरी : डॉ रत्ना अमृत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** बीडी कॉलेज, पटना में आज प्राचार्या प्रो. (डॉ.) रत्ना अमृत के दूरदर्शी मार्गदर्शन में सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम एनएसएस बी डी कॉलेज पटना, जिला परिवहन कार्यालय, पटना एवं मिशन रोड सेफ्टी के संयुक्त तत्वावधान में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का संचालन नीतू तिवारी ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन और स्वागत उद्बोधन से हुआ जिसके पश्चात अतिथियों ने सड़क सुरक्षा से संबंधित अपने विचार प्रस्तुत किए। मुख्य वक्ता के रूप में मिशन रोड सेफ्टी के विशेषज्ञ अमित कुमार ने छात्रों को सुरक्षित ड्राइविंग और यातायात अनुशासन के महत्व पर जागरूक किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में उपेंद्र पाल (डीटीओ, पटना), पिंकू कुमार (एडीटीओ, पटना) एवं अनिल कुमार (डीएसपी ट्रैफिक, पटना) ने सड़क सुरक्षा नियमों के पालन को जीवन रक्षा का संकल्प बताया और युवाओं को जिम्मेदार नागरिक बनने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर प्राचार्या प्रो. (डॉ.) रत्ना अमृत ने कहा सड़क सुरक्षा केवल नियमों के अनुपालन का विषय नहीं है, बल्कि यह जीवन के मूल्यांकन और सामाजिक उत्तरदायित्व की पहचान है। बीडी कॉलेज अपने विद्यार्थियों को जागरूक एवं उत्तरदायी नागरिक बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। कार्यक्रम में एनएसएस एवं एनसीसी इकाईयों की सक्रिय भागीदारी रही। इस कार्यक्रम में उपस्थित सभी विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने सड़क सुरक्षा संबंधी शपथ भी लिया। कार्यक्रम का समापन डॉ विशाल विजय के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। बीडी कॉलेज परिवार ने परिवहन विभाग, मिशन रोड सेफ्टी टीम, प्रवर्तन अधिकारियों, संकाय सदस्यों एवं विद्यार्थियों के प्रति आभार व्यक्त किया जिनके सहयोग से यह आयोजन अत्यंत सफल और प्रभावशाली रहा।

## रिश्वत के जुर्म में बी इ ओ समेत दो को सजा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार की राजधानी पटना स्थित एक विशेष अदालत ने रिश्वत लेने के जुर्म में प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी समेत दो लोकसेवकों को एक -एक वर्ष के सश्रम कारावास की सजा के साथ बीस--बीस हजार रुपए का जुर्माना भी किया। नगरानी के विशेष न्यायाधीश मोहम्मद रुस्तम ने मामले में सुनवाई के बाद नालंदा जिले के हिलसा प्रखंड के शिक्षा पदाधिकारी हरिश्चंद्र चौधरी और इसी कार्यालय के लेखापाल ललन मंडल को भ्रष्टाचार निरोधक अधिनियम की विभिन्न धाराओं में दोषी करार देने के बाद यह सजा सुनाई है।

## अमृत भारत ट्रेन विषय पर निबंध एवं पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**दानापुर।** पूर्व मध्य रेल, दानापुर मंडल के पूर्व मध्य रेलवे उच्च माध्यमिक विद्यालय, दानापुर में वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी अतुल कुमार के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों के बीच अमृत भारत ट्रेन विषय पर निबंध एवं पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। दानापुर मंडल ट्रेनों के परिचालन के साथ-साथ अपने सामाजिक जिम्मेदारी को निभाते हुए विभिन्न क्षेत्रों में अपना योगदान देता रहता है। इसी कड़ी में स्कूल के विद्यार्थियों के बीच अमृत भारत ट्रेन को लेकर उनकी उत्सुकता को देखते हुए पूर्व मध्य रेलवे उच्च माध्यमिक स्कूल दानापुर में निबंध एवं पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस प्रतियोगिता में सब ने एक से एक पेंटिंग बनाई एवं निबंध लिखकर अपनी योग्यता प्रदर्शित की। निबंध प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार क्रमशः हर्ष राज, आकाश कुमार एवं स्नेहा कुमारी को तथा पेंटिंग कम्पीटिशन में प्रथम, द्वितीय, तृतीय पुरस्कार क्रमशः सुशांत कुमार, गौरव कुमार एवं सोहम राज को मिला।
प्रतियोगिता का आयोजन स्कूल के प्रिंसिपल ज्ञानेश्वर की निगरानी में एवं कल्याण निरीक्षक अशोक कुमार की उपस्थिति में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

# श्रमिकों के जीवन में बदलाव लाने का लें संकल्प

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** समाज के सबसे नीचले पायदान पर जिंदगी गुजार रहे आम लोगों की चिंता करना जरूरी है। चिंतन इस बात की होनी चाहिए कि उनका समग्र विकास कैसे हो? समाज के नीचले पायदान पर खड़े लोगों का समग्र विकास देश के उत्थान के लिए आवश्यक है। उपर्युक्त बातें भारतीय मजदूर संघ के अखिल भारतीय संगठन मंत्री बी. सुरेन्द्रन ने शनिवार को कही। स्थानीय जीपीओ सभागार में आयोजित भारतीय मजदूर संघ की दो दिवसीय कार्यसमिति की बैठक का उद्घाटन करते हुए संगठन मंत्री बी सुरेन्द्रन ने कहा कि श्रमिकों के जीवन में बदलाव लाने के लिए भारतीय मजदूर संघ के एक-एक कार्यकर्ता को लगना होगा। श्री सुरेन्द्रन ने कहा कि भारत सरकार ने 44 श्रम कानूनों को मिलाकर चार लेबर कोड बनाया है। दो लेबर कोड का भारतीय मजदूर संघ स्वागत करता है और सरकार से अनुरोध करता है कि वेज बोर्ड और सामाजिक सुरक्षा कानून का शत-प्रतिशत अनुपालन हो। इसके पूर्व भारत माता, भगवान विश्वकर्मा और राष्ट्र ऋषि दत्तोपन्त ठेंगड़ी की तस्वीर पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर बैठक का उद्घाटन किया गया। प्रदेश कार्यसमिति बैठक की अध्यक्षता प्रांतीय अध्यक्ष राजेश कुमार लाल ने की जबकि संचालन प्रांतीय महामंत्री संजय कुमार सिन्हा ने किया। इस अवसर पर भारतीय मजदूर संघ के क्षेत्रीय संगठन मंत्री धर्मदास शुक्ला, अखिल भारतीय कंस्ट्रक्शन मजदूर महासंघ के संगठन मंत्री मुरारी प्रसाद, संयुक्त महामंत्री मनीष कुमार, वित्त सचिव मुकेश कुमार सिन्हा, प्रांतीय उपाध्यक्ष राम बाबू सिंह, उमा कुमारी व प्रमोद राम, प्रांतीय मंत्री शम्भू चौबे, सिम्पी कुमारी व राजेश कुमार, कार्यालय मंत्री अनंत कुमार शांडिल्य, शकील अहमद, चितरंजन पांडेय, राकेश भारती, सुनील कुमार सहित विभिन्न जिलों के श्रमिक प्रतिनिधियों में हिस्सा लिया।

# चकाचक पटना के लिए कवियों ने चलाया जागरूकता अभियान

### पटना नगर निगम की ब्रांड एंबेसडर नीतू नवगीत ने लोकगीतों के माध्यम से जगाई चेतना

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** स्वच्छ और सुंदर पटना की परिकल्पना को साकार करने के लिए पटना नगर निगम लगातार जन-जागरण अभियान चला रहा है। इसी कड़ी में शनिवार को मौर्य लोक स्थित विवेकानंद पार्क में स्वच्छता टॉक एवं जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत शहर के नामचीन कवियों और साहित्यकारों द्वारा दीप प्रज्वलन से हुई। कार्यक्रम में सभी कवियों ने स्वच्छता के महत्व को रेखांकित करते हुए अपनी कविताओं और रचनाओं के माध्यम से लोगों को जागरूक किया। प्रख्यात कवि एवं साहित्यकार डॉ. विजय गुंजन ने स्वच्छता पर केंद्रित कई प्रभावशाली कविताएं सुनाकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। वहीं युवा कवि अमृतांशु बाबू ने जोशीले अंदाज में लोगों से अपील की कि वे आगे बढ़कर पटना को स्वच्छ रखने में सहयोग करें। कार्यक्रम का आकर्षण रही पटना नगर निगम की स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर और कवियत्री डॉ. नीतू कुमारी नवगीत। उन्होंने बिहार की पारंपरिक लोकधुनों और गीतों के जरिए स्वच्छता का संदेश देते हुए जनता में चेतना जगाई। अपने संबोधन में उन्होंने कहा 'स्वच्छता केवल सरकारी प्रयासों से संभव नहीं, बल्कि इसके लिए नागरिकों की भागीदारी सबसे महत्वपूर्ण है। जब तक हर नागरिक स्वच्छता को अपनी जिम्मेदारी नहीं मानेगा, तब तक चकाचक पटना का सपना अधूरा रहेगा।' इस अवसर पर नेहरू युवा केंद्र के प्रतिनिधि रवि कुमार और बबलू कुमार ने भी अपनी बात रखते हुए युवाओं से अपील की कि वे मोहल्लों और वार्ड स्तर पर स्वच्छता अभियान को मजबूत करें। उन्होंने कहा कि सामूहिक प्रयास से ही पटना को स्वच्छ, सुंदर और रहने योग्य शहर बनाया जा सकता है। नगर निगम अधिकारियों के अनुसार इस तरह के सांस्कृतिक और साहित्यिक कार्यक्रमों से लोगों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता तेजी से बढ़ रही है। निगम का उद्देश्य है कि लोग न सिर्फ स्वच्छता को समझें, बल्कि उसे अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाएं।

## विनय कुमार बने केंद्र सरकार की हिंदी सलाहकार समिति के सदस्य

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**रांची।** केन्द्र सरकार ने बिहार तथा झारखंड के वरिष्ठ पत्रकार और अंतरराष्ट्रीय समाचार एजेंसी यूनीवार्ता, यूनाइटेड न्यूज ऑफ इंडिया के बिहार-झारखंड के समन्वयक विनय कुमार को केंद्रीय वस्त्र मंत्रालय की हिंदी सलाहकार समिति का सदस्य मनोनीत किया है। इस समिति के अध्यक्ष केंद्रीय वस्त्र मंत्री हैं। मंत्रालय के उप महानिदेशक अखिलेश कुमार द्वारा जारी संकल्प के अनुसार मंत्रालय की हिंदी सलाहकार समिति का पुनर्गठन किया गया है। इस समिति में केंद्रीय वस्त्र मंत्री गिरिराज सिंह पदेन अध्यक्ष हैं जबकि केंद्रीय वस्त्र राज्य मंत्री समिति के उपाध्यक्ष हैं। इस समिति में लोकसभा और राज्यसभा के कई सदस्यों के अलावा भारतीय प्रशासनिक सेवा के सचिव तथा अध्यक्ष स्तर के अधिकारी भी बतौर सदस्य शामिल हैं। गौरतलब है कि करीब साढ़े तीन दशक से बिहार और झारखंड में कई दैनिक समाचार पत्रों के अलावा राष्ट्रीय समाचार एजेंसी यूनीवार्ता, यूएनआई, हिंदुस्थान समाचार के ब्यूरो प्रमुख व विशेष संवाददाता के रूप में कार्य कर चुके श्री कुमार ने इसके पूर्व भी केंद्र सरकार के उपभोक्ता मामले खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण, ग्रामीण विकास, इस्पात मंत्रालय समेत कई मंत्रालयों की विभिन्न समितियों के सदस्य के रूप में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इन्होंने सूरीनाम में आयोजित सातवें विश्व हिंदी सम्मेलन को भी एक पत्रकार के रूप में कवर किया था। श्री कुमार ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय वस्त्र मंत्री गिरिराज सिंह को धन्यवाद देते हुए कहा कि उन पर जो विश्वास व्यक्त किया गया है, उस पर वे पूरी तरह खरा उतरने का प्रयास करेंगे। ज्ञातव्य है कि विनय कुमार जमुई जिले के खैरा प्रखंड के खैरा गांव के रहने वाले हैं।

# रोटरी पाटलिपुत्रा नेक्स्टजेन की भव्य डांडिया नाइट

### नवरात्रि की परंपरा और आधुनिक मनोरंजन का संगम, होटल चाणक्य में झूमे रोटेरियन और अतिथि

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** रोटरी पटलिपुत्रा नेक्स्टजेन ने होटल चाणक्य में शानदार डांडिया नाइट का आयोजन किया। गरबा और डांडिया की धुनों पर रोटेरियन परिवारों, बच्चों, युवाओं और बुजुर्गों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर नवरात्रि के रंगों में सराबोर हो गए। कार्यक्रम का नेतृत्व अध्यक्ष आयुष अग्रवाल, सचिव अंकित गुप्ता, कोषाध्यक्ष आशीष अग्रवाल तथा संयोजक स्तुति जैन और अनुभूति सर्राफ ने किया। आकर्षक सजावट, पारंपरिक माहौल और झिलमिलाती रोशनी ने पूरे आयोजन को भव्य रूप दिया। नृत्य के अलावा लकी ड्रॉ, टीम गेम्स और फोटो बूथ जैसे आकर्षणों ने मेहमानों को खूब रिझाया। प्रतिभागियों ने रंग-बिरंगे परिधानों और पारंपरिक प्रॉप्स के साथ यादगार तस्वीरें खिंचवाकर इस उत्सव को अविस्मरणीय बना दिया। मौके पर एम पी जैन ने कहा कि यह आयोजन केवल मनोरंजन तक सीमित नहीं रहा बल्कि सामुदायिक सौहार्द्र और एकता का संदेश भी देता दिखा जो रोटरी की सेवा और साथ मिलकर आगे बढ़ने की भावना को उजागर करता है।

# शहद का उत्पादन बढ़ा किसानों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय बाजारों से जोड़ें : डॉ. प्रेम कुमार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**पटना।** दीप नारायण सिंह क्षेत्रीय सहकारी प्रबंध संस्थान, पटना में बिहार राज्य के प्रखंड स्तरीय प्राथमिक मधुमक्खीपालन, शहद उत्पादक प्रसंस्करण एवं विपणन सहकारी समिति के अध्यक्ष एवं सदस्यों के कौशल एवं व्यवसाय वृद्धि हेतु एक दिवसीय प्रशिक्षण-सह-कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में राज्य के लगभग 250 शहद उत्पादक सहयोग समितियों के अध्यक्ष एवं उनसे संबंधित अन्य महत्वपूर्ण पद धारक सम्मिलित हुए। आज की एक दिवसीय प्रशिक्षण-सह-कार्यशाला का उद्देश्य शहद उत्पादक समितियों के कौशल उन्नयन एवं व्यवसाय विस्तार के साथ क्षमता वर्द्धन करना था। आज की कार्यशाला में शहद उत्पादक सहयोग समिति से संबंधित एक लघु फिल्म का भी प्रदर्शन कर सहकारिता विभाग द्वारा चलाये जा रहे योजनाओं एवं पहलों इत्यादि के बारे में नवीनतम जानकारी उपलब्ध करायी गई। इस अवसर पर सहकारिता मंत्री डॉ0 प्रेम कुमार ने कहा कि शहद उत्पादक सहयोग समितियां किसानों की आय बढ़ाने का एक मजबूत जरिया है। सहकारिता विभाग का उद्देश्य न केवल शहद का उत्पादन बढ़ाना है, बल्कि प्रसंस्करण, पैकेजिंग और विपणन के माध्यम से किसानों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय बाजारों से जोड़ना है ताकि आने वाले समय में बिहार शहद उत्पादक के क्षेत्र में अग्रणी राज्य के रूप में उभर सके। सरकार के द्वारा उद्यान निदेशालय के माध्यम से शहद उत्पादकों को जो सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं, वे सभी सुविधाएं इन समितियों को भी फेडरेशन के माध्यम से उपलब्ध कराई जाएगी। आज के कार्यशाला के प्रशिक्षण सत्र में विशेषज्ञों द्वारा शहद उत्पादक सहयोग समितियों के सदस्यों को मधुमक्खी पालन, शहद उत्पादन एवं प्रसंस्करण तकनीक पर प्रशिक्षण प्रदान किया गया। समितियों को गुणवत्ता नियंत्रण और ब्रांडिंग के महत्व से भी अवगत कराया गया ताकि बिहार का शहद राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय बाजारों में अपनी पहचान बना सके। आज के प्रशिक्षण कार्यक्रम के तकनीकी सत्र में शहद उत्पादक समितियों के अध्यक्षों एवं सदस्यों को सहकारी अधिनियम / नियमावली / उपविधि के संबंध में विस्तृत प्रशिक्षण दिया गया। आज के कार्यक्रम में निबंधक, सहयोग समितियां, रजनीश कुमार सिंह, अपर निबंधक (साख), प्रभात कुमार, अपर निबंधक (प्रशासन), रामनरेश पाण्डेय, अपर निबंधक (न्यायिक), विकास कुमार बरियार, संयुक्त निबंधक (अंकेक्षण) कामेश्वर ठाकुर, निदेशक, दीप नारायण सिंह क्षेत्रीय सहकारी प्रबंध संस्थान, पटना डॉ के. पी. रंजन सहित सहकारिता विभाग के अन्य पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

# पूर्व मध्य रेल में अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेन पर आधारित प्रतियोगिताओं का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**हाजीपुर।** भारतीय रेल की अमृत भारत योजना के तहत पूर्व मध्य रेल में अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेन पर आधारित विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। सोनपुर मंडल के हाजीपुर स्टेशन पर प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया तथा केंद्रीय विद्यालय, सोनपुर में निबंध, चित्रकला (पेंटिंग) और क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह आयोजन न केवल रचनात्मकता को प्रोत्साहित करने हेतु था, बल्कि भारतीय रेल के भविष्य की दिशा, यात्री सुविधाओं के विकास और पर्यावरणीय जागरूकता को जन-जन तक पहुंचाने का एक सशक्त माध्यम भी हैं। निबंध एवं चित्रकला प्रतियोगिता में बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। बच्चों ने अपनी कल्पनाओं को रंगों में ढालते हुए भारतीय रेल अमृत भारत ट्रेन जैसे विषयों को चित्रों के माध्यम से प्रस्तुत किया। वही निबंध लेखन के माध्यम से रेलवे के आधुनिकीकरण, यात्री अनुभव, सुरक्षा और सामाजिक उत्तरदायित्व जैसे विषयों पर अपने विचार साझा किए। इन रचनात्मक प्रस्तुतियों ने यह सिद्ध किया कि भारतीय रेल केवल एक परिवहन प्रणाली नहीं, बल्कि रचनात्मकता, नवाचार और जनसहभागिता का प्रतीक बन चुकी है। वही दूसरे चरण में हाजीपुर स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या 01 पर क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें स्टेशन मास्टर कुमार राकेश रंजन, टीटीई एवं अन्य कर्मचारियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेन से जुड़े संबंधित प्रश्न पूछे गए। प्रतिभागियों ने न केवल सही उत्तर दिए, बल्कि टीम भावना, तत्परता, और ज्ञान की गहराई का भी परिचय दिया।

## बैंक ऑफ इंडिया रिटायर्ड ऑफिसर्स ऑर्गेनाइजेशन बिहार राज्य इकाई की वार्षिक आम सभा संपन्न

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** फ्रेजर रोड स्थित होटल सम्राट में बैंक ऑफ इंडिया रिटायर्ड ऑफिसर्स ऑर्गेनाइजेशन बिहार राज्य इकाई की वार्षिक आम सभा संगठन के अध्यक्ष हरिनारायण अग्रवाल की अध्यक्षता में संपन्न हुई। महासचिव उमेश तिवारी ने अतिथियों का स्वागत करते हुए संगठन की गतिविधियों पर प्रकाश डाला। श्री तिवारी ने आगामी वर्ष की कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा करते हुए पेंशन अपडेशन, सेवानिवृत कर्मचारियों के लिए ग्रुप बीमा प्रीमियम पर सब्सिडी एवं जीएसटी हटाने, सेवानिवृत कर्मचारियों के संगठनों को पेंशन वार्ता में शामिल करने आदि की मांगों पर संघर्ष तेज करने का संकल्प दुहराया। संगठन के अखिल भारतीय संगठन के महासचिव हरविंदर सिंह ने अपने वीडियो संदेश के माध्यम से केंद्रीय कार्यकारिणी की उपलब्धि की चर्चा की और आगे के संघर्ष के लिए राज्य इकाई को दिशानिर्देश दिए। संगठन के वाइस चेयरमैन एवं बैंक ऑफ इंडिया के पूर्व उप महाप्रबंधक अमरेंद्र कुमार ने वेलफेयर योजनाओं पर प्रकाश डाला और सबको उससे जुड़ने का आग्रह किया। अमरेंद्र पाण्डेय के धन्यवाद ज्ञापन और राष्ट्र गान के साथ सभा समाप्त हुई।

## संपाकीय

# चिंता की बात

पाकिस्तान और सऊदी अरब के बीच स्ट्रैटिजिक म्युचुअल डिफेंस एग्रीमेंट हुआ है। इसके मुताबिक, किसी एक के प्रति दिखाई गई आक्रामकता दूसरे के खिलाफ भी मानी जाएगी, कुछ वैसा ही समझौता जैसा नैटो के सदस्य देशों के बीच है। भले कहा जा रहा हो कि यह समझौता पाकिस्तान और सऊदी अरब के लंबे ऐतिहासिक रिश्तों का परिणाम है, लेकिन भारत के लिए यह डिवेलपमेंट चिंता बढ़ाने वाला है। सऊदी अरब खाड़ी में भारत के करीबी सहयोगियों में से एक है। व्यापार, निवेश, ऊर्जा, सुरक्षा सहयोग समेत कई क्षेत्रों में दोनों के बीच पिछले दो दशकों में संबंध गहरे हुए हैं- खासकर क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान के दौर में नई तरह की गर्मजोशी देखने को मिली है। पीएम नरेंद्र मोदी इस साल अप्रैल में ही अपने तीसरे सऊदी दौरे पर गए थे, जहां दोनों देशों के बीच कई क्षेत्रों में सहयोग पर सहमति बनी थी। केवल सऊदी ही नहीं, क्षेत्र के दूसरे देशों के साथ भी भारत का सहयोग बढ़ रहा है।८श्व के साथ फ्री ट्रेड एग्रीमेंट है और ओमान व कतर के साथ बात चल रही है। लेकिन, सऊदी अरब-पाकिस्तान समझौते से इस क्षेत्र में भारत की कोशिशों को झटका लग सकता है। चार महीने पहले ही भारत और पाकिस्तान के बीच एक बड़ा संघर्ष हुआ था। ऑपरेशन सिंदूर को लेकर बॉर्डर पर अब भी तनाव है। ऐसे में यह आशंका दरकिनार नहीं की जा सकती कि भारत और पाकिस्तान के तनाव में इस समझौते की वजह से सऊदी अरब भी पार्टी बन जाए। समझौते का एक और अहम एंगल है, हाल में इस्राइल ने कतर की राजधानी दोहा पर एयर स्ट्राइक कर हमास के नेताओं को निशाना बनाने का प्रयास किया था। इसे लेकर मुस्लिम वर्ल्ड में काफी गुस्सा है। इस हमले के बाद दोहा में इस्लामिक देशों का आपातकालीन शिखर सम्मेलन बुलाया गया था, जहां यह चर्चा भी उछली कि क्या नैटो जैसा कोई संयुक्त सुरक्षा बल बनाया जा सकता है। अब दूसरे मुस्लिम देश भी इस तरह के समझौते की संभावना टटोल सकते हैं। इस रक्षा समझौते से पूरे क्षेत्र में असंतुलन पैदा हो सकता है। भारत ने कहा है कि वह इसके असर को देखेगा। सरकार को अपनी चिंताओं को लेकर सऊदी अरब से खुलकर बात करनी चाहिए। ध्यान रखना होगा कि यह समझौता किसी भी तरह से नई दिल्ली-रियाद संबंधों के आड़े न आए।

# मोदी-ट्रंप के सार्थक संवाद से क्या राह बदलेगी?

**नई दिल्ली में भारत-अमेरिकी व्यापार वार्ता की बाधाओं को दूर करने पर दोनों पक्षों के बीच सकारात्मक बातचीत के दौरान करीब तीन महीने बाद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को फोन करके जन्मदिन की बधाई देते हुए रूस-यूक्रेन युद्धविराम का समर्थन करने के लिए आभार जताना, दोनों देशों के बीच रिश्तों में आई तल्खी को कम करने की कोशिश मानी जानी चाहिए। मोदी और ट्रंप के बीच हुई इस बातचीत ने दोनों देशों के रिश्तों में नई आशा और सकारात्मकता का संचार किया है। क्योंकि अमेरिका के एकतरफा टैरिफ और कुछ तीखे बयानों के बावजूद भारत ने संयम बरता एवं तीखी प्रतिक्रिया की बजाय मसले के सुलझने का इंतजार करते हुए विवेक एवं समझदारी का परिचय दिया।**

(ललित गर्ग)

आज की दुनिया में भारत और अमेरिका का रिश्ता केवल द्विपक्षीय ही नहीं, बल्कि वैश्विक परिदृश्य को भी प्रभावित करता है। अमेरिका जहां विश्व की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था और सैन्य शक्ति है, वहीं भारत उभरती हुई आर्थिक ताकत और सबसे बड़ा लोकतंत्र है। नई दिल्ली में भारत-अमेरिकी व्यापार वार्ता की बाधाओं को दूर करने पर दोनों पक्षों के बीच सकारात्मक बातचीत के दौरान करीब तीन महीने बाद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को फोन करके जन्मदिन की बधाई देते हुए रूस-यूक्रेन युद्धविराम का समर्थन करने के लिए आभार जताना, दोनों देशों के बीच रिश्तों में आई तल्खी को कम करने की कोशिश मानी जानी चाहिए। मोदी और ट्रंप के बीच हुई इस बातचीत ने दोनों देशों के रिश्तों में नई आशा और सकारात्मकता का संचार किया है। क्योंकि अमेरिका के एकतरफा टैरिफ और कुछ तीखे बयानों के बावजूद भारत ने संयम बरता एवं तीखी प्रतिक्रिया की बजाय मसले के सुलझने का इंतजार करते हुए विवेक एवं समझदारी का परिचय दिया। भारत पर थोपे गए ट्रंप के 50 प्रतिशत टैरिफ को लेकर अमेरिका में साफ तौर पर दो विरोधी स्वर सुनाई पड़ रहे हैं। ऐसे माहौल में जरूरी हो गया है कि दोनों देशों के बीच शीर्ष स्तर पर संवाद जारी रहे। इसी बात को अमेरिकी वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट ने स्वीकार करते हुए यह उम्मीद जताई थी कि आखिरकार अमेरिका और भारत साथ आएंगे, यही मौजूदा वक्त की सबसे बड़ी जरूरत है। मोदी एवं ट्रंप का ताजा संवाद इसी की निष्पत्ति बना है। यह संवाद मोदी के 75वें जन्मदिवस के अवसर पर हुआ और इसमें अतीत की कई कड़वाहटों को पीछे छोड़कर भविष्य की संभावनाओं पर ध्यान केंद्रित किया गया। दरअसल, दोनों नेताओं की बातचीत का बड़ा कारण शंघाई सहयोग संगठन की बैठक में रूस, चीन और भारत के शीर्ष नेताओं की गर्मजोशी भी बना, उससे ट्रंप की चिंताएं बढ़ी थी, इस बैठक के बाद ही पहली बार ट्रंप के रुख में नरमी के संकेत मिले थे। उसके बाद दस सितंबर को फिर ट्रंप ने कहा कि भारत-अमेरिका व्यापार वार्ताओं की बाधाओं को दूर करने पर बातचीत जारी है। ताजा वार्ता ने यह संदेश दिया कि भारत और अमेरिका के रिश्ते किसी एक घटना या परिस्थिति पर निर्भर नहीं, बल्कि दीर्घकालीन रणनीति और साझा हितों की नींव पर खड़े हैं।

आज की दुनिया में भारत और अमेरिका का रिश्ता केवल द्विपक्षीय ही नहीं, बल्कि वैश्विक परिदृश्य को भी प्रभावित करता है। अमेरिका जहां विश्व की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था और सैन्य शक्ति है, वहीं भारत उभरती हुई आर्थिक ताकत और सबसे बड़ा लोकतंत्र है। दोनों की



साझेदारी लोकतांत्रिक मूल्यों, पारदर्शिता और वैश्विक शांति की आकांक्षाओं पर आधारित है। हाल के वर्षों में कभी-कभी मतभेद जरूर सामने आए-जैसे व्यापार शुल्क, वीजा नीतियां, भारत-पाक सीजफायर और रक्षा समझौते इन मतभेदों के बावजूद रणनीतिक साझेदारी मजबूत होती रही है। भारत और अमेरिका के बीच व्यापारिक संबंध लंबे समय से चर्चा का विषय रहे हैं। कभी शुल्क वृद्धि को लेकर तनाव हुआ, तो कभी आयात-निर्यात की नीतियों को लेकर असहमति। किंतु ट्रंप-मोदी वार्ता के बाद एक बार फिर नए समझौते और अवसर सामने आ सकते हैं। अमेरिका भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार है और आईटी, सेवा क्षेत्र, ऊर्जा और तकनीकी निवेश में दोनों के बीच गहरा सहयोग है। प्रधानमंत्री मोदी ने व्यापारिक अड़चनों को दूर करने पर जोर दिया है और ट्रंप ने भी व्यापार घाटे को कम करने के लिए सहयोग का संकेत दिया। यह संकेत आने वाले समय में द्विपक्षीय व्यापार को नई ऊंचाइयों पर ले जा सकते हैं।

भारत और अमेरिका का रक्षा सहयोग पिछले एक दशक में तेजी से बढ़ा है। अमेरिका ने भारत को महत्वपूर्ण रक्षा तकनीक उपलब्ध कराई है और संयुक्त सैन्य अभ्यासों से सुरक्षा साझेदारी मजबूत हुई है। एशिया-प्रशांत क्षेत्र में चीन के बढ़ते प्रभाव को देखते हुए भारत-अमेरिका का रक्षा सहयोग न केवल द्विपक्षीय है, बल्कि पूरे क्षेत्रीय संतुलन के लिए अहम है। चीनी मनमानी पर नियंत्रण के लिए अमेरिका को खासतौर पर भारतीय सहयोग की जरूरत है। इसी मकसद से क्वॉड का गठन किया गया, जिसे अमेरिकी सरकार ने तवज्जो भी दी। लेकिन, ट्रंप की टैरिफ पॉलिसी की वजह से क्वॉड के भविष्य पर सवाल उठने लगे हैं। वहीं, वॉशिंगटन में यह भी चिंता बनी कि पिछले दो दशकों में भारत-अमेरिका रिश्तों में जो प्रगति हुई थी, वह ट्रंप की महत्वाकांक्षाओं एवं अतिश्योक्तिपूर्ण हरकतों से पिछले कुछ दिनों में बेकार होती हुई दिख रही थी। लेकिन देर आये दुरस्त आये की कहावत के अनुसार दोनों शीर्ष नेताओं की बातचीत से अब अंधेरे छंटते हुए दिख रहे हैं। अमेरिका चाहता है कि भारत हिंद-प्रशांत क्षेत्र में संतुलन कायम रखने में और बड़ी भूमिका निभाए, वहीं भारत अपनी सामरिक स्वतंत्रता बनाए रखते हुए सहयोग को और गहरा करना चाहता है।

भारत की ऊर्जा आवश्यकताओं को पूरा करने में अमेरिका एक अहम सहयोगी बन सकता है। अमेरिका से तरलीकृत प्राकृतिक गैस और कच्चे तेल का आयात बढ़ रहा है। यह न केवल ऊर्जा सुरक्षा को मजबूत करेगा, बल्कि भारत की बढ़ती अर्थव्यवस्था को भी नई गति देगा। तकनीकी क्षेत्र में भी दोनों देशों के बीच साझेदारी मजबूत है। सूचना प्रौद्योगिकी, साइबर सुरक्षा, अंतरिक्ष अनुसंधान और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसे क्षेत्रों में सहयोग आने वाले दशकों के लिए गेम-चेंजर साबित हो सकता है। अमेरिका में बसे भारतीय मूल के लोग दोनों देशों के बीच सेतु का कार्य कर रहे हैं। चाहे राजनीति हो, शिक्षा, स्वास्थ्य या तकनीक-भारतीय-अमेरिकी समुदाय का योगदान उल्लेखनीय है। यह समुदाय भारत और अमेरिका के बीच रिश्तों को भावनात्मक और सांस्कृतिक आधार देता है। ट्रंप और मोदी की बातचीत में भारतीय प्रवासी समुदाय की प्रशंसा भी हुई, जिसने दोनों देशों के बीच विश्वास और निकटता को और बढ़ाया।

भारत और अमेरिका दोनों आतंकवाद से प्रभावित रहे हैं। 9/11 की घटना ने अमेरिका को और 26/11 ने भारत को गहरे जख्म दिए। यही कारण है कि आतंकवाद के खिलाफ दोनों का दृष्टिकोण काफी हद तक समान है। हाल की बातचीत में आतंकवाद को समाप्त करने और सुरक्षा सहयोग को बढ़ाने पर भी जोर दिया गया। अफगानिस्तान और मध्य-एशिया की परिस्थितियों को देखते हुए भारत और अमेरिका का सहयोग वैश्विक शांति और स्थिरता के लिए निर्णायक हो सकता है। ट्रंप और मोदी की बातचीत ने यह साबित किया है कि अतीत के मतभेद रिश्तों का अंत नहीं, बल्कि नए संवाद का अवसर बन सकते हैं। व्यापार, रक्षा, ऊर्जा, तकनीक और आतंकवाद जैसे क्षेत्रों में सहयोग दोनों देशों के लिए लाभकारी है। आज जब दुनिया वैश्विक महामारी, आर्थिक संकट, युद्ध की विभीषिका और भू-राजनीतिक अस्थिरता से जूझ रही है, भारत और अमेरिका की साझेदारी नई दिशा और स्थिरता का संकेत देती है।

भारत और अमेरिका के बीच व्यापार-वार्ता में बेशक व्यवधान आए हों, पर भारत और यूरोपीय संघ के बीच जिस गति से वार्ता हो रही है, उससे वर्ष के अंत तक दोनों में व्यापार समझौता होने की पूरी उम्मीद है। असल में दोनों देशों के बीच पांच दौर की व्यापार वार्ता हो चुकी है, लेकिन 50 फीसदी टैरिफ लगाए जाने के बाद छठे दौर की प्रस्तावित वार्ता रुक गई थी, जो बीते मंगलवार से फिर पटरी पर लौट आई है। दरअसल, ट्रंप प्रशासन चाहता है कि भारत अपने कृषि एवं डेयरी क्षेत्र को अमेरिकी कंपनियों के लिए पूरी तरह से खोले, लेकिन भारत के लिए यह संभव नहीं है, क्योंकि यह उसके किसानों व मछुआरों के हितों के खिलाफ है। भारत पहले ही कह चुका है कि वह किसानों, डेयरी उत्पादकों एवं एमएसएमई के हितों से कोई समझौता नहीं करेगा।

दोनों देशों के बीच पिछले एक दशक में द्विपक्षीय व्यापार लगभग दोगुना हो गया है और इसे 2030 तक 500 बिलियन डॉलर तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है। लेकिन यह तभी संभव था, जब मौजूदा गतिरोध खत्म हो और इसके लिए बातचीत ही रास्ता है। वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला का महत्वपूर्ण हिस्सा बने रहने के लिए भारत दूसरे देशों के साथ भी मुक्त व्यापार समझौते कर रहा है। भले ही डोनाल्ड ट्रंप पर अधिक भरोसा नहीं कर सकते, लेकिन सवाल यह है कि अब उनकी तरफ से दिखाई जा रही नरमी को क्या एक संकेत माना जाए कि इससे कोई नई राह निकलेगी। अड़ियल रुख अपनाने के बजाय अमेरिका को भारतीय नजरिया समझने की जरूरत थी, अब अमेरिका भारत का नजरिया समझने को तत्पर हुआ है तो निश्चित ही इसके दूरगामी परिणाम आयेंगे। लेखक, पत्रकार, स्तंभकार हैं।

## वैज्ञानिक की खोज का अनुमान है कि सबसे लंबे समय तक रह सकते हैं मनुष्य

विजय गर्ग

मनुष्य कब तक रह सकता है? हर पीढ़ी ने एक ही सवाल पूछा है कि मानव सबसे लंबे समय तक क्या रह सकता है? कुछ लोगों का मानना था कि इसका जवाब आनुवंशिकी में छिपा है, अन्य सख्त आहार या ध्यान प्रथाओं में हैं। लेकिन आधुनिक विज्ञान ने आखिरकार शरीर के आंतरिक कामकाज पर गहरी नजर डाली है। पहनने योग्य उपकरणों से हजारों रक्त परीक्षण और गतिविधि पैटर्न का विश्लेषण करके, शोधकर्ताओं ने एक आश्चर्यजनक सुराग की खोज की होगी। खोज केवल बीमारियों या स्वस्थ आदतों के बारे में बात नहीं करती है, यह कुछ और मौलिक की ओर इशारा करती है।

जीवन प्रत्याशा बनाम जीवनकाल : जीवन प्रत्याशा, औसत वर्ष लोग रहते हैं, बेहतर दवा, पोषण और स्वच्छता के लिए दुनिया भर में लगातार बढ़ रहा है। लेकिन जीवन काल, अधिकतम वर्ष एक मानव शरीर जीवित रह सकता है, लगता है कि एक प्राकृतिक छत है। अग्रिमों के बावजूद, कोई भी हमेशा के लिए नहीं रहता है, और लगभग कोई भी एक निश्चित सीमा से आगे नहीं बढ़ता है। यह नया शोध बताता है कि जीव विज्ञान स्वयं इस ऊपरी सीमा को निर्धारित करता है। आनुवंशिक सीमा, सेलुलर उम्र बढ़ने और आणविक क्षति जैसे कारक यह परिभाषित करते हैं कि मानव शरीर अंतत : कब तक कार्य कर सकता है

ष्ठह्रस्ढ्ढ के साथ कोड को क्रैक करना : उम्र बढ़ने को समझने के लिए, वैज्ञानिकों ने डायनेमिक ऑर्गेनिज्म स्टेट इंडिकेटर (ष्ठह्रस्ढ्ढ) नामक एक उपकरण बनाया। यह मापता है कि रक्त परीक्षण डेटा और आंदोलन पैटर्न का उपयोग करके शरीर तनाव का जवाब कैसे देता है। जन्मदिन की गिनती के विपरीत, ष्ठह्रस्ढ्ढ बताता है कि कितनी जल्दी एक शरीर रोजमर्रा के पहनने और आंसू से उबर सकता है। समय के साथ, ष्ठह्रस्ढ्ढ एक स्पष्ट प्रवृत्ति दिखाता है- रिकवरी लोगों की उम्र के रूप में धीमी हो जाती है, जो एक अंतिम सीमा की ओर इशारा करती है। यह खोज स्वास्थ्य में गिरावट की भविष्यवाणी करने में मदद कर सकती है।

## सेवा पखवाड़ा- जनसेवा से जनविश्वास तक की यात्रा

(पवन शुक्ला)

भाजपा का सेवा पखवाड़ा केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि सेवा को राजनीति की आत्मा बनाने का प्रयास है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के 75वें जन्मदिन से शुरू होकर गांधी जयंती तक चलने वाला यह पखवाड़ा राष्ट्र को यह संदेश देता है कि जनसेवा ही जनसंपर्क की सबसे पवित्र भाषा है। प्रधानमंत्री मोदी के 75वें जन्मदिन से गांधी जयंती तक चल रहा भाजपा का सेवा पखवाड़ा, जिसने जनता के मन में आशा, विश्वास और आत्मगौरव की नई ऊर्जा जगाई।

### सेवा का उत्सव, विश्वास का संकल्प

भाजपा का सेवा पखवाड़ा केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि सेवा को राजनीति की आत्मा बनाने का प्रयास है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के 75वें जन्मदिन से शुरू होकर गांधी जयंती तक चलने वाला यह पखवाड़ा राष्ट्र को यह संदेश देता है कि जनसेवा ही जनसंपर्क की सबसे पवित्र भाषा है। जब लाखों कार्यकर्ता झाड़ू लेकर गली-मोहल्लों में उतरते हैं, रक्तदान करते हैं, पौधारोपण करते हैं और स्वास्थ्य शिविर लगाते हैं, तो यह केवल काम नहीं, बल्कि एक भावना है—मैं भी अपने देश के लिए कुछ कर रहा हूँ। सेवा पखवाड़े के दौरान हर कोने में सेवा की तस्वीरें दिखीं। कहीं स्कूली बच्चों को मुफ़्त दवाइयाँ मिलीं, कहीं युवाओं ने रक्तदान कर जीवन बचाने का संकल्प लिया। दिल्ली में अधोसंरचना परियोजनाओं की सौगात दी गई तो मध्य प्रदेश में महिलाओं के स्वास्थ्य पर केंद्रित अभियान चला। लखनऊ की सड़कों पर मंत्री से लेकर सफाईकर्मी तक एक साथ झाड़ू उठाते दिखे। प्रधानमंत्री मोदी ने इस अवसर पर कहा—हमारे जीवन का मूलमंत्र ही सेवा है। अगर माँ स्वस्थ होगी, तो परिवार सशक्त होगा और परिवार सशक्त होगा तो राष्ट्र सशक्त बनेगा।

### बदलती मनोवृत्ति, बढ़ता आत्मविश्वास

उत्तर प्रदेश में एक ही दिन में 391 रक्तदान शिविर आयोजित हुए, जिनमें 7287 लोगों ने रक्तदान किया। दिल्ली में 3000 करोड़ रुपये का अधोसंरचना पैकेज घोषित हुआ। मध्य प्रदेश में 'स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार' की पहल शुरू हुई। ये आंकड़े केवल योजनाएँ नहीं बताते, बल्कि यह दर्शाते हैं कि जनता और सरकार के बीच की दूरी कम हो रही है। गृह मंत्री अमित शाह जी ने इस अवसर पर कहा—मैं मोदी जी को 24 वर्षों से जानता हूँ। उन्होंने इस पूरे समय में एक भी छुट्टी नहीं ली। जिनका जीवन ही सेवा है, उनके लिए सेवा पखवाड़ा सबसे बड़ा उत्सव है।

जनता के बीच भी इस अभियान ने विश्वास जगाया। हरिद्वार के एक बुज़ुर्ग ने स्वास्थ्य शिविर में भावुक होकर कहा—बेटा, पहले इलाज के लिए हमें शहर भागना पड़ता था। आज दवाइयाँ हमारे दरवाज़े पर आ रही हैं। यही असली सेवा है। लखनऊ में एक युवती ने पौधारोपण कार्यक्रम के दौरान मुस्कुराकर कहा—अब लगता है कि स्वच्छता और हरियाली हमारी भी जिम्मेदारी है, सिर्फ सरकार की नहीं।

### मोदी और जनता—सेवा से शक्ति तक

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सेवा पखवाड़े को केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि विकसित भारत के चार स्तंभ—महिला, युवा, गरीब और किसान—को सशक्त करने का अभियान बताया। इस दौरान महिलाओं के लिए स्वास्थ्य शिविर, युवाओं के लिए रक्तदान और पौधारोपण, किसानों के लिए तकनीकी सहयोग और गरीबों के लिए कल्याणकारी योजनाएँ चलाई गईं। हर कोने से जनता की आवाज़ गूँजी कि अब सेवा सिर्फ़ नारा नहीं, बल्कि उनकी ज़िंदगी में उतर रही हकीकत है।

यह पखवाड़ा प्रधानमंत्री की जनसेवक छवि को और गहरा करता है। जब एक किसान कहता है अगर यह सेवा निरंतर चले तो गाँव बदल जाएगा और एक छात्र कहता है हम भी देश बदलने की ताक़त रखते हैं—तो यह बताता है कि सेवा से ही शक्ति का जन्म होता है। सेवा पखवाड़ा केवल भाजपा या मोदी के लिए राजनीतिक पूंजी नहीं, बल्कि पूरे राष्ट्र के लिए आत्मविश्वास और आशा का नया स्रोत बन चुका है।

**निष्कर्ष :** सेवा पखवाड़ा आज एक उत्सव है—सेवा का, सामूहिकता का और आत्मविश्वास का। यह अभियान हमें याद दिलाता है कि राष्ट्र निर्माण केवल नीतियों से नहीं, बल्कि सेवा की निरंतर धारा से होता है। मोदी जी की छवि आज केवल प्रधानमंत्री की नहीं, बल्कि जनसेवक की है।

# नया नेपाल बनाने की नई चुनौती

नेपाली कांग्रेस के महासचिव गगन थापा ने पार्टी के केंद्रीय कार्यालय के पुनर्निर्माण, और एकता की भावनात्मक अपील की है। काठमांडू के च्यासल स्थित सीपीएन-यूएमएल का केंद्रीय कार्यालय आगजनी से मलबे में तब्दील हो चुका है। 'एमाले' कार्यालय के आगे एक बैनर लगा है, 'हम फिर से उठेंगे, और भी मजबूत, और भी एकजुट।' माओवादी नेता प्रचंड ने भी पार्टी कार्यालय फिर से बनाने की घोषणा की है। नेकपा (माओवादी केंद्र) के वरिष्ठ उपाध्यक्ष नारायण काजी श्रेष्ठ ने कहा, 'चुनाव को लेकर माओवादियों में मतभेद नहीं है। राष्ट्रपति ने संविधान के अनुच्छेद-61 के तहत चुनाव की घोषणा की है, इसलिए चुनाव में भाग न लेने का सवाल ही नहीं उठता।

(पुष्परंजन)

नेपाल के राजनीतिक दलों ने लगभग मान लिया है कि चुनाव में जाना है। निर्वाचन आयोग किसी भी पार्टी को चुनाव में जाने से रोकेगा नहीं, ऐसा माना जा रहा है। इसलिए, बांग्लादेश के विद्रोह से नेपाल की तुलना बेमानी है। बांग्लादेश में 15 फरवरी, 2026 को आम चुनाव होना है। उसके अगले महीने 5 मार्च, 2026 को नेपाल में मतदान होगा। बांग्लादेश में सत्ता में आने को आतुर पार्टियां भारत के विरुद्ध जुबानी प्रक्षेपास्त्र दागती रहेंगी। बांग्लादेश व नेपाल की राजनीतिक परिस्थितियों में एक फर्क यह भी है कि प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली ने जन-विद्रोह के बाद अपने पद से इस्तीफा दिया था, जिसे राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल ने तत्काल स्वीकार कर लिया। शेख हसीना ने इस्तीफा दिया ही नहीं।

नेपाली कांग्रेस के महासचिव गगन थापा ने पार्टी के केंद्रीय कार्यालय के पुनर्निर्माण, और एकता की भावनात्मक अपील की है। काठमांडू के च्यासल स्थित सीपीएन-यूएमएल का केंद्रीय कार्यालय आगजनी से मलबे में तब्दील हो चुका है। 'एमाले' कार्यालय के आगे एक बैनर लगा है, 'हम फिर से उठेंगे, और भी मजबूत, और भी एकजुट।' माओवादी नेता प्रचंड ने भी पार्टी कार्यालय फिर से बनाने की घोषणा की है। नेकपा (माओवादी केंद्र) के वरिष्ठ उपाध्यक्ष नारायण काजी श्रेष्ठ ने कहा, 'चुनाव को लेकर माओवादियों में मतभेद नहीं है। राष्ट्रपति ने संविधान के अनुच्छेद-61 के तहत चुनाव की घोषणा की है, इसलिए चुनाव में भाग न लेने का सवाल ही नहीं उठता। यही सही रास्ता है।'

मगर जमीनी स्तर पर हर जगह विश्वास का संकट है। आशंका के मिटने में समय लगेगा। जैसे, किसी ने भ्रष्टाचार करके घर बनाया है, या उस पर पुरानी सरकार का करीबी होने का आरोप है, तो उसे डर है कि कहीं उसका सब कुछ जलाकर राख न कर दिया जाए। नेपाल में लगभग सभी व्यापारिक घराने व विदेशी निवेश वाली कंपनियां आगजनी, तोड़फोड़ और लूटपाट का शिकार हुई हैं, इसलिए निजी क्षेत्र में निवेश के लिए माहौल अनुकूल नहीं है। अनुमान है कि निजी क्षेत्र को 200 अरब डॉलर से ज्यादा का नुकसान हुआ है। निजी क्षेत्र का मनोबल इस डर से निचले स्तर पर पहुंच गया है।



क्या नेपाल में शांति और सुरक्षा बनी रहेगी? स्थिरता आएगी? क्या यह देश सही रास्ते पर चलेगा या वहां फिर संघर्ष छिड़ जाएगा? नई पीढ़ी द्वारा पेश किए गए एजेंडे और पुरानी पीढ़ी में लोकतंत्र के न बचे रहने की चिंता के बीच संतुलन बनाकर यह देश कैसे आगे बढ़ेगा? यह सवाल सबके मन में है। विश्वास बहाली इस समय सुशीला कार्की और उनके सहयोगी मंत्रियों के लिए बड़ी चुनौती है। नेपाली कांग्रेस के महासचिव गगन थापा ने कहा, 'भूकंप से भी इतना बड़ा नुकसान नहीं हुआ था। आने वाले दिनों में राजनीतिक हिसाब-किताब होगा और दोषियों को सजा मिलेगी, लेकिन अभी पहली प्राथमिकता राष्ट्र का पुनर्निर्माण है।'

नेपाल लगभग 26 खरब, 83 अरब रुपये विदेशी ऋण का कर्जदार है। इसके चालू खाता में 78 अरब, 14 करोड़ रुपये हैं और सामने है पुनर्निर्माण व चुनाव की चुनौती। अब यह किससे लेगा पैसा? साल 2022 के संसदीय चुनाव में छह अरब 83 करोड़ रुपये का खर्च आया था। तब उद्योग-व्यापार खड़े थे, अब वे बर्बाद हैं। वे राजनीतिक पार्टियों को चुनाव के लिए कहां से पैसे देंगे? 27 नवंबर, 2001 को बॉन सम्मेलन में अफगानिस्तान के पुनर्निर्माण के लिए विकसित देशों ने पैसे दिए थे। क्या नेपाल अपने पुनर्निर्माण और चुनाव के लिए 'अंतरराष्ट्रीय दानदाता सम्मेलन' का आयोजन करेगा? साल 2022 के चुनाव में भारत ने 200 गाड़ियां नेपाल भेजी थीं। चीन, बीआरआई प्रोजेक्ट को गति नहीं देने से खुंदक खाया हुआ था, चुनांचे उसने 2022 के चुनाव में कोई मदद नहीं भेजी। यदि इस बार चुनाव के वास्ते बहुराष्ट्रीय सहायता नहीं मिली, तो नेपाल के लिए मुश्किल स्थिति होगी। भारत सरकार को इस पर गौर करना चाहिए।

इसी तरह, सन् 1989 के बाद से उच्च पदों पर आसीन लोगों की संपत्ति की जांच होनी चाहिए। भ्रष्टाचार और आय से अधिक संपत्ति की जांच के एजेंडे को पहले ही देशव्यापी मान्यता मिल चुकी है। प्रमुख राजनीतिक दलों के भीतर भी एक आवाज उठ रही है कि जांच के लिए एक आयोग का गठन होना चाहिए। मगर यह आयोग राजा द्वारा पहले बनाए गए 'कंगारू आयोग' जैसा न हो, बल्कि निष्पक्ष हो। संयुक्त राष्ट्र ने ग्वाटेमाला में इसी उद्देश्य से एक आयोग का गठन किया था। आयोग के माध्यम से मानवाधिकार और भ्रष्टाचार की जांच की गई थी।

जिन लोगों ने जेन-जी आंदोलन में घुसपैठ करके आगजनी, तोड़-फोड़, चोरी और लूटपाट की, उनकी जांच कराने और रिपोर्ट आने में देर नहीं होनी चाहिए। सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए उनके विरुद्ध त्वरित कार्रवाई की जानी चाहिए, अन्यथा नेपाली समाज में यह धारणा प्रबल हो जाएगी कि कुछ भी हो सकता है और कानून, न्याय व सुरक्षा की गारंटी बेमानी हो जाएगी। अफ्रीका के कई संघर्षरत देशों की तरह नेपाल में भी हिंसा की संस्कृति जड़ें जमा लेंगी। नेपाल अपराधियों का अभयारण्य न बने, यह सुनिश्चित करना सुशीला कार्की सरकार का काम है।

नेपाल की पूर्व प्रधान न्यायाधीश सुशीला कार्की का अंतरिम प्रधानमंत्री के रूप में राजनीतिक कायांतरण कैसे होता है, इस पर पूरी दुनिया की नजर है। सुशीला कार्की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रशंसक हैं, इसका मतलब यह कतई नहीं कि वह नई दिल्ली के बताए मार्ग पर चल पड़ेंगी। प्रशंसक और समर्थक का अंतर समझना नेपाल के संदर्भ में ज्यादा जरूरी है। अभी जो तीन मंत्री जुड़े हैं, उनमें से वित्त और ऊर्जा मंत्री जेन-जी आंदोलन से नहीं हैं। रामेश्वर खनाल ने वित्त सचिव रहते हुए अपनी अच्छी छवि बनाई थी, तो लोड शेडिंग से निजात दिलाने वाले नौकरशाह कुलमान घीसिंग ऊर्जा मंत्री की भूमिका में हैं। एक राजनेता के रूप में सफल होना भी कुलमान के लिए चुनौती होगी। गृह मंत्री की भूमिका में आ चुके अधिवक्ता ओमप्रकाश अर्याल, काठमांडू के मेयर बालेंद्र शाह के कानूनी सलाहकार रहे हैं। अर्थात, ओमप्रकाश अर्याल भी राजनीति के नेपथ्य में रहे हैं।

क्या नेपाल में नई पार्टी का अभ्युदय होना है? निश्चय ही यह नई पार्टी युवाओं की होगी, और दक्षिण-वाम विचारधारा से अलग होगी। इस नई पार्टी का विजन, नेतृत्व और किन वैचारिक शक्तियों से उसे पैसा व समर्थन मिलना है, यह सारा कुछ भविष्य के गर्भ में है। लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं।
(ये लेखक के अपने विचार हैं)

## संक्षिप्त समाचार

### लंबित कार्यों को एक सप्ताह के अंदर पूर्ण करने का निर्देश : डीडीसी

**सिमडेगा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** डीडीसी दीपांकर चौधरी की अध्यक्षता में शुक्रवार को आकांक्षी जिला कार्यक्रम एवं आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम की प्रगति की समीक्षा बैठक हुई। मौके पर नीति आयोग द्वारा संचालित योजनाओं की भी समीक्षा की गई। बैठक का संचालन आकांक्षी प्रखंड फेलो एवं पिरामल फाउंडेशन के प्रतिनिधियों द्वारा प्रेजेंटेशन के माध्यम से किया गया। डीडीसी ने सभी लंबित कार्यों को एक सप्ताह के अंदर पूर्ण करने का निर्देश दिया। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग और आईसीडीएस के बीच बेहतर समन्वय बनाने तथा पोषण ऐप पर रिपोर्टिंग की आवृत्ति बढ़ाने का निर्देश दिया। बैठक में डीईओ सहित कई अधिकारी उपस्थित थे।

### आंगनबाड़ी सेविका-सहायिका का धरना प्रदर्शन आज

**सिमडेगा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** आंगनबाड़ी कर्मचारी महासंघ के बैनर तले जिले की सेविका-सहायिका अपनी मांगों को लेकर शनिवार को एक दिवसीय धरना प्रदर्शन करेंगे। धरना प्रदर्शन सेविका-सहायिका को हर माह मानदेय राशि एवं अतिरिक्त मानदेय एवं पोषाहार राशि देने सहित कुल आठ सूत्री मांगों को लेकर किया जाएगा। जानकारी देते हुए संघ की जिलाध्यक्ष कुमदनी कुल्लू ने सभी सेविकाओं एवं सहायिकाओं को उपस्थित होने का आग्रह किया गया है।

### ट्रैक्टर पलटने से कोकचो गांव के 19 वर्षीय युवक की मौत

**चाईबासा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** ट्रैक्टर पलटने और उसे दब जाने से तांतनगर ओपी के कोकचो गांव निवासी 19 वर्षीय ट्रैक्टर चालक सुभाष तिर्की की मौत हो गई है। जानकारी के अनुसार शुक्रवार को मृतक अपने ट्रैक्टर को लेकर मनसा पूजा विसर्जन देखने के लिए लोहाहातु जा रहा था। रास्ते में अचानक ट्रैक्टर पलट गई, जिससे वह दब गया ।उसकी घटना स्थल पर ही मौत हो गई ।शनिवार को सुबह को जब पुलिस को घटना की सूचना मिली तो घटना स्थल पर जाकर शव को अपने कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम कराने के लिए सदरअस्पताल लाई। परिजनों ने बताया शुक्रवार को शाम में सुभाष तिर्की मनसा पूजा का विसर्जन जुलूस देखने के लिए लोहा मातु जा रहा था ।उसी दौरान ट्रैक्टर पलट गई, जिससे वह दब गया,उसकी घटना स्थल पर मौत हो गई।

### एक सप्ताह तक बाधित रहेगा म्युटेशन और रजिस्ट्री का कार्य

**सिमडेगा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिले में जमीन का म्युटेशन और रजिस्ट्री का कार्य बाधित हुआ है। बताया गया कि झार भूमि साइट में अपग्रेडेशन का कार्य होने के कारण 19 से 25 सितम्बर तक सर्वर डाउन रहेगा। जिसके कारण राजस्व विभाग की सिटीजन सैंट्रिक सेवा बाधित होगी। शुक्रवार को जिला निबंधन कार्यालय में दो रजिस्ट्री का कार्य सम्पन्न हुआ और उसके बाद कार्य नहीं हो पाया। इसी तरह अंचल कार्यालय में भी म्युटेशन का कार्य एक सप्ताह के लिए रुक गया है। इधर जिला अवर निबंधक पवन कुमार ने बताया कि रजिस्ट्री के कार्य में परेशानी नहीं है। लेकिन रजिस्ट्री के बाद होने वाले स्व मोटो म्युटेशन नहीं हो पाएगा। जिसके कारण रजिस्ट्री भी रोकी गई है। ताकि किसी को परेशानी न हो। इधर अंचाल कार्यालय में भी बताया गया कि झार भूमि सर्वर के अपग्रेडेशन के कार्य के लिए सर्वर डाउन है। बताया गया कि सर्वर डाउन होने से जिले को रोजना तीन से चार लाख रुपए का नुकसान होगा।

### रिमांड होम से फरार दो नाबालिग कैदी गिरफ्तार

**गुमला/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिला मुख्यालय स्थित बाल सुधार गृह से फरार हुए दो नाबालिगों को पुलिस ने एक हफ्ते बाद पकड़ लिया है। दोनों किशोर चोरी के आरोप में 10 सितंबर को गिरफ्तार किए गए थे। जिन्हे रिमांड होम भेजा गया था। जहां से दोनो 17 सितंबर की रात दीवार फांदकर फरार हो गए थे। घटना के शासन में हड़कंप मच गया था। उपायुक्त के निर्देश पर सदर थाना प्रभारी के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित कर लगातार छापेमारी अभियान चलाया गया। पुलिस ने शनिवार देर रात डुमरटोली के पास दोनों नाबालिगों को पकड़ लिया। बरामदगी के बाद आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है। प्रशासन ने बाल सुधार गृह की सुरक्षा व्यवस्था को भी सख्त करने का आदेश दिया है।

### 48 चालकों से 54 हजार जुर्माना वसूला गया

**गुमला/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** करौंदी में सड़क सुरक्षा अभियान चलाया गया। मोटरयान निरीक्षक रॉबिन अजय सिंह ने पालकोट के करौंदी मोड़ में वाहनों की सघन जांच की। बिना हेलमेट, ट्रिपल राइडिंग,प्रेशर हॉर्न और वैध कागजात के बिना गाड़ी चलाने वालों पर कड़ी कार्रवाई की गई। अभियान में 48 चालकों से 54 हजार जुमार्ना वसूला गया। चालकों को नियम पालन और सड़क सुरक्षा के महत्व की जानकारी भी दी गई। प्रशासन ने चेतावनी दी कि आगे और सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### गुमला थाना में दुर्गा पूजा पंडाल समितियों की बैठक

**गुमला/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सदर थाना परिसर में शुक्रवार को दुर्गा पूजा पंडाल समितियों और साउंड संचालकों की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता एसडीओ राजीव नीरज, एसडीपीओ सुरेश प्रसाद यादव और थाना प्रभारी महेंद्र कुमार करमाली ने संयुक्त रूप से की। बैठक में शहर के लाइसेंसी और गैर-लाइसेंसी दोनों प्रकार की समितियों के प्रतिनिधि मौजूद रहे। अधिकारियों ने राज्य स्तरीय गाइडलाइन का पालन सुनिश्चित करने पर जोर दिया। सभी पंडालों में सीसीटीवी कैमरा और फायर सेफ्टी टैंक रखना अनिवार्य किया गया, ताकि किसी भी आपात स्थिति से निपटा जा सके। वहीं दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष निर्मल गोयल ने तालाबों में अधिक पानी की स्थिति को देखते हुए विसर्जन के दौरान सुरक्षा के लिए बैरेकेटिंग और गोताखोर उपलब्ध कराने की मांग की। प्रशासन ने आश्वासन दिया कि त्योहार शांतिपूर्ण और सुरक्षित माहौल में संपन्न कराने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जाएंगे।

### जंगली हाथियों ने दो एकड़ में धान की फसल को किया बर्बाद

**गुमला/जारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जारी थाना क्षेत्र के सिंगपुर गांव में गुरूवार रात चार जंगली हाथियों ने जमकर उत्पात मचाया। ग्रामीण बरथोलोमी मिंज के दो एकड़ में लगे धान के फसल को हाथियों ने रौंद कर बर्बाद कर दिया।बरथोलोमी ने बताया कि खेती-बाड़ी से जीवन यापन करने वाले ग्रामीण लगातार हाथियों के आतंक से परेशान हैं। कभी हाथी घरों को नुकसान पहुंचाते हैं, तो कभी फसलों को बर्बाद कर देते हैं। उन्होंने कहा कि वन विभाग और प्रशासन इस मामले में कोई ठोस कार्रवाई नहीं कर रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि शाम होते ही हाथियों का झुंड गांव में घुस आता है और कई इलाकों में उत्पात मचाता है। स्थानीय लोग वन विभाग से तत्काल राहत और सुरक्षा की मांग कर रहे हैं ताकि फसलों और घरों को बचाया जा सके।

### गुमला में सर्वेश्वरी समूह का 65वां स्थापना दिवस 21 को

**गुमला/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जनसेवा के लिए समर्पित सर्वेश्वरी समूह का 65वां स्थापना दिवस पूरे देश के साथ गुमला में भी 21 सितंबर को धूमधाम से मनाया जाएगा। गुमला शाखा उपाध्यक्ष अजय प्रसाद ने बताया कि कार्यक्रम की शुरूआत सुबह 5:30 बजे प्रार्थना गृह से प्रभात फेरी के साथ होगी, जो नगर के प्रमुख मार्गों का परिभ्रमण कर पुनः प्रार्थना गृह लौटेगी। सुबह नौ बजे ध्वजारोहण, पूजन और सफल योनि का पाठ होगा। इसके बाद 11 बजे आश्रम परिसर में श्री सर्वेश्वरी समूह का हमारे व्यक्तित्व पर प्रभाव विषय पर गोष्ठी आयोजित की जाएगी, जिसमें वक्ता अपने विचार साझा करेंगे।समूह के मंत्री विपिन कुमार सिन्हा ने श्रद्धालुओं से अपील की है कि प्रभात फेरी में बाइक से शामिल होने वाले लोग अनिवार्य रूप से हेलमेट पहनें, ताकि कार्यक्रम के साथ सड़क सुरक्षा का संदेश भी प्रसारित हो सके।

### डीलरों को नई मशीन उपलब्ध कराए सरकार

**धुरकी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** राशन वितरण व्यवस्था आम लोगों के लिए एक महत्वपूर्ण योजना है। उसका सीधा लाभ समाज के गरीब और मध्यम वर्ग के लोगों तक पहुंचता है। तकनीकी अड़चनों के कारण ससमय राशन वितरण में दुकानदार परेशानियों का सामना कर रहे हैं। हर दिन कार्डधारियों के साथ परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। राशन डीलरों ने उनकी परेशानी दूर करने के लिए नई मशीन उपलब्ध कराने की मांग की है। राशन डीलर ग्रामीण क्षेत्रों के विक्रेता हैं। नेटवर्क नही रहने के कारण एक लाभुक को 2-3 बार दुकान का चक्कर लगाना पड़ता है। सभी डीलरों ने यह भी बताया कि लाभुक के साथ दुकानदार को भी परेशान रहना पड़ता है। पोस मशीन का हाल बिल्कुल जर्जर हो गया है। 4जी-5जी के समय में उन्हें 2जी मशीन मिला हुआ है। डीलर बताते हैं कि मशीन सरकार से कोई संस्था के नामित व्यक्ति ने 5 वर्षों के लिए एग्रीमेंट पर लीज पर लिया था। उसे मेंटेनेंस का काम भी देखना था। वह नहीं हो रहा। पुराना मशीन में ही सॉफ्टवेयर इंस्टॉल कर दी गई है। आलम यह है कि 2 मिनट का काम के लिए 2 घंटे का इंतजार करना पड़ता है।

# पति-पत्नी के बीच अलगाव की घटनाएं समाज के लिए चिंता का विषय : ममता कुमारी

## श्रमजीवी महिला समिति ने अपने 30 वर्ष पूरे होने पर किया भव्य समारोह आयोजित



**जमशेदपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** श्रमजीवी महिला समिति ने अपनी स्थापना के 30 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में साकची के एक होटल में एक भव्य समारोह का आयोजन किया। इस ऐतिहासिक अवसर पर राष्ट्रीय महिला आयोग, भारत सरकार की सदस्य ममता कुमारी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं। समारोह की गरिमा को बढ़ाया पद्मश्री सम्मानित डॉ. पाम राजपूत, नेशनल एलायंस ऑफ वीमेन ऑर्गेनाइजेशन्स की ललिता मिसाल, जागोरी दिल्ली की गीता नंबिसन, प्रख्यात सामाजिक कार्यकर्ता वासवी किडो तथा मोनिमय सिन्हा ने। समिति की अध्यक्ष अंजलि बोस तथा सचिव एवं संस्थापक सदस्य प्रबी पॉल ने समारोह में सक्रिय भागीदारी करते हुए अपनी उपस्थिति से आयोजन की गरिमा को बढ़ाया। अपने विचार साझा करते हुए दोनों ने समिति की तीन दशक लंबी संघर्षपूर्ण यात्रा और उल्लेखनीय उपलब्धियों को रेखांकित किया।कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में प द्मश्री सम्मानित सुप्रसिद्ध समाजसेवी तथा नेशनल एलायंस ऑफ वीमेन ऑर्गनाइजेशन्स की सदस्य पाम राजपूत की उपस्थिति ने आयोजन को विशेष महत्व प्रदान किया। उन्होंने समिति के कार्यों की सराहना करते हुए महिला सशक्तिकरण और सामाजिक परिवर्तन की दिशा में इसके योगदान को ऐतिहासिक और प्रेरणादायी बताया।मुख्य अतिथि ममता कुमारी ने महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और उनकी सामाजिक स्थिति पर विस्तार से अपने विचार साझा किए। उन्होंने कहा कि महिलाओं से जुड़ी समस्याएं केवल किसी एक वर्ग या संस्था की ज़िम्मेदारी नहीं है, बल्कि समाज के हर हिस्से को इसमें सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। उन्होंने सभी संस्थाओं, सामाजिक संगठनों और जनप्रतिनिधियों से आह्वान किया कि वे महिलाओं से संबंधित हर समस्या को गंभीरता से लें और उसे उचित माध्यम से सरकार तथा समिति तक पहुंचाएं, ताकि समय रहते ठोस समाधान संभव हो सके।ममता कुमारी ने आज के बदलते सामाजिक परिदृश्य में युवाओं और युवतियों के विवाह संबंधी मु द्दों पर भी गहन चर्चा की। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में विवाह के बाद पति-पत्नी के बीच अलगाव की घटनाएं बढ़ती जा रहीं हैं, जो न केवल परिवार बल्कि पूरे समाज के लिए चिंता का विषय है। ऐसे मामलों से परिवारों में तनाव बच्चों के भविष्य पर प्रतिकूल प्रभाव डालता है जिससे सामाजिक असंतुलन जैसी समस्याएं उत्पन्न होती हैं।इस गंभीर चुनौती के समाधान के लिए उन्होंने प्रत्येक गांव और कस्बे में परामर्श केंद्र (काउंसलिंग सेंटर) स्थापित करने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि यदि ऐसे केंद्र सक्रिय रूप से कार्य करें, तो विवाह संबंधों में उत्पन्न होने वाली समस्याओं का समय रहते समाधान किया जा सकता है। परामर्श केंद्र न केवल पति-पत्नी को सही मार्गदर्शन देंगे, बल्कि परिवारों में आपसी संवाद और समझ को भी मजबूत बनाएंगे। इससे न केवल पारिवारिक रिश्तों में स्थिरता आएगी, बल्कि समाज में भी सामंजस्य और शांति का वातावरण स्थापित होगा।इस मौके पर समिति की 30 वर्षो की गौरवशाली यात्रा का स्मरण किया गया। कार्यक्रम में महिला शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वावलंबन, सामाजिक न्याय और अधिकारों की रक्षा के क्षेत्र में संगठन द्वारा किए गए उल्लेखनीय कार्यों और उपलब्धियों को विस्तार से प्रस्तुत किया गया।समिति ने उन सभी सहयोगियों, नेताओं और संस्थाओं के प्रति आभार व्यक्त किया, जिन्होंने इस 30 वर्ष की यात्रा में संगठन का साथ दिया। साथ ही समिति ने यह संकल्प लिया कि आने वाले वर्षों में भी महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में ठोस कदम उठाते हुए समाज के वंचित एवं पिछड़े वर्ग की महिलाओं को मुख्यधारा से जोड़ने का प्रयास और अधिक सशक्त रूप से जारी रहेगा।कार्यक्रम के समापन पर सभी प्रमुख अतिथियों का हार्दिक अभिनंदन किया गया तथा समिति की ओर से उन्हें स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर समिति ने उनके मार्गदर्शन और सहयोग के प्रति गहरी कृतज्ञता प्रकट की। साथ ही, मंच पर अपनी प्रस्तुतियों से समारोह को जीवंत, आकर्षक और यादगार बनाने वाले सभी कलाकारों को भी सम्मानित किया गया।

# हत्या के मामले में दोषियों को उम्रकैद की सजा

**हजारीबाग/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** व्यवहार न्यायालय हजारीबाग में शुक्रवार को अपर सत्र न्यायाधीश अष्टम पुरुषोत्तम कुमार गोस्वामी की अदालत ने शुक्रवार को पांच दोषियों को उम्रकैद की सजा सुना दी। सजा पाने वालों में ग्राम करसो, थाना बरही, जिला हजारीबाग निवासी बद्री साव, नंदलाल साव, भुनेश्वर साव, मुन्नी देवी एवं मीना देवी के नाम शामिल हैं। कोर्ट ने सुनवाई के बाद अपने निर्णय में सभी को दोषी करार देते हुए भारतीय दंड विधान की धारा 302 के तहत आजीवन कारावास और बीस हजार रुपए जुमार्ना, धारा 307 के तहत 10 वर्ष का सश्रम कारावास और दस हजार रुपए रुपया जुमार्ना एवं धारा 148 के तहत सभी को दो हजार रुपए जुमार्ना लगाया है। यह मामला वर्ष 2016 का है, जब जमीन विवाद को लेकर मुन्ना गोप उर्फ मुन्ना महतो की लाठी-डंडे से पीटकर हत्या कर दी गई थी। इस घटना को लेकर मृतक के पुत्र यमुना प्रसाद यादव ने बरही थाना में कांड संख्या 94/2016 दर्ज कराया था। जिसके बाद सत्र वाद संख्या 132/2017 में सुनवाई पूरी होने के बाद अदालत ने यह सजा सुनाई। इस मामले में अभियोजन पक्ष की ओर से कई गवाहों की गवाही और कई प्रदर्श अंकित कराए गए। जबकि बचाव पक्ष की ओर से भी अपना पक्ष मजबूती के साथ रखा गया।

# बच्चों के सेक्स वीडियो बेच कर रहे थे कमाई

## झारखंड पुलिस ने किया खुलासा, दो गिरफ्तार

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** झारखंड पुलिस ने एक ऐसे बड़े नेटवर्क का खुलासा किया है, जो बच्चों के अश्लील वीडियो ऑनलाइन पोस्ट करते थे। झारखंड पुलिस ने यह कार्रवाई बोकारो जिले में की है। बोकारो पुलिस ने इस मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। बोकारो के सीआईडी के एएसपी पूज्य प्रकाश ने बताया कि जिले के गांधीनगर के रहने वाले अंकित कुमार जेड़ी और विवेक कुमार को अलग-अलग वेबसाइटों और टेलीग्राम पर बच्चों के साथ यौन शोषण और उनके साथ दुर्व्यवहार करने के वीडियो डालने के जुर्म में गिरफ्तार किया गया है। इस मामले की जानकारी देते हुए पुलिस



ने बताया कि झारखंड सीआईडी ने यह कार्रवाई गृह मंत्रालय के भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र( 14c) के सहयोग से की है। उन्होंने बताया कि जांच के दौरान पता चला कि Hoptic.com नाम की एक वेबसाइट का उपयोग बच्चों से जुड़े अश्लील वीडियो प्रसारित करने के लिए किया जा रहा है। पुलिस ने बताया कि इस वेबसाइट का उपयोग डिजिटल बाजार के रूप में किया जा रहा था, जिसमें बच्चों से जुड़े सेक्स वीडियोज और फोटोज अपलोड करने और उन्हें शेयर करने का काम किया जा रहा था। इससे आरोपियो को कमाई भी होती थी। पुलिस ने बताया कि आरोपी ऐसी वीडियोज को बेचने और उसे शेयर करने के लिए टेलीग्राम चैनलों का इस्तेमाल कर रहे था। इसमें क्लाउड स्टोजर प्लेटफॉर्म का भी इस्तेमाल किया जा रहा था। पुलिस ने बताय कि इस मामले में राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल पर दर्ज करवाई गई शिकायतों के आधार पर कार्रवाई की गई है। इस मामले में साइबर पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। इस मामले में एक पीड़ित का अश्लील वीडियो और फोटो प्लेटफॉर्म पर उसकी सहमति के बिना साइट पर डाल दी गई, जिससे उसे गंभीर मानसिक आघात पहुंचा है। पुलिस ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए कार्रवाई शुरू की और दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

# गर्लफ्रेंड ने ब्वॉयफ्रेंड को चाकू से गोदकर मार डाला, गिरफ्तार

**चतरा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** झारखंड में खौफनाक घटना सामने आई है। यहां एक लड़की ने अपने ब्वॉयफ्रेंड की चाकू मारकर हत्या कर दी। दोनों के बीच शादी को लेकर विवाद हुआ था। विवाद के बाद लड़की ने चाकुओं से गोद डाला, जिससे युवक की मौत



हो गई। पुलिस ने आरोपी युवती को गिरफ्तार कर लिया है। मामला चतरा जिले के लावालोंग थाना क्षेत्र का है। यहां के लमटा गांव में मोहम्मद मुंतजिर लातेहार से चलकर अपनी गर्लफ्रेंड से मिलने आया था। मुंतजिर की उम्र 34 साल थी, जबकि उसकी पार्टनर नूरजहां की उम्र महज 24 साल थी। दोनों के बीच उम्र का फासला ज्यादा था। चतरा मिलने आने के बाद दोनों के बीच शादी को लेकर कहासुनी हो गई। कहासुनी का विवाद इतना बढ़ गया कि नूरजहां अपने पार्टनर मुंतजिर के खून की प्यासी हो गई। नूरजहां ने चाकू उठाया और मुंतजिर पर हमला कर दिया। इस हमले में मुंतजिर गंभीर रूप से घायल हो गया। गंभीर रूप से घायल होने के बाद मुंतजिर को अस्पताल ले जाया गया। यहां से उसे चतरा के सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। यहां से उसकी हालत को देखकर डॉक्टरों ने रांची रिम्स के लिए रेफर कर दिया। रिम्स ले जाते समय रास्ते में ही मुंतजिर ने दम तोड़ दिया। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी नूरजहां को गिरफ्तार कर लिया। इस मामले की जानकारी देते हुए पुलिस ने बताया कि मुंतजिर ने अपनी मौत से पहले पुलिस को बयान दिया था। इस बयान का इस्तेमाल पुलिस ने एफआईआर में किया है। मामले पर बात करते हुए लावालोंग थाना प्रभारी प्रशांत मिश्रा ने बताया कि पीड़ित के बयान के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। आरोपी को अदालत में पेश किया गया और उसके बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

## नशाखुरानी के पीड़ितों से लिया गया बयान

**भवनाथपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** शक्तिपुंज एक्सप्रेस में हुए नशाखुरानी कर लूटकांड का मामला प्रकाश में आने के बाद रेलवे सुरक्षा एजेंसियां सक्रिय होते हुए शुक्रवार को रेहला रेलवे थाना में पदस्थापित सीआरपीएफ के इंस्पेक्टर उमाकांत कुमार भवनाथपुर थाना क्षेत्र के सरईया गांव निवासी लालो साह के घर पहुंचे। घटना में पीड़ित जीजा-साले जितेंद्र साह और रामप्रसाद साह से मुलाकात कर घटना की पूरी जानकारी हासिल की। बताया गया कि जबलपुर से सवार हुए जीजा-साले को ट्रेन में नशे का दवा चना में मिलाकर खिलाकर बेहोश किया गया। उसके बाद अपराधियों ने उनके दो मोबाइल फोन और नौ हजार रुपये नगद लूट लिए।

# नाबालिग बच्ची के साथ 5 लोगों ने किया गैंगरेप

**लोहरदगा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** झारखंड के लोहरदगा में शर्मनाक घटना सामने आई है। यहां एक नाबालिग लड़की के साथ गैंगरेप का मामला सामने आया है। लड़की के साथ 5 लोगों ने मिलकर रेप किया है। इस मामले की सूचना मिलने के बाद पुलिस ने पांचों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

मिली जानकारी के अनुसार, पीड़िता अपनी नानी के घर गई हुई थी। गुरुवार शाम को नानी के गांव के पास मेला लगा हुआ था। मेला देखने के लिए पीड़िता भी पहुंची हुई थी। मेले से वापस आने के दौरान 5 लोगों ने उसे किडनैप किया और एक सुनसान जगह पर ले जाकर उसके साथ गैंगरेप किया। इस मामले की जानकारी देते हुए पुलिस अधीक्षक सादिक अनवर रिजवी ने बताया कि मामले की सूचना मिलने के बाद तुरंत ऐक्शन लिया गया और पांचों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस ने बताया कि पांचों आरोपियों को गिरफ्तार करने के बाद पीड़िता का मेडिकल भी करवाया गया है। इस मामले की जानकारी देते हुए लोहरदगा सदर थाने के प्रभारी रत्नेश मोहन ठाकुर ने बताया कि आरोपियों पर बीएनएस की धारा 70 (बलात्कार) और पॉक्सो अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है।

# रूबन हॉस्पीटल में मंगल पांडेय ने किया दो दिवसीय कार्यशाला का उद्घाटन

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बिहार के उप मुख्यमंत्री ने 17 सितंबर, 2025 को पटना के होटल मौर्य में यूनिसेफ के राज्य प्रमुख, डब्ल्यूएचओ के प्रतिनिधियों और पटना के प्रमुख अस्पतालों के सीईओ की उपस्थिति नवजात शिशु और प्रत्येक बच्चे के लिए सुरक्षित देखभाल सुनिश्चित करना" पर दो दिवसीय कार्यशाला का उद्घाटन किया। माननीय शहरी विकास मंत्री जीवेश मीश्रा ने भी सभा को संबोधित किया और स्वास्थ्य सेवा वितरण में रोगी सुरक्षा के एक महत्वपूर्ण घटक के रूप में




दवा सुरक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला। मुख्य अतिथि, ए. एच. पी. आई. और सी. ए. एच. ओ. के अध्यक्ष डॉ. सत्यजीत सिंह ने कहा, "रोगी की सुरक्षा जन्म से ही शुरू होती है। नीति निमार्ताओं, चिकित्सकों, परिवारों और सामुदायिक आवाजों को एक साथ लाकर, हम एक ऐसी प्रणाली का निर्माण कर रहे हैं जहां किसी भी बच्चे को असुरक्षित देखभाल से नुकसान न हो। उद्घाटन दिवस पर प्रख्यात वक्ताओं में डॉ. संजीव सिंह, चिकित्सा निदेशक, अमृता आयुर्विज्ञान संस्थान शामिल थे, जिन्होंने प्रसव कक्षों से नवजात आईसीयू तक देखभाल मार्गों को मजबूत करने पर बात की; श्री गुलशन बवेजा, एमडी, युवा हेल्थकेयर, जिन्होंने नैदानिक कौशल में महारत हासिल करने पर जोर दिया; और रूबन अस्पताल की डॉ. नीता केवलानी, जिन्होंने नवजात सुरक्षा में प्रभावी संचार और संक्रमण की रोकथाम की भूमिका पर प्रकाश डाला। स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडे ने समापन सत्र में भाग लिया जहां डॉ. सत्यजीत सिंह ने बिहार और पड़ोसी राज्यों के लिए दैनिक अभ्यास प्रशिक्षण के लिए पटना में एक सिमुलेशन प्रयोगशाला की स्थापना की घोषणा की। कार्यक्रम का समापन टाटा स्टील मेडिका अस्पताल के सीईओ डॉ. संतोष पांडे के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ, जिन्होंने पूरे बिहार में रोगी सुरक्षा की संस्कृति को चलाने में सरकार, स्वास्थ्य सेवा के नेताओं और संस्थानों के सामूहिक प्रयासों को स्वीकार किया।

# हाई कोर्ट के निरीक्षी न्यायाधीश ने बार भवन का किया निरीक्षण



**चाइबासा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** झारखंड उच्च न्यायालय के निरीक्षण न्यायाधीश दीपक रोशन ने शनिवार को बार भवन का निरीक्षण किया।बता दूं की चाइबासा का जर्जर बार भवन 4 करोड़ 96की लागत से निर्माण कार्य होने जा रहा है। उसी स्थल का निरीक्षण हाई कोर्ट के न्यायाधीश के द्वारा किया गया। न्यायाधीश पहले चाइबासा व्यवहार न्यायालय गए । जहां उनका स्वागत प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश मौहम्मद शाकिर और न्यायधीशों के द्वारा स्वागत किया गया। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश के कार्यालय में बार एसोसिएशन के पदाधिकारी और अधिवक्ताओं के द्वारा गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया गया। इस अवसर पर बार के अध्यक्ष रामेश्वर प्रसाद, उपाध्यक्ष कैशर परवेज, सचिव फादर अगस्तीन कुल्लू, पूर्व सचिव आशीष सिन्हा, कोषाध्यक्ष दुर्योधन गोप सुभाष मिश्रा, हरिश सांडिल समेत सभी बार के पदाधिकारी और अधिवक्ता शामिल थे।

# जमशेदपुर में गरजा बुलडोजर : जमींदोज कर दिए गए सरकारी जमीन पर बने घर

**जमशेदपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जमशेदपुर में जमकर बुलडोजर गरजा। अंचल के हुरलुंग मौजा में सरकारी जमीन पर बन रहे तीन तल्ला बिल्डिंग को प्रशासन ने शुक्रवार को ढहा दिया। इसकी लागत एक करोड़ रुपए से अधिक बताई जाती है। इससे पूर्व इस भवन को ढहाने के लिए झारखंड लोक भूमि अतिक्रमण वाद का केस जमशेदपुर अंचलाधिकारी की कोर्ट में चलाया गया। फिर इसे तोड़ने का आदेश पारित कर कार्रवाई को अंजाम दिया गया।



इस मौके पर मजिस्ट्रेट के रूप में जमशेदपुर अक्षेस के सिटी मैनेजर जितेन्द्र कुमार, सीआई बलवंत सिंह, अमीन और राजस्व कर्मचारी आदि मौजूद थे। साथ ही बिरसानगर थाने की पुलिस भी वहां तैनात थी। दो जेसीबी की मदद से बिल्डिंग के निचले हिस्से को काफी क्षति पहुंचाई गई है। हालांकि अभी भी भवन गिरा नहीं है। हुरलुंग मौजा में खाता नंबर 426, प्लॉट नंबर 1354, रकवा 7.60 डिसमिल जमीन पर सुरेन्द्र प्रसाद नामक व्यक्ति ने कब्जा कर रखा था। उसने एक संस्था बनाई थी जिसका नाम रंजना रिंज रखा था। इसी जमीन पर वह भवन का निर्माण करवा रहा था। इस मामले की सूचना आरोपी के पुत्र शैलेश कुमार ने अंचलाधिकारी को दी थी।

अंचलाधिकारी मनोज कुमार ने मामले की जांच कराई और आरोप सही मिलने पर जेपीएलई का केस दायर किया। इस मामले में शैलेश कुमार को ही प्रतिवादी बनाया गया। चूंकि आरोपी जमीन का कोई कागजात दिखाने में विफल रहे, इसलिए एकतरफा आदेश पारित किया गया। गत 16 सितंबर को ही इस भवन को तोड़ने का आदेश पारित किया गया था। चर्चा है कि इस मामले में पिता-पुत्र में ही विवाद हो गया था। इसकी वजह से बात अंचल कार्यालय तक पहुंच गई और भवन को तोड़ने की नौबत आ गई।

# खराब पड़ी जलमीनार को दुरुस्त कराने की मांग

**गढ़वा/भवनाथपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड अंतर्गत टाऊनशिप के झोपड़पट्टी टोला के ग्रामीणों ने लंबे समय से खराब पड़े जलमीनार की मरम्मत की मांग को लेकर शुक्रवार को बीडीसी संजू देवी व उप मुखिया वैश खां के नेतृत्व में बीडीओ नंदजी राम से मुलाकात की। ग्रामीणों का कहना है कि पिछले 8 माह से गोड़गावा स्कूल के पास स्थित जलमीनार और पिछले 7 माह से नागेंद्र लाल के घर के पास वाला जलमीनार खराब पड़ा है। उससे पूरे टोला के लोगों को पेयजल संकट का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीण अजय गुप्ता, भोला भूइयां, रघु भूइयां, संजय भूइयां, विनोद भूइयां, रामनाथ भूइयां, पार्वती देवी, पुष्पा देवी और रीना देवी ने बताया कि जलमीनार बंद होने के कारण उन्हें रोजाना दूर-दूर से पानी लाना पड़ता है। गर्मी और बारिश के मौसम में स्थिति और भी खराब हो गई है। कई बार इस समस्या को पंचायत में उठाया गया लेकिन अब तक समाधान नहीं हुआ। बीडीओ नंदजी राम ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि कल्याण विभाग से लगाए गए दोनों जलमीनार की जल्द मरम्मत कराई जाएगी ताकि ग्रामीणों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध हो सके। बीडीओ ने कहा कि संबंधित विभाग को सूचना भेज दी गई है। शीघ्र दुरूस्त करा दिया जाएगा।

# खेतों पर आरी के रास्ते अखौरी दीदरी आंगनबाड़ी केंद्र पहुंची डीसी

## बच्चों से की बात, सेविकाओं को दिए निर्देश

■ डीसी के नेतृत्व में नीलांबर पितांबरपुर प्रखंड के विभिन्न आंगनबाड़ी केंद्र व जन वितरण प्रणाली दुकानों की अलग-अलग पदाधिकारियों ने की जांच

नव बिहार टाइम्स संवाददाता

**मेदिनीनगर (पलामू)।** जन वितरण प्रणाली के दुकानों व आंगनबाड़ी केंद्रों में सभी व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने व कहां किस चीज की कमी है,आमजनों या बच्चों को क्या समस्या है, इसका आकलन करने के उद्देश्य से जिले की उपायुक्त समीरा एस व जिला स्तरीय टीम अनोखे तरीके से शनिवार को खेतों पर आरी के रास्ते अखौरी दीदरी 2 आंगनबाड़ी केंद्र पहुंची। उन्होंने बच्चों से बात की। केंद्र पहुंचने के पश्चात उन्होंने सर्वप्रथम केंद्र तक सड़क नहीं होने से संबंधित विषयों का आकलन किया। वहीं केंद्र में पढ़ रहे बच्चों से उनको दिए जाने वाले भोजन की सामग्रियों के संबंध में जानकारी ली। वहीं बच्चों के वजन मापने के यंत्र में बैट्री नहीं पाया गया।

बच्चों की उपस्थिति पंजी से मिलान कर पाया गया कि औसतन इस केंद्र पर 7 से 9 बच्चे ही आते हैं। लेकिन भोजन 20 बच्चों का बनता है। इस विषय पर उन्होंने सेविका से जवाब तलब किया। यहां बच्चों द्वारा शौचालय का उपयोग नहीं होने का मामला प्रकाश में आया।इसी तरह केंद्र के समीप लगे चापानल के धस जाने से उसका उपयोग नहीं होने का मामला संज्ञान में आया। बच्चों द्वारा बताया गया कि उन्हें प्रतिदिन अंडा नहीं दिया जाता है। इसके बाद उपायुक्त ने भंडार टोला में सेविका सविता देवी के घर में संचालित हो रहे केंद्र का निरीक्षण किया। इस दौरान तय समय से पहले ही बच्चों को छुट्टी दिए जाने का मामला प्रकाश में आया। यहां डीसी ने सेविका को तय समय पर ही बच्चों को छुट्टी दिये जाने का निर्देश दिया। इसी तरह कुंवरबांध आंगनबाड़ी केंद्र का भी निरीक्षण कर बच्चों से बात की। यहां विभिन्न विषयों पर सेविका द्वारा बतायी गयी बातों व बच्चों की बातों में अंतर पाया गया। इस केंद्र पर सेविका ने बच्चों के उपस्थिति पंजी को व्यवस्थित ढंग से संधारित नहीं था।



डीसी के साथ गये सदस्यों ने सभी केंद्रों के विभिन्न बिंदुओं को नोट किया गया। शनिवार को किए गए निरीक्षण में पूणार्डीह पंचायत के नंदलाल राम, दिलीप कुमार गुप्ता एवं उजाला महिला स्वयं सहायता समूह द्वारा संचालित जन वितरण प्रणाली के दुकानों के जांच की गई । इसी तरह लेस्लीगंज पंचायत के ओम प्रकाश लाल, कुंदन कुमार एवं चेतना स्वयं सहायता समूह द्वारा संचालित दुकानों का निरीक्षण किया गया। सांगबार पंचायत के संजय कुमार सिंह, नारद मांझी व पूजा आजीविका स्वयं सहायता समूह द्वारा संचालित दुकानों का जांच किया गया। वहीं कुन्द्री पंचायत में संजीव कुमार सिंह, जय मां काली एसएचसी व कुन्द्री स्वयं सहायता समूह द्वारा संचालित दुकानों की जांच की।वहीं पूणार्डीह के मुंदरिया, बसौरा व पूणार्डीह आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण किया। इसी तरह लेस्लीगंज के लेस्लीगंज आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 1, 2 व 3 का जांच किया गया। वहीं संगबार पंचायत के दीदरी 1 व 2, संगबार आंगनबाड़ी केंद्र का जांच किया गया। इसी तरह कुन्द्री पंचायत अंतर्गत कुन्द्री वन व टू आंगनबाड़ी केंद्र तथा कुन्द्री आंगनबाड़ी केंद्र की जांच की गई।

इसके पूर्व उपायुक्त ने बाकायदा जिला स्तरीय टीम का गठन किया। उपायुक्त के नेतृत्व में टीम के सदस्य अपर समाहर्ता, छत्तरपुर एसडीएम, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, डीआरडीए निदेशक, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, लेस्लीगंज बीडीओ-सीओ सुबह 11 बजे लेस्लीगंज प्रखंड कार्यालय पहुंचे। यहां सभागार में डीसी ने टीम के सदस्यों संग बैठक कर किस पदाधिकारी को कौन जन वितरण प्रणाली दुकान की जांच करनी है, यह तय किया। साथ ही सभी को जांच के लिए आंगन बाड़ी केंद्र अलॉट किया। इसके बाद सभी पदाधिकारी जांच हेतु अपने-अपने गंतव्य की ओर निकल पड़े। जांच के पश्चात डीसी ने लेस्लीगंज ब्लॉक में सभी पदाधिकारियों संग की बैठक, जांच रिपोर्ट की समीक्षा की। जांच के पश्चात उपायुक्त समीरा एस ने लेस्लीगंज ब्लॉक सभागार में जांच करने वाले सभी पदाधिकारियों संग बैठक की। इस दौरान सभी जन वितरण प्रणाली के दुकानों व आंगनबाड़ी केंद्रों के जांच प्रतिवेदन की समीक्षा की। जांच अभियान का फाइनल प्रतिवेदन तैयार कर जन वितरण प्रणाली के दुकानों व आंगनबाड़ी केंद्रों के बेहतर संचालन में भविष्य में महत्वपूर्ण निर्णय व बदलाव किया जायेगा।

# दुगार्पूजा के पूर्व हो सहायक अध्यापकों के मानदेय का भुगतान : सुखदेव

नव बिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** दुगार्पूजा जैसे महत्वपूर्ण त्यौहार को देखते हुए झारखंड सरकार और विभागीय अधिकारियों से प्रदेश के सभी 62 हजार सहायक अध्यापकों के तरफ से विनम्र निवेदन है कि सभी सहायक अध्यापकों का मानदेय भुगतान दशहरा के पूर्व होना सुनिश्चित किए जाएं ताकि पूजा के दौरान सभी सहायक अध्यापकों,सीआरपी, बीआरपी एवं परियोजना कर्मी पूजा के अवसर पर अपनी जरूरत मंद वस्तुओं को खरीदारी के लिए किसी तरह की परेशानी नहीं उठाना पड़े। चूंकि प्रत्येक माह 26 से 25 तारीख तक का अब्सेंटी जमा किया जाता है और भुगतान होते होते 10 ,12 तक का समय लग जाता है जबकि दुगार्पूजा 1, 2 अक्टूबर को ही खत्म होना है इस परिस्थिति में हर हाल में 25 तक अब्सेंटी जमा हो जाना चाहिए और भुगतान कम से कम 28 से 29 तक में हर हाल में हो जाना चाहिए तब जाकर मानदेय भुगतान दशहरा के लिए काम में आ सकता है नहीं तो सभी सहायक अध्यापक गरीब परिवार से हैं और बहुत कम मानदेय भुगतान से हम सभी परिवार के लिए संतोषजनक तो नहीं है और अगर पूजा के पूर्व भुगतान नहीं होता है तो दुगार्पूजा हम सभी के लिए फीका पड़ सकता है आप सभी सहायक अध्यापक सही समय पर अब्सेंटी जमा कर दें ताकि अब्सेंटी का बहाना नहीं बन सके हालांकि राज्य परियोजना से भुगतान से संबंधित लेटर बहुत जल्द जारी होने की संभावना है लेटर जारी होते ही अविलंब सभी अकाउंटेंट संबंधित जिले को भुगतान शीट भेजने की अपनी भागीदारी सुनिश्चित करेंगे दशहरा को देखते हुए इसके लिए जिले के उपायुक्त एवं डीएसइ साहब से भी आग्रह किया जाएगा।

# हजारीबाग के डॉ. अंकित जयपुरियार को मिलेगी एसीएस की मानद फेलोशिप

नवीन सिन्हा

**हजारीबाग।** शहर के प्रख्यात सर्जन डॉ. अंकित जयपुरियार का चयन इस वर्ष अमेरिकन कॉलेज ऑफ सर्जन्स (अउर) की मानद फेलोशिप के लिए हुआ है। यह सम्मान उन्हें 4 से 7 अक्टूबर तक अमेरिका के शिकागो में आयोजित होने वाले वर्ल्ड कांग्रेस 2025 कार्यक्रम के दौरान प्रदान किया जाएगा।

झारखंड से इस सम्मान के लिए चयनित होने वाले वे एकमात्र चिकित्सक हैं। डॉ. अंकित वर्तमान में अनुबंध पर विष्णुगढ़ में स्पेशलिस्ट मेडिकल ऑफिसर के पद पर कार्यरत हैं। इससे पूर्व वे सीएमसी कोयम्बटूर, ओएनसी हॉस्पिटल चेन्नई और सीडीटीएच हॉस्पिटल रायपुर जैसे प्रतिष्ठित चिकित्सा संस्थानों में बतौर सर्जन अपनी सेवाएं दे चुके हैं।

लेप्रोस्कोपी और इंडोस्कोपी द्वारा ऑपरेशन में विशेष दक्षता रखने वाले डॉ. अंकित ने बताया कि छोटे शहर में आधुनिक तकनीक के सफल उपयोग और अपने अनुभव के आधार पर उन्हें यह अवसर प्राप्त हुआ। उन्होंने



बताया कि चयन प्रक्रिया बेहद कठिन रही। छह से सात माह तक ऑनलाइन परीक्षा, फिर दिल्ली के मौलाना आजाद मेडिकल कॉलेज के प्रोफेसर द्वारा साक्षात्कार और अंत में अमेरिका के प्रोफेसरों द्वारा अंतिम साक्षात्कार के बाद उनका चयन हुआ। मानद फेलोशिप के साथ उन्हें आधुनिक सर्जरी की नवीनतम तकनीकों की ट्रेनिंग भी दी जाएगी। डॉ. अंकित ने इसे अपने लिए ही नहीं, बल्कि झारखंड और हजारीबाग के लिए भी गौरव का क्षण बताया।

# दिवंगत अधिवक्ता को जिला अधिवक्ता संघ द्वारा दी गई श्रद्धांजलि

नव बिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** अखिल भारतीय यादव महासभा के गिरिडीह जिला अध्यक्ष एवं अधिवक्ता धनेश्वर यादव का रांची के एक अस्पताल में निधन हो गया था। इसे लेकर अधिवक्ता संघ ने शनिवार को बार लाइब्रेरी में शोकसभा का आयोजन कर उन्हें भावभीनीश्रद्धांजलि दी।

इस मौके पर गिरिडीह जिला अधिवक्ता संघ के पदाधिकारी तथा वरिष्ठ अधिवक्ताओं ने अपने विचार व्यक्त कर स्वर्गीय धनेश्वर यादव को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की मालूम हो, कुछ दिनों से वे बीमार थे और रांची के एक निजी अस्पताल में उनका इलाज चल रहा था। वहीं इलाज क्रम में उन्होंने अंतिम सांस ली। वे अपने पीछे भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं।इस शोकसभा में गिरिडीह वकालत खाना गिरिडीह में बार एसोशिएशन के अध्यक्ष प्रकाश सहाय, सचिव चुन्नूकांत मंटू सिन्हा, दुर्गा पांडे, अर्जुन महतो, नदलाल यादव, दामोदर गोप, दशरथ प्रसाद, भुनेश्वर महथा, विपिन यादव, विमल यादव, जयदेव यादव, मनोज कुमार, वीरेंद्र यादव, रूद्रदेव वर्मा, उपेंद्र पांडे, दिनेश शर्मा , चंदन कुमार सिंनहा सहित अन्य ने उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

# धनेश्वर यादव की स्मृति में मंत्री ने किया पौधारोपण

नव बिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** अखिल भारत वर्षीय यादव महासभा गिरिडीह के पूर्व जिला अध्यक्ष स्व धनेश्वर यादव के निधन पर दुख व्यक्त करते केन्द्रीय मंत्री माननीय अन्नपुर्णा देवी सिरसिया स्थित आवास पहुंचकर धनेश्वर यादव के परिजन से मुलाकात कर ढाढस बंधाया ओर कहा कि स्व धनेश्वर जी नेक दिल के व्यक्ति थे।

उन्होंने समाज को आगे बढ़ाने में पूरा योगदान दिया उनके नेतृत्व में समाज का जो कार्य हो रहा था उसे हमलोग मिलकर आगे बढ़ाने का काम करेंगे साथ दिनेश यादव जदयू के प्रदेश सचिव सह कोडरमा जिला जदयू प्रभारी सरयु गोप भाजपा जिला अध्यक्ष महादेव दुबे दिलीप वर्मा पूर्व प्रमुख रामप्रसाद यादव समाज के जिला उपाध्यक्ष राजेन्द्र यादव महासचिव शिवशंकर गोप राजेश कुमार संजय यादव नरेश यादव के अलावे सैकड़ों लोग मौजूद थे अन्त में स्व धनेश्वर यादव के यादगार के लिए एक वृक्ष रोपण मंत्री महोदया द्वारा किया गया। बजरंगी यादव देवेन्द्र यादव प्रकाश मंडल आदि मौजूद थे।



# कुड़मी समुदाय को उसका अधिकार वापस करें केंद्र सरकार : डिंपल चौबे

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा महिला जिला अध्यक्ष डिंपल चौबे व उनकी जिला कमेटी द्वारा कुड़मी समुदाय के हो रहे रेल टेका आंदोलन में प्रधानखन्ता स्टेशन जाकर आंदोलन में शामिल हुई और समर्थन किया। साथ ही आंदोलनकारियों की मांगों को जायज बताया डिंपल चौबे ने केंद्र सरकार पर सीधा निशाना साधा और कहा कि केंद्र सरकार उनकी मांगों को अभिलंब पूरा करें उनकी मांग नई नहीं है कुड़मी समुदाय को षड्यंत्र के तहत आदिवासी वर्ग से हटाया गया है जो उचित नहीं है ,देखा जाए तो आज की वर्तमान परिपेक्ष में फूट डालो और शासन करो का नीति अपनाई जा रही है बिना वोट बैंक देखें किसी भी प्रकार का विकास का कार्य नहीं हो पा रहा साफ तौर पर सत्ता में कैसे काबिज हो केवल इसको लेकर राजनीति की जा रही है आम जनता के कष्टों से केंद्र सरकार हो या राज्य सरकार उन्हें कोई सरोकार नहीं।

# वाहन जांच अभियान चलाकर डीटीओ ने 2 लाख से ज्यादा का जुर्माना वसूला

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** राष्ट्रीय राज्यमार्ग 320 पर सेक्टर-12 थाना क्षेत्र पर जिला परिवहन पदाधिकारी मारुति मिंज द्वारा आज चलाए गए सघन वाहन जांच अभियान के दौरान कुल 08 वाहनों से 2 लाख 23 हजार रुपए का जूमार्ना लिया गया।

उपायुक्त अजय नाथ झा के निर्देश पर जिला परिवहन पदाधिकारी श्रीमती मारुति मिंज द्वारा जांच अभियान चलाकर मोटरवाहन अधिनियम के विभिन्न नियमों के उल्लंघन में कुल 08 वाहन से 2 लाख 23 हजार रुपए जुमार्ना वसूला गया। डीटीओ के नेतृत्व में अभियान के तहत कुल 47 वाहनों की जांच की गई, जिसमें फिटनेस सर्टिफिकेट, रिफ्लेक्टिव टेप, ओवर लोडिंग, इंश्योरेंस फेल एवं टैक्स फेल होने को लेकर 08 वाहनों पर कार्रवाई करते हुए जुमार्ना वसूला लिया गया। साथ ही डीटीओ मारुति मिंज ने चास प्रखंड के आईटीआई मोड, सेक्टर- 12 मोड़, बिरसा चौक सहित अन्य सेक्टरो के चौक चौराहों पर दो पहिया वाहनों सहित चार पहिया वाहनों की जांच की गई, जिसमें हेलमेट, रजिस्ट्रेशन, पॉल्यूशन, लाइसेंस, सीट बेल्ट, रिफ्लेक्टिव टेप सहित अन्य की जांच की। इस दौरान दो पहिया वाहन चालकों को हेलमेट लगाने के साथ चार पहिया वाहन चालकों को सीट बेल्ट लगाने का निर्देश भी दिया गया। वाहन जांच के दौरान मोटरवाहन निरीक्षक अन्य उपस्थित थे।




# सरस्वती विद्या मंदिर में कबाड़ से जुगाड़ प्रतियोगिता का आयोजन

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** सरस्वती विद्या मंदिर 3सी में 'स्वच्छता ही सेवा- 2025' के अंतर्गत भव्य समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय में कई प्रतियोगिताओं का सफलतापूर्वक आयोजन हुआ, जिनमें विशेष रूप से 'कबाड़ से जुगाड़' प्रतियोगिता रही। इस प्रतियोगिता में छात्रों और उनके भाई-बहनों ने विभिन्न प्रकार की रचनात्मक और उपयोगी वस्तुएँ बनाई, जिससे यह स्पष्ट हुआ कि अपशिष्ट को भी संसाधन बनाकर पर्यावरण को स्वच्छ और सुंदर रखा जा सकता है। कार्यक्रम का शुरूआत अतिथियों के दीप प्रजवलन से हुआ।

अतिथि के रूप में संजय गोप, हस्तशिल्प विकास संस्थान, हजारीबाग के कोषाध्यक्ष, विद्यालय के प्राचार्य संजीव कुमार, विद्यालय के सचिव राजकुमार, विद्यालय के प्रभारी समीर श्रीवास्तव उपस्थित रहे। प्रधानमंत्री ने कहा था, स्वच्छता केवल सरकारी योजना नहीं, यह 140 करोड़ देशवासियों का सामूहिक संकल्प है। स्वच्छ भारत ही स्वस्थ भारत और विकसित भारत का मार्ग प्रशस्त करेगा। विद्यालय के भैया बहनों ने गीत, नृत्य, कविता-पाठ और अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से स्वच्छता का महत्व प्रस्तुत किया। इन कार्यक्रमों ने यह स्पष्ट किया कि स्वच्छता ही स्वास्थ्य, पर्यावरण और प्रगति की कुंजी है। शपथ ग्रहण समारोह में विद्यालय के सभी आचार्य और दिदी तथा भैया बहनों ने भाग लिया। सभी ने मिलकर स्वच्छता का संकल्प लिया कि वे अपने घर, विद्यालय और आसपास के क्षेत्र को सदैव स्वच्छ रखेंगे और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करेंगे। पुरस्कार वितरण समारोह में 'कबाड़ से जुगाड़' और अन्य प्रतियोगिताओं में विजयी भैया बहनों को सम्मानित किया गया।

# अग्रसेन जयंती समारोह धूमधाम से मनाने का निर्णय

नव बिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** अग्रवाल समाज गिरिडीह की एक बैठक वंडर वर्ल्ड हॉल बरगंडा में अध्यक्ष अरविंद कुमार की अध्यक्षता में की गई। बैठक में प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी अग्रसेन जयंती सह परिवार मिलन समारोह धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। इसके लिए सर्वसम्मति से अरविंद कुमार को कार्यक्रम का संयोजक बनाया गया।

श्री कुमार ने बताया कि 22 सितंबर को होटल संगम गार्डेन में सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक कार्यक्रम होगा। कार्यक्रम की शुरूआत महाराजा अग्रसेन की पूजा-अर्चना से की जाएगी। इसके बाद बच्चों के बीच सांस्कृतिक कार्यक्रम व महिलाओं के लिए गेसिंग द नंबर खेल का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम का समापन सामुहिक महाप्रसाद ग्रहण के पश्चात किया जाएगा। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए एक कोर कमेटी का गठन किया गया है, जिसमें सचिव प्रमोद अग्रवाल, उपाध्यक्ष अनिल अग्रवाल, मीडिया प्रभारी सुधीर अग्रवाल समेत मनोज अग्रवाल, राजेश अग्रवाल, दिनेश अग्रवाल, रंजीत मोदी, प्रदीप अग्रवाल, अजित मोदी, विकास अग्रवाल, सौरव अग्रवाल, बिपिन अग्रवाल, गोपाल अग्रवाल आदि को शामिल किया गया है।



# रिटायर्ड ऑफिसर्स आर्गेनाइजेशन की आम सभा

**पटना/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** आज पटना के फ्रेजर रोड स्थित होटल सम्राट में बैंक ऑफ इंडिया रिटायर्ड ऑफिसर्स औरगेनाइजेशन बिहार राज्य इकाई की वार्षिक आम सभा संगठन के अध्यक्ष श्री हरिनारायण अग्रवाल की अध्यक्षता में संपन्न हुई।

महासचिव श्री उमेश तिवारी ने अतिथियों का स्वागत करते हुए संगठन की गतिविधियों पर प्रकाश डाला। श्री तिवारी ने आगामी वर्ष की कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा करते हुए पेंशन अपडेशन, सेवानिवृत कर्मचारियों के लिए ग्रुप बीमा प्रिमियम पर सबसिडी एवं जी एस टी हटाने, सेवा निवृत कर्मचारियों के संगठनों को पेंशन वार्ता में शामिल करने आदि की मांगों पर संघर्ष तेज करने का संकल्प दुहराया। संगठन के अखिल भारतीय संगठन के महासचिव श्री हरविंदर सिंह ने अपने विडिओ संदेश के माध्यम से केंद्रीय कार्यकारिणी की उपलब्धि की चर्चा की और आगे के संघर्ष के लिए राज्य इकाई को दिशा निर्देश दिए। संगठन के वाइस चेयरमैन एवं बैंक आफ इंडिया के पूर्व उप महा प्रबंधक श्री अमरेंद्र कुमार ने वेलफेयर योजनाओं पर प्रकाश डाला और सबको उससे जुड़ने का आग्रह किया। श्री अमरेंद्र पाण्डेय के धन्यवाद ज्यापन और राष्ट्र गान के साथ सभा समाप्त हुई।



# प्रधानमंत्री मोदी की जीवनी पर प्रदर्शनी का केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने किया उद्घाटन

नव बिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** सेवा पखवाड़ा 2025 के तहत गिरिडीह झंडा मैदान में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जीवनी पर आधारित प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि कोडरमा सांसद सह केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने फीता काटकर किया।

प्रदर्शनी में पीएम मोदी के जीवन संघर्ष, विचारधारा और उनके द्वारा राष्ट्र निर्माण की दिशा में किए गए कार्यों को रेखांकित किया गया उद्घाटन के बाद मौके पर उपस्थित भाजपा कार्यकताओं और नेताओं ने ह्लहर घर स्वदेशी, घर-घर स्वदेशीह्व का नारा बुलंद किया, जिससे माहौल देशभक्ति के जोश से गूंज उठा इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष महादेव दुबे, सांसद प्रतिनिधि दिनेश प्रसाद यादव, शालिनी बैशखियार, मुकेश जालान, कामेश्वर पासवान समेत पार्टी के कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे प्रदर्शनी का उद्देश्य युवाओं और आम जनता को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जीवन दर्शन से प्रेरित करना और आत्मनिर्भर भारत की दिशा में उन्हें जागरूक करना बताया गया।7




# अनुमंडलीय अस्पताल बरही में नव भारत जागृति केन्द्र चौपारण द्वारा मोतियाबिंद जांच शिविर का आयोजन

नव बिहार टाइम्स संवाददाता

**बरही।** अनुमंडलीय अस्पताल बरही में नव भारत जागृति केन्द्र, चौपारण की ओर से मोतियाबिंद जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कुल 79 मरीजों की आंखों की जांच की गई, जिनमें से 25 मरीजों को मोतियाबिंद ऑपरेशन हेतु चयनित किया गया। इन मरीजों का ऑपरेशन लोक नायक जयप्रकाश आंख अस्पताल, चौपारण में निःशुल्क किया जाएगा।

नेत्र सहायक द्वारा मरीजों को जागरूक कर मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही यह जानकारी दी गई कि मरीजों को घर से अस्पताल तक लाने और ऑपरेशन के बाद घर तक पहुंचाने की पूरी व्यवस्था निःशुल्क की जाएगी।

बरही अनुमंडलीय अस्पताल के प्रभारी डॉ. प्रकाश ज्ञान ने उपस्थित लोगों से अपील करते हुए कहा कि ह्लआंख है तो सब कुछ है,ह्व इसलिए आंखों की बीमारी को नजरअंदाज न करें और समय पर उपचार कराएं। शिविर के दौरान अस्पताल के सभी कर्मचारी मौजूद रहे और विशेषकर वृद्ध एवं जरूरतमंद मरीजों को हर संभव सहयोग प्रदान किया।



# आंदोलनकारी छात्रों ने कॉलेज में की तालाबंदी

## शुल्क वृद्धि का कर रहे थे विरोध



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पाकुड़।** बीएड पाठ्यक्रम शुल्क में की गई बढ़ोतरी के विरोध में शनिवार को आदिवासी कल्याण बालक छात्रावास के छात्रों ने के-केएम महाविद्यालय, पाकुड़ स्थित बीएड कालेज में अनिश्चितकालीन तालाबंदी कर दी।

तालाबंदी के कारण कॉलेज में नामांकन की प्रक्रिया पूरी तरह ठप हो गई, जिससे दूर-दराज से आए छात्रों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।

तालाबंदी का नेतृत्व छात्र नेता कमल मुर्मू ने किया। उन्होंने बताया कि पूर्व में बीएड नामांकन के लिए 88,000 शुल्क लिया जाता था, जिसे अब बढ़ाकर 1,30,000 कर दिया गया है। यह 42,000 की भारी वृद्धि है, जो सीधे तौर पर गरीब छात्रों के साथ अन्याय है।

उन्होंने कहा कि इतनी अधिक राशि वसूलना छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ है और इससे जिले के गरीब व पिछड़े वर्ग के छात्र-छात्राएं बीएड की पढ़ाई से वंचित हो सकते हैं।

छात्रों ने आरोप लगाया कि पाकुड़ बीएड कालेज की मान्यता पूर्व में कागजातों की कमी के कारण रद की गई थी। हाल ही में कॉलेज को मान्यता तो मिल गई है, लेकिन अब तक कॉलेज के पास जरूरी दस्तावेज उपलब्ध नहीं हैं। इसके बावजूद इतनी भारी शुल्क वृद्धि करना अनुचित है।

छात्रों ने बीएड विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और कहा कि जब तक मांगें पूरी नहीं होतीं, आंदोलन जारी रहेगा। इस दौरान छात्रों ने अपनी मांगों को लेकर प्रभारी प्राचार्य के माध्यम से कुलपति को ज्ञापन प्रेषित किया।

छात्रों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द समाधान नहीं निकाला गया तो आंदोलन और तेज किया जाएगा। तालाबंदी के कारण बीएड नामांकन की अंतिम तिथि होने के बावजूद एक भी नामांकन नहीं हो सका, जिससे कई छात्र-छात्राओं को मायूस लौटना पड़ा। मौके पर मार्शल मुर्मू, पिंकी मरांडी, मीनू हांसदा सहित कई छात्र-छात्राएं उपस्थित थीं।

## कार्यशाला में दी गयी योजनाओं की जानकारी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सिमडेगा।** मेरा युवा भारत, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय,भारत सरकार द्वारा राजकीय पालिटेक्निक कालेज, सिमडेगा में भारत सरकार की प्रमुख योजनाओं पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें न केवल योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई, बल्कि इसका लाभ कैसे लिया जाए, कौन- कौन से दस्तावेज की जरूरत है, कब कौन सी प्रक्रिया पूरी करनी है, पूरी जानकारी दी गई। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को भारत सरकार की प्रमुख जन-कल्याणकारी योजनाओं से अवगत कराना एवं उन्हें लाभ उठाने हेतु प्रेरित करना था। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डा.संदीप कुमार शर्मा, प्राचार्य, राजकीय पालिटेक्निक कालेज, सिमडेगा उपस्थित रहें। कार्यक्रम में कालेज के लगभग दो सौ बच्चों ने भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ युवा प्रेरणा स्रोत स्वामी विवेकानंद की तस्वीर पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ।

# रिम्स का फिजियोथेरेपी विभाग बदहाल

## मरीज हो रहे परेशान




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** रिम्स के फिजियोथेरेपी विभाग की दुर्दशा इन दिनों मरीजों और स्टाफ दोनों के लिए बड़ी समस्या बन गई है। रोजाना सौ से अधिक मरीज यहां थेरेपी के लिए पहुंचते हैं, लेकिन विभाग की खस्ताहाल स्थिति से न सिर्फ इलाज प्रभावित हो रहा है, बल्कि मरीज असहज महसूस कर रहे हैं।

विभाग का माहौल इतना अस्वच्छ है कि मरीज आने से डरने लगे हैं। बेसमेंट से निकलने वाला गंदा पानी लगातार वार्ड में बहता रहता है और इसी बीच मरीजों को थेरेपी दी जाती है। विभाग में सुविधाओं की भारी कमी है। फिजियोथेरेपी के लिए आवश्यक उपकरण उपलब्ध नहीं हैं। मजबूरी में थेरेपिस्ट अपने साथ लाए छोटे उपकरणों का इस्तेमाल करते हैं। कई बड़े उपकरणों के अभाव में मरीजों को केवल डेमो दिखाकर ही संतोष दिलाया जाता है।

सबसे चिंताजनक स्थिति विभाग का डाइट रूम में गंदगी और टूटे-फूटे सामान पड़े हैं। सभी खराब उपकरण और सामान रूम में हैं। वहीं दीवारों की सीलन और टूटते प्लास्टर कभी भी हादसे को जन्म दे सकते हैं।

समस्या यहीं खत्म नहीं होती। विभाग तक पहुंचने के लिए लिफ्ट की सुविधा उपलब्ध है, मगर वह बेसमेंट तक नहीं जाती। सीढ़ियों से उतरते समय अंधेरा रहता है और उस क्षेत्र में चमगादड़ों का बसेरा है। मरीज-स्टाफ डर और असहजता के बीच आने जाने को मजबूर हैं।

विभाग के फिजियोथेरेपिस्ट बताते हैं कि यहां सिर्फ पांच ही थेरेपिस्ट कार्यरत हैं। 2019 के बाद से किसी नई नियुक्ति नहीं हुई है, जिससे स्टाफ की भारी कमी बनी हुई है। स्थिति यह है कि थेरेपिस्टों को आर्थोपेडिक और अन्य विभागों में जाकर मरीजों को थेरेपी देनी पड़ती है। थेरेपिस्ट की कमी के कारण कई मरीजों को इंतजार करना पड़ता है। उन्होंने बताया कि कई बार पत्र लिखकर पदाधिकारियों को इस स्थिति से अवगत कराया गया, लेकिन हर बार फाइल प्रोसेस में है या फाइल खो गई जैसी बातें सुनने को मिलते हैं। थेरेपिस्ट अब फाइल ढूंढे या या थेरेपी दे।

# दुर्गापूजा को ले उपायुक्त ने की जिला स्तरीय समीक्षा

## विधि-व्यवस्था संधारण एवं शांतिपूर्ण आयोजन पर दिए आवश्यक निर्देश




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**खूंटी।** दुर्गापूजा एवं विजयादशमी त्यौहार के सफल, सुरक्षित एवं शांतिपूर्ण आयोजन को लेकर आज समाहरणालय स्थित सभागार में उपायुक्त-सह-जिला दंडाधिकारी, आर. रॉनिटा की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला के सभी पदाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी, थाना प्रभारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचल अधिकारी उपस्थित रहे।

इस वर्ष जिले में 22 सितंबर को कलश स्थापना, 29 सितंबर को महासप्तमी, 30 सितंबर को महाअष्टमी, 1 अक्टूबर को महानवमी एवं 2 अक्टूबर को विजयादशमी तथा रावण दहन कार्यक्रम का आयोजन प्रस्तावित है। बैठक में उपायुक्त ने सभी अधिकारियों से उनके क्षेत्र में आयोजित दुर्गापूजा समितियों, लाइसेंसी एवं गैर-लाइसेंसी पूजा पंडालों तथा रावण दहन कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी प्राप्त की। उन्होंने थानेवार आयोजित शांति समिति की बैठकों की समीक्षा की।

उपायुक्त ने निर्देश दिया कि सभी थाना प्रभारी, बीडीओ एवं सीओ अपने-अपने क्षेत्र में सक्रिय रहकर समन्वय के साथ कार्य करें। उन्होंने कहा कि सभी पूजा पंडालों का भौतिक सत्यापन अनिवार्य रूप से किया जाए।

सुरक्षा की दृष्टि से पंडालों में सीसीटीवी कैमरा अधिष्ठापन, पंडालों में महिला और पुरूष के लिए एंट्री व एग्जिट पॉइंट की पहचान, अग्निशामक की व्यवस्था, विसर्जन तालाब में जल स्तर की जांच एवं बैरिकेडिंग, गोताखोर एवं लाइफ जैकेट की उपलब्धता, ट्रैफिक की पर्याप्त व्यवस्था, विसर्जन मार्ग एवं समय का निर्धारण, रावण दहन स्थल पर बैरिकेडिंग, विद्युत तारों की मरम्मती समेत अन्य जरूरी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

जिला कंट्रोल रूम, थाना का नंबर एवं अन्य इमरजेंसी नम्बर को सक्रिय रखने एवं सभी पूजा पंडाल में नंबरों को दर्ज करने के निर्देश दिए गए। पेयजल की व्यवस्था, स्ट्रीट लाइट एवं सीसीटीवी की मरम्मत सुनिश्चित करने हेतु कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद को निर्देश दिया गया।

सदर अस्पताल, सीएचसी एवं पीएचसी केंद्र को त्योहारों के दौरान पूर्ण रूप से सक्रिय रखने का निर्देश सिविल सर्जन को निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने कहा कि चिकित्सक एवं स्वास्थ्य कर्मी अस्पतालों में उपलब्ध हो, जिससे मरीजों को ईलाज कराने में समस्या न हो। वहीं अवैध रूप से शराब बिक्री को लेकर जांच एवं आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश उत्पाद अधीक्षक को दिया गया।

उपायुक्त ने विशेष रूप से निर्देशित किया कि प्रतिनियुक्त पदाधिकारी उत्तरदायित्वपूर्ण कार्य निष्पादन करें तथा विधि-व्यवस्था संधारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। साथ हीं त्यौहारों के दौरान डिस्ट्रिक्ट कंट्रोल रूम को सक्रिय रहने एवं किसी भी प्रकार की सूचना पर त्वरित कार्रवाई का निर्देश दिया गया।

### सुरक्षा की चाक चौबंद व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश

बैठक में उप विकास आयुक्त आलोक कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी सुश्री दीपेश कुमारी, अपर समाहर्ता श्री परमेश्वर मुण्डा, अनुमंडल पदाधिकारी खूंटी श्री वरुण रजक, डीएसपी मुख्यालय, सिविल सर्जन, डीसीएलआर, सभी जिला स्तरीय पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी, थाना प्रभारी समेत अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

# औचक निरीक्षण में खुली डाक्टरों की मनमानी की पोल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**जमशेदपुर।** महात्मा गांधी मेमोरियल (एमजीएम) मेडिकल कॉलेज अस्पताल के डॉक्टरों और कर्मचारियों की लापरवाही एक बार फिर उजागर हुई है। अधीक्षक की ओर से बार-बार समय पर अस्पताल आने और पूरा समय ड्यूटी करने का निर्देश देने के बावजूद कई डॉक्टर इसे गंभीरता से नहीं ले रहे हैं।

दो दिन पूर्व ही जिले के उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने एमजीएम अस्पताल का निरीक्षण किया था। तब भी कई सीनियर व जूनियर डॉक्टर गायब मिले थे। इस दौरान उपायुक्त ने सभी चिकित्सकों को समय पर आने का सख्त निर्देश दिया था, लेकिन शुक्रवार को उपाधीक्षक डॉ. जुझार माझी ने निरीक्षण किया तो फिर कई डॉक्टर नहीं मिले।

शुक्रवार की सुबह उपाधीक्षक डॉ. जुझार माझी करीब नौ बजे अस्पताल पहुंचे और औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पाया कि कई ओपीडी में सीनियर डॉक्टर मौजूद नहीं थे। कई विभागों के ओपीडी तो समय पर खुले ही नहीं थे।

निरीक्षण के दौरान ईएनटी, ऑर्थो, शिशु रोग और डेंटल विभाग में डॉक्टर मौजूद पाए गए। लेकिन मेडिसिन, सर्जरी और गायनी विभाग में सीनियर डॉक्टर नदारद थे। वहीं मनोरोग विभाग का ओपीडी तो खुला ही नहीं था। उपाधीक्षक ने कहा कि अनुपस्थित डॉक्टरों की सूची बनाकर अधीक्षक और प्राचार्य को कार्रवाई के लिए भेजी जा रही है। उपाधीक्षक डॉ. जुझार माझी ने स्पष्ट कहा कि अस्पताल में औचक निरीक्षण लगातार जारी रहेगा। अगर भविष्य में किसी भी डॉक्टर या कर्मचारी को ड्यूटी के समय अनुपस्थित पाया गया, तो उसके खिलाफ कार्रवाई की सिफारिश की जाएगी।

गौरतलब है कि दो दिन पहले ही उपायुक्त ने अस्पताल प्रशासन को सख्त निर्देश दिए थे कि सभी डॉक्टर और कर्मचारी समय पर ड्यूटी करें और आठ घंटे की सेवा पूरी करें।

# अनुसूचित जाति आयोग के गठन को ले बैठक आज

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** कांके विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस विधायक सुरेश बैठा ने झारखंड में अनुसूचित जाति आयोग के गठन और उससे जुड़े लंबित मुद्दों को लेकर बड़ा कदम उठाया है। इसी क्रम में वे 21 सितंबर (रविवार) को पुराने विधानसभा सभागार में अनुसूचित जाति की राज्य स्तरीय बैठक आयोजित करेंगे। इस बैठक में कांग्रेस के झारखंड प्रभारी के. राजू मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे।शनिवार को आवास पर प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए विधायक बैठा ने कहा कि झारखंड में अनुसूचित जाति आयोग का गठन तो हो गया है, लेकिन अब तक सदस्यों की नियुक्ति नहीं हुई है। इसी तरह परामर्शदात्री काउंसिल और वित्त निगम का भी गठन नहीं किया गया।

उन्होंने बताया कि झारखंड की लगभग 17 प्रतिशत आबादी अनुसूचित जाति वर्ग से है, जबकि उन्हें केवल 10 प्रतिशत आरक्षण ही मिल रहा है। प्रदेश में फिलहाल केवल 23 छात्रावास हैं, जबकि हर जिले में छात्रावास खोले जाने की जरूरत है।

विधायक बैठा ने कहा कि अनुसूचित जाति आयोग, परामर्शदात्री काउंसिल और वित्त निगम का गठन शीघ्र किया जाए। आरक्षण अनुपात को आबादी के हिसाब से बढ़ाया जाए। सभी जिलों में अनुसूचित जाति छात्रावासों की संख्या बढ़ाई जाए। अनुसूचित जाति समाज की सामाजिक और राजनीतिक भागीदारी सुनिश्चित की जाए। विगत 5-10 वर्षों के बजट आवंटन और खर्च का ऑडिट सामाजिक/महालेखाकार से कराया जाए। जिन लोगों के पास जाति प्रमाण पत्र नहीं है, उनका डेटा सामान्य वर्ग में दर्ज हो रहा है, जिसे तत्काल सुधारा जाए।

सुरेश बैठा ने कहा कि 2024 विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित दो सीटों पर चुनाव लड़ा और दोनों जीते।

# पति को पीटा, पत्नी के साथ सामूहिक दुष्कर्म

## साइकिल से गांव जा रहे थे दंपत्ति

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**तांतनगर।** पश्चिमी सिंहभूम जिले के मंझारी थाना क्षेत्र में एक पुलिया पर गुरुवार शाम चार नाबालिग लड़कों ने एक नाबालिग लड़की के साथ सामूहिक दुष्कर्म किया।

आरोप है कि घटना के समय पीड़िता अपने नाबालिग पति के साथ साइकल से गांव जा रही थी। तभी घात लगाए बैठे चारों आरोपितों ने पहले पति की पिटाई कर दी और उसके मोबाइल फोन को छीन लिया। इसके बाद जान से मारने की धमकी देकर पत्नी के साथ बारी-बारी से दुष्कर्म किया।

आरोप है कि इस दौरान तीन आरोपित पति को पकड़कर रखे हुए थे, जबकि चौथा दुष्कर्म कर रहा था। बाद में फोन लौटाने के बदले आरोपितों ने दस हजार रुपये की मांग भी की।

पीड़िता ने आरोपितों को अपनी पहचान और गोत्र बताते हुए छोड़ देने की गुहार लगाई, लेकिन आरोपियों ने उसकी बातों को अनसुना कर अपराध को अंजाम दिया।

घटना के बाद पीड़ित दंपति किसी तरह घर पहुंचे और परिजनों को जानकारी दी। इसके बाद ग्रामीणों को सूचना दी गई। शुक्रवार सुबह ग्रामीण बैठक में मामला उठाया गया और आरोपितों की तलाश शुरू हुई। इस दौरान चारों आरोपितों को ग्रामीणों की मदद से पकड़ा गया। सूचना पाकर मंझारी थाना प्रभारी दिलीप साय मांझी दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे और चारों आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया।

शिकायत मिलते ही थाना प्रभारी दिलीप साय मांझी ने त्वरित कार्रवाई करते हुए चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। चूंकि सभी आरोपित नाबालिग हैं, उन्हें शनिवार को बाल सुधार गृह भेज दिया गया है।

# कुड़मी जनजाति परिषद के आंदोलनकारियों ने रोकी ट्रेनों की रफ्तार



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गोड्डा।** छोटानागपुरी कुड़मी जनजाति परिषद की ओर से शनिवार को यहां गोड्डा हंसडीहा रेल खंड में गोड्डा के पुनसिया के पास रेल परिचालन को घंटों बाधित कर दिया गया।

जानकारी के अनुसार दोपहर 12 तक दुमका, गोड्डा और भागलपुर रेल खंड पर सभी ट्रेनों का सामान्य रूप से परिचालन हुआ, लेकिन दोपहर बाद पुनसिया रेल पुल के पास हजारों की संख्या में आंदोलनकारी रेल ट्रैक पर उतर आए।

सुरक्षा के पुख्ता बंदोबस्त के बीच वहां आरपीएफ, जैप, डीएपी आदि की तैनाती की गई थी, लेकिन भीड़ के आगे सुरक्षा बलों की नहीं चली। रेल टेका डहर छेका को लेकर विभिन्न रास्ते से कुड़मि रळ आंदोलनकारी पुनसिया गांव के सामने रेलवे पुल के पास रेलवे ट्रैक को जाम कर प्रदर्शन करने लगे।

दोपहर बजे तक वहां आंदोलनकारियों की भीड़ उमड़ने के बाद आंदोलनकारियों को समझाने बुझाने के लिए एसडीओ बैद्यनाथ उरांव, डीएसपी जेपीएन चौधरी, एसडीपीओ अशोक प्रियदर्शी सहित आरपीएफ जवानों ने मोर्चा संभाला।

आंदोलन के कारण देवघर पैसेंजर ट्रेन गोड्डा स्टेशन में खड़ी रही, जबकि गोमती नगर एक्सप्रेस का परिचालन भी प्रभावित हुआ। रेल ट्रैक को खाली कराने ने पुलिस को कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। आंदोलन से कम से कम चार ट्रेनें जगह जगह रुकी रही। दोपहर बाद आंदोलनकारियों को रेलवे ट्रैक से हटाया गया।

छोटानागपुरी कुड़मि जनजाति परिषद के संयोजक सदस्य संजीव कुमार महतो ने बताया कि आजसू पार्टी ने आंदोलन को समर्थन दिया है।

आजसू पार्टी के संथाल परगना प्रमंडल के नेता केदार महतो, देवेंद्र महतो व सुरेश कुमार महतो, रवि महतो, नारायण महतो, राजेश महतो आदि स्थानीय स्तर पर रेल टेका आंदोलन में शामिल हुए।

संजीव महतो ने बताया कि आजादी से कुड़मी जाति एसटी सूची में शामिल थी लेकिन द शेड्यूल ट्राइब आर्डर 1950 में कुड़मि का उल्लेख छोड़ दिया गया।

उसी समय से विभिन्न आदिवासी गैर आदिवासी संगठनों राजनीतिक दलों व सांसद विधायक समाजिक राजनीतिक नेताओं द्वारा उक्त भूल का संशोधन कर कुड़मि को अनुसूचित जनजाति की मान्यता देने के लिए केंद्र सरकार के समक्ष अपनी बात रखी जा रही है।

# रोजगार मेला में 351 युवाओं को किया गया चयनित

## नियोजन के पूर्व दिया जायेगा प्रशिक्षण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**धनबाद।** श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग की ओर से बरटांड़ के नियोजनालय परिसर में आयोजित रोजगार मेले में बेरोजगार युवाओं की भीड़ उमड़ी।

2550 पदों पर युवाओं के चयन के लिए धनबाद, रांची, बेंगलुरु समेत कई शहरों से 27 नियोजक कंपनी पहुंची थीं। सुबह 10 से शाम चार बजे तक आयोजित मेले में 351 युवाओं को विभिन्न कंपनियों की ओर से चयनित किया गया। साथ ही 148 अभ्यर्थी शॉर्टलिस्ट किए गए।

मेले में पहली बार दुबई में नौकरी का अवसर दिया गया। रांची की प्रेझा फाउंडेशन की ओर से 100 युवाओं को चयनित करने का लक्ष्य रखा गया था, जिनमें 41 युवाओं का चयन किया गया।

चयनित युवाओं को पहले प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण पूरी करने के बाद दुबई में काम करने के लिए भेजा जाएगा। विदेश जाने के लिए पासपोर्ट व अन्य प्रक्रियाओं में उनकी मदद भी की जाएगी।

सहायक निदेशक (नियोजन) पदमा कुमारी ने कहा कि अवर प्रादेशिक नियोजनालय समय-समय पर रोजगार मेला एवं भर्ती कैंप का आयोजन कर निबंधित बेरोजगार युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करता है। रोजगार के अवसर से जुड़ने के लिए स्थानीय उम्मीदवार रोजगार पोर्टल में अपना निबंधन स्वयं कराएं। अवर प्रादेशिक नियोजनालय में उपस्थित होकर भी कर सकते हैं।

रोजगार मेले में सुबह से ही युवाओं की फौज उमड़ पड़ी थी। हर स्टाल पर युवा रोजगार तलाश रहे थे। लड़कों के साथ काफी संख्या में लड़कियां भी पहुंची थीं। दोपहर में अचानक मौसम बदलने और गरज के साथ बारिश के कारण मेला प्रभावित हुआ। दूर-दराज के अभ्यर्थी बारिश के कारण दोपहर बाद नहीं पहुंच सके। सहायक श्रमायुक्त प्रवीण कुमार, जिला आपूर्ति पदाधिकारी पंकज कुमार, कुमारधुबी नियोजन पदाधिकारी विनोद कुमार, आईटीआई गोविंदपुर के प्रभारी प्राचार्य राकेश कुमार, सूरज कुमार, प्रशांत गोयल, विवेक कुमार साव, संजय साव, राज शेखर।

# शांति समिति की बैठक सम्पन्न



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**खूंटी।** शनिवार को खूँटी थाना प्रांगण में अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी की अध्यक्षता में दुर्गा पूजा- के अवसर पर शांति समिति की बैठक सम्पन्न हुई। जिसमें प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, अँचलाधिकारी, कार्यपालक पदाधिकारी नंगर पंचायत एवं पुलिस पादिधिकारीयों / कर्मियों तथा थाना क्षेत्र के प्रबुद्ध गणमान्य व्यक्ति उपस्थित हुए। बैठक में दुर्गा पूजा पर्व को लेकर शांतिपूर्ण तथा सौहार्द-पूर्ण वातावरण में मनाने का निर्णय लिया गया तथा किसी भी प्रकार के अपवाहों का खण्डन कर एक दूसरे की भावनाओं को समझते हुए दुर्गा पूजा पर्व- मनाने का निर्णय लिया गया ।इसी तरह अड़की थाना परिसर मे दुर्गा पूजा के मद्देनजर शांति समिति का बैठक बीडीओ अड़की की अध्यक्षता मे किया गया । उक्त बैठक में दुर्गा पूजा पर्व को लेकर शांतिपूर्ण तथा सौहार्द-पूर्ण वातावरण में मनाने का निर्णय लिया गया ।

# सड़क के अभाव में लोग हलकान

**सिमडेगा।** जहां एक तरफ बरसात से किसानों और अन्य लोगों के लिए तपती गर्मी से राहत और खेती का संदेश लेकर आती है, वहीं सिमडेगा जिले के गेनमेर टोंगरी टोली गांव के लिए यही बरसात हर वर्ष डर, दर्द और खतरे की कहानी बन जाती है। बानो प्रखंड के गेनमेर पंचायत का टोंगरी टोली गांव में लगभग 40 घर हैं। जहां हर साल बरसात आते ही पूरा गांव दुनिया से कट जाता है। तेज बहाव वाले गहरे नाले के कारण यह गांव टापू में तब्दील हो जाता है। गांव तक पहुंचने के लिए कोई पक्की सड़क या पुल नहीं है।

नाले को पार करना यहां के ग्रामीणों के लिए रोजमर्रा की मजबूरी है, जो कई बार जानलेवा साबित हो चुकी है। गांव में एक उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय है। जहां पढ़ने के लिए बच्चों को नाले के पार जाना पड़ता है। बारिश के मौसम में जलस्तर इतना बढ़ जाता है कि कई दिनों तक स्कूल बंद करना पड़ता है। स्कूल के शिक्षक हिलरयस कुंडलना अपनी मोटरसाइकिल नाले के दूसरी ओर खड़ी कर, पैदल पानी और कीचड़ से होते हुए स्कूल पहुंचते हैं।

# प्रेम विवाह को ले कोर्ट पहुंचे युवक के दोस्तों पर हमला

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**लोहरदगा।** लोहरदगा में शुक्रवार को प्रेम विवाह करने के लिए कोर्ट में अर्जी देने पहुंचे युवक और उसके दो साथियों पर एक समुदाय विशेष के 20 से अधिक युवकों ने हमला कर दिया।

घटना कोर्ट परिसर के पास अनुमंडल पदाधिकारी के कार्यालय के समीप की बताई जा रही है। पीड़ित युवक मनीष कुमार शाह (24 वर्ष) लोहरदगा जिले के भंडरा थाना क्षेत्र के बड़गाई निवासी है।जिसने सदर थाना में लिखित शिकायत देकर दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है। मनीष कुमार ने बताया कि उसका पिछले पांच वर्षों से रुबेना खातून (24 वर्ष) से प्रेम संबंध था।

रांची के आर्य समाज मंदिर में 26 अप्रैल 2025 को दोनों ने विधिवत शादी की थी। शुक्रवार को वह अपने दो दोस्तों चंद्रजीत बोदरा और मोहन बोदरा के साथ अधिवक्ता श्वेता कच्छप के चैंबर में मैरिज रजिस्ट्रेशन कराने पहुंचे।

इसी दौरान करीब 20 युवकों ने अचानक हमला कर दिया। पीड़ित के अनुसार उन्हें गालियां दी गईं, घसीट कर रोड किनारे ले जाया गया और वहां करीब 100 लोगों की भीड़ ने उन्हें बेरहमी से पीटा।

मनीष ने आरोप लगाया कि हमलावरों ने उनका मोबाइल और पैसे भी छीन लिए। मारपीट में उसकी पत्नी को भी गंभीर चोटें आईं और वह बेहोश हो गई।

मनीष का आरोप है कि घटना के दौरान मौके पर कई लोग मौजूद थे लेकिन कोई मदद नहीं की और उल्टे उन्हें हमलावरों के हवाले कर दिया। बाद में किसी ने फोन कर सूचना दी तब जाकर घायल युवक-युवती को अस्पताल में भर्ती कराया गया। पीड़ित ने सदर थाना पुलिस से इस मामले में तत्काल कानूनी कार्रवाई कर दोषियों को गिरफ्तार करने, लूटी गई संपत्ति वापस दिलाने और उसकी पत्नी को सुरक्षित सौंपने की मांग की है।



# अर्शदीप बने सबसे तेज 100 विकेट लेने वाले गेंदबाज

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अर्शदीप सिंह ने टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 100 विकेट लेने वाले पहले भारतीय गेंदबाज बनकर इतिहास रच दिया। उन्होंने ओमान के विनायक शुक्ला को आउट करके यह उपलब्धि हासिल की। मात्र तीन वर्षों में 100 विकेट हासिल करना भारत के लिए एक तेज गेंदबाज के रूप में उनके कौशल और दृढ़ संकल्प को दर्शाता है। अर्शदीप टी20 अंतरराष्ट्रीय में सबसे तेज 100 विकेट लेने वाले तेज गेंदबाज बन गए हैं। उन्होंने पाकिस्तान के हारिस रऊफ का पिछला रिकॉर्ड तोड़ दिया। अर्शदीप ने यह कारनामा 64 मैचों में किया, जबकि रऊफ को 71 मैचों में यह कारनामा करना पड़ा था। यह अर्शदीप की निरंतरता और भारत के लिए नियमित रूप से विकेट लेने की क्षमता को दर्शाता है।

### भारतीय गेंदबाज 100 विकेट के करीब

अर्शदीप के बाद हार्दिक पांड्या और जसप्रीत बुमराह 100 विकेट के करीब हैं। पांड्या के नाम 96 और बुमराह के नाम 92 विकेट हैं। इन दोनों प्रतिभाशाली खिलाड़ियों के पास जल्द ही अर्शदीप के साथ टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में भारत के सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बनने का मौका है। गौर है कि वर्तमान में अर्शदीप सिंह 100 विकेट लेकर किसी भारतीय गेंदबाज द्वारा सबसे अधिक टी20 अंतरराष्ट्रीय विकेट लेने का रिकॉर्ड रखते हैं। तेज गेंदबाजी में उनकी सफलता भारत की टी20 टीम के लिए एक उज्ज्वल बिंदु है, जो एशिया कप 2025 के निकट आते ही भारतीय क्रिकेट में नई प्रतिभाओं के उदय को दर्शाता है।

### शीर्ष तेज गेंदबाजों को अर्शदीप ने पीछे छोड़ा

अर्शदीप ने सबसे कम समय में 100 विकेट पूरे करने के मामले में शाहीन अफरीदी, लसिथ मलिंगा, मुस्तफिजुर रहमान, टिम साउथी और क्रिस जॉर्डन जैसे कई मशहूर गेंदबाजों को पीछे छोड़ दिया। इससे पता चलता है कि अब वह दुनिया भर के टी20 क्रिकेट के शीर्ष तेज गेंदबाजों में से एक हैं।

### अन्य तेज गेंदबाजों से तुलना

पूर्ण सदस्य टीमों के गेंदबाजों में केवल राशिद खान और वानिंदु हसरंगा ने ही अर्शदीप से कम मैच खेलकर 100 विकेट पूरे किए। राशिद ने 53 मैचों में और हसरंगा ने 63 मैचों में यह उपलब्धि हासिल की। इस तरह अर्शदीप दुनिया के कुछ सर्वश्रेष्ठ टी20 गेंदबाजों से पीछे रह गए।



सीपीएल 2025

## सेंट लूसिया किंग्स पर जीत के साथ फाइनल में त्रिनबागो नाइट राइडर्स

**नई दिल्ली, एजेंसी।** त्रिनबागो नाइट राइडर्स ने कैरेबियन प्रीमियर लीग 2025 (सीपीएल) के खिताबी मुकाबले में जगह बना ली है। इस टीम ने शनिवार को सेंट लूसिया किंग्स के खिलाफ क्वालीफायर-2 मुकाबले में 56 रन से जीत दर्ज की। अब 21 सितंबर को खिताबी मुकाबले में गुयाना अमेजन वॉरियर्स का सामना त्रिनबागो नाइट राइडर्स से होगा। प्रोविडेंस स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी त्रिनबागो नाइट राइडर्स की टीम ने 4 विकेट खोकर 194 रन बनाए। इस टीम की शुरुआत बेहद खराब रही। कॉलिन मुनरो महज 6 रन बनाकर पवेलियन लौट गए, जिसके बाद कप्तान निकोलस पूरन ने एलेक्स हेल्स के साथ दूसरे विकेट के लिए 73 रन की साझेदारी करते हुए टीम को संभाला। पूरन 32 गेंदों में 4 छक्कों और 5 चौकों की मदद से 50 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद हेल्स ने कीरोन पोलार्ड के साथ तीसरे विकेट के लिए 65 रन जुटाते हुए टीम को मजबूत स्थिति में ला दिया।

# उम्र का असर नहीं! आमिर कलीम ने एशिया कप में रच दिया इतिहास



**नई दिल्ली, एजेंसी।** एशिया कप 2025 में शुक्रवार को भारत के खिलाफ ओमान के सलामी बल्लेबाज आमिर कलीम ने अर्धशतकीय पारी खेली। आमिर ने यह कारनामा 43 साल 303 दिन की उम्र में किया। इसी के साथ वह टी20 फॉर्मेट के एशिया कप में अर्धशतक जड़ने वाले सबसे उम्रदराज बल्लेबाज बन गए।

आमिर कलीम ने मोहम्मद नबी को इस मामले में पछाड़ा है, जिन्होंने एक दिन पहले ही श्रीलंका के विरुद्ध 22 गेंदों में 60 रन बनाए थे। अफगानिस्तान के मोहम्मद नबी ने 40 साल 260 दिन की उम्र में आबू धाबी में यह पारी खेली। इस लिस्ट में तीसरे पायदान पर श्रीलंका के तिलकरत्ने दिलशान हैं, जिन्होंने साल 2016 में पाकिस्तान के खिलाफ मीरपुर में नाबाद 75 रन की पारी खेली थी। उस समय दिलशान 39 साल और 142 दिन के थे।

आबू धाबी के शेख जायद स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में भारत ने पहले बल्लेबाजी चुनते हुए 8 विकेट खोकर 188 रन बनाए। टीम इंडिया के लिए संजू सैमसन ने 45 गेंदों में 3 छक्कों और 3 चौकों के साथ 56 रन की पारी खेली। उनके अलावा अभिषेक शर्मा ने 15 गेंदों में 38 रन बनाए। वहीं, तिलक वर्मा ने टीम के खाते में 29 रन का योगदान दिया। ओमान की तरफ से शाह फैसल, जितेन रामानंदी और आमिर कलीम ने 2-2 विकेट हासिल किए। इसके जवाब में ओमान की टीम निर्धारित ओवरों में 4 विकेट खोकर सिर्फ 167 रन ही बना सकी।

टीम के लिए आमिर कलीम ने 46 गेंदों में 2 छक्कों और 7 चौकों की मदद से 64 रन बनाए। उनके अलावा हम्माद मिर्जा ने 33 गेंदों में 51 रन की पारी खेली। भारत की तरफ से हार्दिक पांड्या, अर्शदीप सिंह, हर्षित राणा और कुलदीप यादव ने 1-1 शिकार किया। ग्रुप-ए से भारत और पाकिस्तान की टीम ने सुपर-4 के लिए क्वालीफाई किया है, जबकि ग्रुप-बी से श्रीलंका और बांग्लादेश ने अगले दौर का टिकट हासिल किया।

# अक्षर पटेल के पाकिस्तान मैच में खेलने पर संशय

### ओमान के खिलाफ मैच में चोटिल हो गए थे, सिर-गर्दन में चोट लगी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अबू धाबी में ओमान के खिलाफ ग्रुप ए के मैच के दौरान भारतीय ऑलराउंडर अक्षर पटेल के सिर और गर्दन में चोट लगी। रविवार को दुबई में होने वाले पाकिस्तान के खिलाफ सुपर-फोर मैच में उनके खेलने पर संशय है। यह हादसा ओमान की पारी के 15वें ओवर में हुआ,जब हामिद मिर्जा का ऊंचा शॉट रोकने के लिए अक्षर पटेल मिड-ऑफ से दौड़कर आए।



कैच लेने की कोशिश में गेंद उनके हाथ से छूट गई और संतुलन बिगड़ने पर वह जमीन पर गिर गए। जिससे उनके सिर और गर्दन के हिस्से में चोट लगी। चोट लगने के बाद वह दर्द में दिखे और फिजियो के साथ मैदान से बाहर चले गए। इसके बाद वह ओमान की पारी के बाकी हिस्से में मैदान पर नहीं लौटे।

अक्षर ने 26 रन बनाए और एक ओवर गेंदबाजी की अक्षर ने इस मैच में केवल एक ओवर गेंदबाजी की, जिसमें उन्होंने चार रन दिए। भारत ने इस मैच में आठ गेंदबाजों का उपयोग किया और 21 रनों से जीत हासिल की। बल्लेबाजी में अक्षर ने नंबर 5 पर आकर 13 गेंदों में 26 रनों की तेज पारी खेली। उन्होंने संजू सैमसन (56 रन) के साथ चौथे विकेट के लिए 45 रनों की ताबड़तोड़ साझेदारी की, जिससे भारत 8 विकेट पर 188 रन बनाने में सफल रहा।

वर्ल्ड एथलेटिक्स चैम्पियनशिप

## गुलवीर और अन्नू रानी का निराशाजनक प्रदर्शन, फाइनल में नहीं बना सके जगह




**टोक्यो, एजेंसी।** गुलवीर पुरुषों की 5000 मीटर दौड़ में और अन्नू रानी महिलाओं की भाला फेंक स्पर्धा के फाइनल के लिए क्वालिफाई करने में नाकाम रहीं। गुलवीर पुरुषों की 5000 मीटर दौड़ की दूसरी हीट में 13 मिनट 42.34 सेकेंड के समय से नौवें स्थान पर रहे जो इस सत्र का उनका सबसे खराब समय था।राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारी गुलवीर सिंह और अन्नू रानी ने विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में निराशाजनक प्रदर्शन किया जिस कारण वह अपनी-अपनी स्पर्धा के फाइनल में जगह नहीं बना सके। गुलवीर पुरुषों की 5000 मीटर दौड़ में और अन्नू रानी महिलाओं की भाला फेंक स्पर्धा के फाइनल के लिए क्वालिफाई करने में नाकाम रहीं। गुलवीर पुरुषों की 5000 मीटर दौड़ की दूसरी हीट में 13 मिनट 42.34 सेकेंड के समय से नौवें स्थान पर रहे जो इस सत्र का उनका सबसे खराब समय था और उनके राष्ट्रीय रिकॉर्ड समय 12ऽ59.77 से भी कम था। हालांकि वह मामूली अंतर से फाइनल से चूक गए क्योंकि दोनों हीट में शीर्ष आठ आठ खिलाड़ी ही पदक दौर में पहुंच पाए। वह कुल 39 प्रतिस्पर्धी खिलाड़ियों में 27वें स्थान पर रहे। गुलवीर 14 सितंबर को 10000 मीटर दौड़ में 16वें स्थान पर रहे थे। वहीं अपनी पांचवीं विश्व चैंपियनशिप में भाग ले रही 33 वर्षीय रानी क्वालीफिकेशन दौर में ग्रुप ए में 55.18 मीटर के थ्रो से 15वें स्थान पर रहीं। वह 36 खिलाड़ियों में से 29वें स्थान पर रहीं। 2024 में औसत प्रदर्शन के बाद, रानी इस साल 62.59 मीटर के अपने सत्र के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के साथ कुछ हद तक अपनी लय वापस पा चुकी थीं।

## गावस्कर ने ओमान के खिलाफ बल्लेबाजी न करने पर सूर्यकुमार की तारीफ की, बेटे रोहन असहमत

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव के शुक्रवार (19 सितंबर) को अबूधाबी में ओमान के खिलाफ भारत के अंतिम लीग चरण के मैच में बल्लेबाजी के लिए नहीं उतरने के बाद विशेषज्ञों और सोशल मीडिया पर मिली-जुली प्रतिक्रियाएं देखने को मिलीं। एशिया कप 2025 के सुपर 4 चरण के लिए आसानी से क्वालिफाई करने के बाद भारत ने निचले क्रम के खिलाड़ियों को खेलने का मौका देने के लिए अपने बल्लेबाजी क्रम में रोटेट करने का विकल्प चुना और सूर्यकुमार 8 विकेट गिरने के बाद भी बल्लेबाजी के लिए नहीं आए। भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए आठ विकेट पर 188 रन बनाए। लिटिल मास्टर सुनील गावस्कर ने सूर्यकुमार के इस अपरंपरागत कदम की तारीफ की। हालांकि, उनके बेटे रोहन गावस्कर को सूर्यकुमार का कदम अच्छा नहीं लगा। गावस्कर ने सोनी स्पोर्ट्स पर पूर्व भारतीय तेज गेंदबाज इरफान पठान के साथ बातचीत में कहा, अगर वह एक ओवर भी बल्लेबाजी करते, तो कुछ चौके-छक्के लगा सकते थे और यह उनके लिए अच्छा होता।



# ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम की घोषणा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** हॉकी इंडिया ने शनिवार को ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए 23 सदस्यीय भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम की घोषणा कर दी है, जिसकी कमान ज्योति सिंह के हाथों में है। ये मुकाबले 26 सितंबर से 2 अक्टूबर तक कैनबरा के नेशनल हॉकी सेंटर में खेले जाएंगे। भारतीय जूनियर महिला टीम इस दौरे पर कुल पांच मैच खेलेगी। भारतीय टीम के शुरुआती तीन मुकाबले ऑस्ट्रेलिया जूनियर महिला टीम के खिलाफ होंगे, जिसके बाद दो मैच ऑस्ट्रेलिया की हॉकी वन लीग की क्लब टीम कैनबरा चिल के खिलाफ खेले जाने हैं।

कप्तान ज्योति सिंह ने इस साल की शुरुआत में एफआईएच हॉकी प्रो लीग के दौरान सीनियर टीम में जगह बनाई थी। उनकी इस टीम में डिफेंडर, मिडफील्डर और फॉरवर्ड खिलाड़ियों का संतुलित मिश्रण है।

गोलकीपिंग की जिम्मेदारी निधि और एंगल हर्षा रानी मिंज को सौंपी गई है। डिफेंडर में मनीषा,




ज्योति सिंह (कप्तान), लालथंतलुआंगी, ममिता ओरम, साक्षी शुक्ला, पूजा साहू और नंदिनी पर निर्भर करेगी।

मिडफील्डर में प्रियंका यादव, साक्षी राणा, खैदेम शिलेइमा चानू, रजनी केरकेट्टा, बिनिमा धन, इशिका, सुनीता टोप्पो और अनीशा साहू जैसी प्रतिभाशाली खिलाड़ी शामिल होंगी। वहीं, फॉरवर्ड लाइन में लालरिनपुई, निशा मिंज, पूर्णिमा यादव, सोनम, कनिका सिवाच और सुखवीर कौर शामिल हैं। यह सीरीज दिसंबर में चिली के सैंटियागो में होने वाले एफआईएच हॉकी महिला जूनियर विश्व कप 2025 से पहले भारतीय टीम के लिए एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगी।

टीम के चयन को लेकर भारतीय जूनियर महिला टीम के कोच तुषार खांडेकर ने कहा, यह युवा खिलाड़ियों का एक प्रतिभाशाली समूह है। खिलाड़ी ट्रेनिंग में कड़ी मेहनत कर रहे हैं। हमने सभी विभागों में सही संतुलन बनाने की कोशिश की है। टीम में ऐसे खिलाड़ी चुने हैं, जो किसी भी परिस्थिति में ढल सकें। ऑस्ट्रेलिया दौरा इस समूह के लिए अपनी क्षमताओं का प्रदर्शन करने और बहुमूल्य अंतरराष्ट्रीय अनुभव हासिल करने का एक शानदार मौका होगा।

# ताने सहे, लेकिन हार नहीं मानी... कहानी मीनाक्षी हुड्डा की, जो बनीं बॉक्सिंग में वर्ल्ड चैम्पियन

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कभी उधार के बॉक्सिंग ग्लव्स पहनकर रिंग में दाखिल होने वाली मीनाक्षी हुड्डा आज वर्ल्ड चैम्पियन बन चुकी हैं. ऑटो ड्राइवर की बेटी मीनाक्षी के घर में टीवी तक नहीं था. लेकिन उन्होंने गरीबी, सामाजिक तानों और हर दबाव को झेलते हुए हुए करियर में नया मुकाम हासिल किया है. 24 साल की मीनाक्षी ने भारत के लिए वर्ल्ड बॉक्सिंग चैंपियनशिप 2025 में गोल्ड मेडल जीता. इंग्लैंड के लिवरपूल में हुई इस चैम्पियशिप में भारत की बॉक्सिंग टीम ने कुल चार पदक जीते. इसमें दो स्वर्ण, एक रजत और एक कांस्य शामिल रहे. लेकिन सबसे ज्यादा चमक मीनाक्षी हुड्डा (48 किग्रा) और जैस्मिन लेंबोरिया (57 किग्रा) के स्वर्ण पदकों ने बिखेरी. मीनाक्षी ने पेरिस 2024 ओलंपिक की ब्रॉन्ज मेडलिस्ट कजाखस्तान की नाजिम काइजेबे को 4-1 से हराया. वहीं जैस्मिन लेंबोरिया ने पेरिस ओलंपिक की रजत पदक विजेता पोलैंड की जूलिया जेरेमेटा को 4-1 से धूल चटाई.




मीनाक्षी हुड्डा की इस जीत के पीछे संघर्ष की एक ऐसी दास्तां है, जो इसे और खास बना देती है. मीनाक्षी के पिता श्रीकृष्ण पिछले तीन दशकों से किराए का ऑटो चलाते आ रहे हैं. घर की आर्थिक हालत सही नहीं थी, लेकिन फिर भी उन्होंने बेटी के सपनों को टूटने नहीं दिया. पड़ोसियों ने यह कहकर हतोत्साहित किया कि चोट लग जाएगी और फिर शादी भी नहीं होगी, लेकिन पिता ने मीनाक्षी का साथ नहीं छोड़ा, भले ही कभी बेटी के लिए पिता को ग्लव्स तक उधार लेने पड़े हों.

बॉक्सिंग का हब बना हरियाणा का रुड़की गांव

मीनाक्षी हुड्डा हरियाणा के रुड़की गांव से ताल्लुक रखती हैं. लगभग सात हजार की आबादी वाला यह गांव रोहतक शहर से 15 किलोमीटर दूर है. इस गांव से मीनाक्षी के अलावा बॉक्सिंग में कुछ स्टार खिलाड़ी निकलकर सामने आई हैं, जिनमें शिक्षा नरवाल, ज्योति और मोनिका भी शामिल हैं.मीनाक्षी ने वर्ल्ड चैम्पियन बनने के बाद स्पोर्ट्स टुडे से खास बातचीत की. इस दौरान उन्होंने अपनी बॉक्सिंग जर्नी को याद किया. मीनाक्षी ने कहा कि उन्हें पहले लोग ताने देते थे. कुछ लोग अब भी बोलेंगे, लेकिन समय के साथ-साथ लोगों का रुझान बॉक्सिंग के प्रति बढ़ा है.मीनाक्षी हुड्डा कहती हैं, मुझे बहुत ज्यादा खुशी हो रही थी, समझ ही नहीं आया कि क्या हो गया. सभी इतने खुश थे. सभी कोच भी काफी खुश थे और मुझे भी काफी खुशी हो रही थी. मैंने मम्मी को कॉल किया था. पापा के पास बड़ा फोन नहीं है, इसलिए मैं उन्हें कॉल नहीं कर सकती. उन्हें फोन चलाना नहीं आता.मीनाक्षी हुड्डा ने आगे कहा, लोगों का काम बोलना होता है. अभी भी बोलेंगे, पहले भी बोलते थे. गांव के लोग खुली सोच वाले इंसान नहीं होते. शुरुआत में नहीं... लेकिन हमारे गांव के सीनियर्स शिक्षा नरवाल, ज्योति, मोनिका के मेडल आने शुरू हुए तो लोगों में थोड़ा रुझान हुआ. अब तो सभी बॉक्सिंग करने के लिए कहते हैं. 60 से 70 लड़कियां हमारे सेंटर में प्रैक्टिस करती हैं.

## संक्षिप्त समाचार

### केंद्र सरकार का हिमाचल के लिए बड़ा आदेश, मनरेगा में अब 150 दिन तक रोजगार की गारंटी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** प्राकृतिक आपदाओं से जूझ रहे हिमाचल प्रदेश के ग्रामीण परिवारों के लिए केंद्र सरकार ने बड़ा राहतभरा कदम उठाया है। अब राज्य में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) के तहत ग्रामीण इलाकों में 100 की बजाय 150 दिन तक रोजगार उपलब्ध कराया जाएगा। यह व्यवस्था वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए लागू होगी और प्रदेश के सभी जिलों में लागू होगी। प्रदेश में मॉनसून के इस सीजन में आई आपदाओं बाढ़, भूस्खलन और बादल फटने जैसी घटनाओं ने हजारों परिवारों की आजीविका पर गहरा असर डाला है। खेती-बाड़ी और बागबानी को हुए नुकसान से ग्रामीण क्षेत्रों की अर्थव्यवस्था पर सीधा असर पड़ा है। ऐसे में रोजगार की बढ़ती जरूरतों को देखते हुए प्रदेश सरकार ने केंद्र से अतिरिक्त रोजगार की मांग की थी। इस पर विचार करते हुए कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय ने अतिरिक्त 50 दिन का रोजगार देने की सिफारिश की। इसे अब केंद्र सरकार ने मंजूरी दे दी है। केंद्र सरकार द्वारा जारी अधिसूचना में कहा गया है कि हिमाचल प्रदेश सरकार ने पूरे राज्य को आपदा प्रभावित घोषित किया है। इस स्थिति में ग्रामीण परिवारों को रोजगार की गारंटी बढ़ाना आवश्यक है ताकि उनकी आजीविका सुरक्षित रह सके। अब प्रदेश के प्रत्येक पात्र ग्रामीण परिवार को 150 दिन तक रोजगार की गारंटी रहेगी। सरकार ने स्पष्ट किया है कि अतिरिक्त रोजगार उपलब्ध कराने के लिए पहले से स्वीकृत मनरेगा परियोजनाओं का ही उपयोग किया जाएगा। इसके अलावा आवश्यकता पड़ने पर लेबर बजट को भी बढ़ाया जा सकेगा। मनरेगा की सभी शर्तें और प्रक्रियाएं जैसे मजदूरी का समय पर भुगतान, सोशल ऑडिट, पंचायतों की भूमिका, पारदर्शिता और जवाबदेही पहले की तरह लागू रहेंगी। गौरतलब है कि अब तक मनरेगा के तहत प्रत्येक ग्रामीण परिवार को साल में 100 दिन का रोजगार दिया जाता रहा है। लेकिन आपदा प्रभावित परिस्थितियों में पहली बार पूरे राज्य के सभी जिलों में यह अवधि 150 दिन तक कर दी गई है। इससे हजारों परिवारों को न केवल अतिरिक्त रोजगार मिलेगा बल्कि आपदा से कमजोर हुई ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी संबल मिलेगा। इस फैसले से न केवल प्रभावित परिवारों को तात्कालिक राहत मिलेगी बल्कि रोजगार बढ़ने से ग्रामीण क्षेत्रों में आर्थिक गतिविधियां भी तेज होंगी। मजदूरी के रूप में होने वाला नकद प्रवाह स्थानीय बाजारों में भी रौनक लौटाएगा। साथ ही, मनरेगा के तहत बनने वाले विकास कार्यों से ग्रामीण ढांचे को मजबूती मिलेगी।

### दिल्ली में दिल की बीमारियों से 54 प्रतिशत मौतें बढ़ीं, सिटीजन रजिस्ट्रेशन रिपोर्ट में खुलासा



**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली में दिल से जुड़ी बीमारियों के कारण होने वाली मौतों में अचानक चिंताजनक बढ़ोतरी हुई है। यह खुलासा नागरिक पंजीकरण की रिपोर्ट में हुआ है। रिपोर्ट के मुताबिक, दिल्ली में दिल से जुड़ी बीमारियों से मौतें 54.29 फीसदी तक बढ़ गई हैं। बीते वर्ष हृदय रोगों से हुई मौतों के आंकड़े पर नजर डालें, तो यह कोरोना के दौर की तुलना में 4,993 अधिक (16.89 प्रतिशत) है। बीते साल दिल्ली में हृदय रोगों से 34 हजार से अधिक मरीजों की मौतें हुईं। इससे पहले दिल्ली में हृदय रोगों से कभी इतने मरीजों की जान नहीं गई। वर्ष 2021 में कोरोना के दौरान हृदय रोगों से 29,545 मरीजों की मौत हुई थी, तब अस्पतालों में अन्य बीमारियों के मरीजों का इलाज प्रभावित था। इस वजह से हृदय रोगों के कारण गैर संस्थागत मौतें अधिक हुई थीं। इसके बाद हृदय रोगों के कारण होने वाली मौतें औसत स्तर पर आ गई थीं। 2023 में हृदय रोगों के कारण 22,385 मरीजों की मौतें हुईं। पल्मोनरी हृदय रोग बड़ी वजह = रिपोर्ट के अनुसार, दिल का दौरा पड़ना, रूमेटिक हृदय रोग, हाइपरटेंशन सहित हृदय की ज्यादातर बीमारियों के कारण मौतें बढ़ी हैं। इनमें पल्मोनरी हृदय रोग, हार्ट फेल के कारण 5021 मौतें अधिक हुईं। पल्मोनरी हृदय रोग में दिल से रक्त फेफड़े में आसानी से नहीं पहुंच पाता है।

## 'चार इंजन वाली भाजपा सरकार'

# दिल्ली के स्कूलों को बम की धमकियों पर बोले केजरीवाल



**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली पूर्व मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी (आप) के संयोजक अरविंद केजरीवाल ने आज एक बार फिर दिल्ली के स्कूलों को बम की धमकी मिलने पर सत्तारूढ़ भाजपा सरकार की तीखी आलोचना की है। केजरीवाल ने इस बात पर जोर दिया कि चार इंजन वाली भाजपा सरकार राजधानी की सुरक्षा तक नहीं संभाल पा रही है अभिभावक हर दिन डर के साये में जी रहे हैं।

केजरीवाल ने सोशल मीडिया प्लैटफॉर्म 'एक्स' पर एक पोस्ट में लिखा, दिल्ली के स्कूलों को बार-बार बम धमकी मिल रही हैं। हर तरफ अफरा-तफरी हो जाती है, स्कूलों की छुट्टी होती है, बच्चों और अभिभावकों में डर फैलता हैज लेकिन एक साल से न कोई पकड़ा गया, न कोई कार्रवाई हुई। चार इंजन वाली भाजपा सरकार राजधानी की सुरक्षा तक नहीं संभाल पा रही। माता-पिता रोज डर में जी रहे हैं। आखिर ये सब कब खत्म होगा?

बता दें कि, दिल्ली के विभिन्न इलाकों के कई स्कूलों को आज सुबह फोन कॉल के जरिए बम की धमकियां दी गईं। जिन स्कूलों को ये धमकियां मिलीं, उनमें डीपीएस द्वारका, कृष्णा मॉडल पब्लिक स्कूल और सर्वोदय विद्यालय शामिल थे। एहतियात के तौर पर सभी स्कूलों को खाली कराकर छात्रों और कर्मचारियों को सकुशल बाहर निकाल लिया गया। इन धमकियों के जवाब में पुलिस दल और बम निरोधक दस्ते तुरंत स्कूलों में भेजे गए। धमकी मिलने के बाद डीपीएस द्वारका ने आज अपना स्कूल बंद कर दिया है और अपरिहार्य परिस्थितियों का हवाला देते हुए, आज होने वाली मिड-टर्म एग्जाम स्थगित कर दी हैं। डीपीएस द्वारका के सर्कुलर में कहा गया है, प्रिय अभिभावकों, कृपया ध्यान दें कि अपरिहार्य कारणों से आज यानी शनिवार, 20 सितंबर 2025 को स्कूल बंद रहेगा। सभी स्कूल बसों और निजी वैन/कैब को तुरंत वापस भेजा जा रहा है। अभिभावकों से अनुरोध है कि वे अपने बच्चों को लेने के लिए स्टॉप पर उपस्थित रहें। यदि निजी बसें आपके बच्चों को स्कूल छोड़ती हैं, तो उनके अभिभावकों को उन्हें लेने आना होगा।

### दोस्त के लिए इससे बड़ा उपहार और क्या हो सकता है; ट्रंप से मिले नए झटके पर आप नेताओं का पीएम पर तंज

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अमेरिका ने हाल ही में एक बेहद कठोर कदम उठाते हुए एच1बी वीजा आवेदनों पर लगने वाले शुल्क को बढ़ाकर 1 लाख अमेरिकी डॉलर (करीब 88 लाख रुपए) कर दिया है, जिसके बाद आम आदमी पार्टी और इसके नेताओं ने इस कदम को भारतीयों के लिए जोरदार झटका बताते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर तीखा कटाक्ष किया है। उनका कहना है कि अपने मित्र मोदी के लिए ट्रम्प की तरफ से इससे बड़ा तोहफा और क्या हो सकता है। पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने इसे अमेरिका और यूरोप में भारतीयों की एंट्री बंद करने की कोशिश करने वाला फैसला बताया। उन्होंने कहा कि भारतीयों की इस तरह की बेइज़्ज़ती और बेरुख़ी पहले कभी नहीं हुई। वहीं पार्टी नेता सौरभ भारद्वाज ने कहा कि इसका सबसे ज्यादा असर उन भक्तों पर पड़ेगा, जो अमेरिका में रहकर नौकरी करते हुए डॉलर कमा रहे थे और भारत को विश्वगुरु बता रहे थे। इस बारे में शनिवार को सोशल मीडिया पर प्रतिक्रिया देते हुए आम आदमी पार्टी ने लिखा, डोनाल्ड ट्रंप ने भारत को फिर दिया झटका। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के माय डियर फ्रेंड ने भारतीय प्रोफेशनल्स के लिए एच1बी वीजा फीस बढ़ाकर 88 लाख रुपए कर दी है। पहले यह फीस 1 से 6 लाख रुपए के बीच हुआ करती थी। इससे पहले ट्रंप ने भारत के ऊपर 50त्न टैरिफ भी थोपा था।

# दिल्ली में तेज धूप से और बढ़ेगी गर्मी?



**नई दिल्ली, एजेंसी।** राजधानी दिल्ली में अगले 6 दिनों में तेज धूप के चलते अधिकतम तापमान में और बढ़ोतरी होगी। हालांकि, हवा की दिशा उत्तरी पश्चिमी होने के चलते उमस से लोगों को राहत रहेगी। इस बीच, शुक्रवार को दिल्ली का अधिकतम तापमान सामान्य से 0.9 डिग्री सेल्सियस ज्यादा रहा।

मौसम विभाग के मुताबिक, राजधानी में 20 से 25 सितंबर के बीच अधिकतम तापमान 34 से 36 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 24 से 26 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने का अनुमान है। हालांकि, 23 से 25 सितंबर के दौरान न्यूनतम तापमान 23 से 25 डिग्री सेल्सियस के करीब रह सकता है। दिल्ली के अलग-अलग इलाकों में पिछले दो दिनों से हल्की से लेकर मध्यम बारिश दर्ज की जा रही थी। जिसके चलते मौसम में नमी मौजूद थी और तापमान में भी हल्की गिरावट आई थी। लेकिन, अब एक बार फिर से तापमान में हल्का इजाफा देखने को मिल रहा है। दिल्ली के ज्यादातर इलाकों में शुक्रवार की सुबह से ही तेज चमकदार सूरज निकला रहा। दिन के समय बीच-बीच में आंशिक बादलों की आवाजाही भी बनी रही, लेकिन तेज धूप के चलते अधिकतम तापमान में हल्का इजाफा हुआ है। दिल्ली की मानक वेधशाला सफदरजंग में दिन का अधिकतम तापमान 35.3 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। जो कि सामान्य से 0.9 डिग्री सेल्सियस ज्यादा है, जबकि न्यूनतम तापमान 24.6 डिग्री सेल्सियस रहा। अगले दो दिनों में दिल्ली में हवा की गति 5 से 15 किलोमीटर प्रति घंटे तक रहने के आसार हैं। वहीं, मौसम के कारकों के चलते दिल्ली की हवा लगातार साफ-सुथरी बनी हुई है। शुक्रवार को दिल्ली का औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 143 के अंक पर रहा। अगले दो दिनों के बीच वायु गुणवत्ता का यह साफ-सुथरा स्तर बना रहेगा।

# नवरात्र से पिंक सर्कुलर लाइन पर शुरू हो सकती है मेट्रो



**नई दिल्ली, एजेंसी।**
दिल्ली मेट्रो फेज-4 के तहत मजलिस पार्क से मौजपुर के बीच पिंक लाइन एक्सटेंशन कॉरिडोर अब तैयार है। नवरात्र में इस लाइन पर मेट्रो का परिचालन शुरू हो सकता है। मेट्रो रेल सेफ्टी कमिश्नर से परिचालन की स्वीकृति भी मिल चुकी है। डीएमआरसी ने पिंक लाइन का नाम बदलकर पिंक सर्कुलर लाइन कर दिया है।

अब मजलिस पार्क से मौजपुर कॉरिडोर के उद्घाटन का इंतजार है। बताया जा रहा है कि नवरात्र में प्रधानमंत्री नमो भारत कॉरिडोर के बाकी बचे हिस्से के साथ इस कॉरिडोर पर भी मेट्रो को ऑनलाइन हरी झंडी दिखा सकते हैं। इससे दिल्ली के पहले सर्कुलर लाइन पर मेट्रो की सुविधा उपलब्ध हो जाएगी। मौजूदा समय में पिंक लाइन पर मजलिस पार्क से शिव विहार के बीच 59.24 किलोमीटर हिस्से पर मेट्रो का परिचालन हो रहा है। इसकी लंबाई अब 72 किलोमीटर से अधिक हो जाएगी। इस कॉरिडोर का निर्माण फेज तीन में हुआ था। इस कॉरिडोर पर चालक रहित मेट्रो ट्रेनों का परिचालन हो रहा है। फेज चार में मजलिस पार्क से मौजपुर के बीच 13.391 किलोमीटर लंबे मेट्रो कॉरिडोर का निर्माण पूरा हो चुका है। यह पिंक लाइन की ही विस्तार परियोजना है। इस वजह से मजलिस पार्क से मौजपुर के बीच का हिस्सा भी पुरानी पिंक लाइन से जुड़ चुका है। इससे पिंक लाइन अब सर्कुलर लाइन के रूप में तब्दील हो गई है। फेज चार के मजलिस पार्क-मौजपुर कॉरिडोर पर आठ स्टेशन बनाए गए हैं। बुराड़ी से जगतपुर गांव के बीच इस कॉरिडोर का 4.6 किलोमीटर हिस्सा काफी पहले तैयार हो गया था और मेट्रो का ट्रायल भी पूरा हो गया था। अब जगतपुर गांव से मौजपुर के बीच का कॉरिडोर भी बनकर तैयार हो चुका है। करीब तीन माह से इस पर ट्रायल भी चल रहा है। सूत्रों के मुताबिक, सीएमआरएस द्वारा कॉरिडोर के सुरक्षा मानकों का निरीक्षण भी किया जा चुका है। इस कॉरिडोर पर मेट्रो का परिचालन शुरू होते ही पिंक सर्कुलर लाइन की कुल लंबाई 72.63 किलोमीटर हो जाएगी। पिंक लाइन के विस्तार कॉरिडोर के लिए यमुना पर सूरघाट से सोनिया विहार मेट्रो स्टेशन के बीच मेट्रो का नया पुल बनाया गया है। यह यमुना पर मेट्रो का पांचवां पुल है। एक पुल पहले से सराय काले खां से मयूर विहार एक के बीच मौजूद है। मजलिस पार्क-मौजुपर कॉरिडोर पर भजनपुरा से यमुना विहार के बीच 1.4 किलोमीटर हिस्से को डबल डेकर होगा। मजलिस पॉर्क से मौजपुर के बीच परिचालन शुरू होने पर पिंक सर्कुलर लाइन पर मेट्रो गोलाकार चलेगी। इससे यात्रियों को आवागमन में समय कम लेगा।

## दिल्ली पुलिस का बड़ा एक्शन, तीन नाइजीरियाई नागरिक पकड़े

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली पुलिस ने एक बार फिर अवैध रूप से भारत में रह रहे विदेशी नागरिकों के खिलाफ सख्ती दिखाई है। दक्षिण-पश्चिम जिले की ऑपरेशन सेल ने तीन नाइजीरियाई नागरिकों को हिरासत में लिया है, जो बिना वैध वीजा के दिल्ली में रह रहे थे। इनके खिलाफ प्रत्यर्पण की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। पुलिस ने हिरासत में लिए गए तीनों व्यक्तियों की पहचान कर ली है। ये तीनों दिल्ली के द्वारका सेक्टर-01 के पास पालम गांव में रह रहे थे और हाउसकीपिंग जैसे छोटे-मोटे काम करके अपनी आजीविका चला रहे थे। एलौमुनो गैब्रियल (29 वर्ष), अमाम्ब्रा के निवासी चिनेदु पॉलिनस (33 वर्ष), असाबा के निवासी सुनुसी सानी (26 वर्ष), लागोस के निवासी दिल्ली पुलिस को सागरपुर और पालम गांव इलाकों में अवैध रूप से रह रहे अफ्रीकी प्रवासियों की सूचना मिली थी। इस टिप के आधार पर पुलिस की एक विशेष टीम ने तुरंत कार्रवाई की। जब इन तीनों से पहचान पत्र और वीजा दस्तावेज मांगे गए, तो वे कोई वैध कागजात पेश नहीं कर सके। तीनों ने पहले दावा किया कि उनके पास वैध वीजा हैं, जो नाइजीरियाई दूतावास में जमा हैं। लेकिन जब पुलिस ने नाइजीरिया हाई कमीशन और इमिग्रेशन विभाग से इसकी पुष्टि की, तो सच्चाई सामने आई कि ये लोग अपने वीजा की अवधि खत्म होने के बाद भी भारत में रुके हुए थे और अपने देश कभी लौटे ही नहीं। पुलिस ने जब इनके मोबाइल फोन की तलाशी ली, तो उनके पासपोर्ट और नाइजीरियाई राष्ट्रीय पहचान पत्र की डिजिटल कॉपियां मिलीं।

# दुनिया के सबसे बड़े न्यूक्लियर प्लांट का सपना तबाह!

## अमेरिका में आइकॉनिक परमाणु टॉवर 10 सैकेंड में ध्वस्त



**न्यूयार्क, एजेंसी।**
टेनेसी (अमेरिका) के हार्ट्सविले शहर में ऊर्जा इतिहास से जुड़ा एक बड़ा अध्याय 18 सितंबर 2025 को समाप्त हो गया। टेनेसी वैली अथॉरिटी ने 540 फीट ऊँचे न्यूक्लियर कूलिंग टॉवर को सुरक्षित तरीके से नियंत्रित विस्फोट (कंट्रोल्ड इम्प्लोजन) के ज़रिए ध्वस्त कर दिया। यह टॉवर 1970 के दशक में उस परमाणु ऊर्जा संयंत्र का हिस्सा था, जिसे दुनिया का सबसे बड़ा परमाणु बिजलीघर बनाने की योजना बनाई गई थी। क्यों रुकी थी यह परियोजना?

हार्ट्सविले न्यूक्लियर पावर प्लांट की नींव 1970 के दशक में रखी गई थी। उस समय योजना थी कि यहाँ चार यूनिट वाले एक विशाल परमाणु संयंत्र का निर्माण होगा। लेकिन जैसे-जैसे निर्माण आगे बढ़ा, अमेरिका में आर्थिक परिस्थितियों, ऊर्जा बाज़ार की ज़रूरतों और नियामक (रेगुलेटरी) चुनौतियों की वजह से यह परियोजना अधर में लटक गई। अंततः इसे रद्द कर दिया गया। यह घटना न केवल अमेरिका की ऊर्जा योजनाओं के इतिहास को दर्शाती है, बल्कि यह भी बताती है कि बदलती आर्थिक और तकनीकी परिस्थितियों में ऊर्जा क्षेत्र में बड़े फैसले किस तरह रूपांतरित हो जाते हैं।

### क्या होगा इस जगह का?

वर्तमान में इस क्षेत्र में एक करेक्शनल सेंटर (सुधारगृह) और औद्योगिक पार्क मौजूद है। टीवीए का कहना है कि टॉवर को हटाने के बाद ज़मीन का इस्तेमाल आधुनिक ऊर्जा परियोजनाओं के लिए किया जा सकता है। यानी भविष्य में यहां स्वच्छ ऊर्जा या अन्य औद्योगिक विकास कार्य शुरू होने की संभावना है।यह कूलिंग टॉवर दशकों तक हार्ट्सविले इलाके की पहचान रहा। लोगों के लिए यह अधूरी महत्वाकांक्षाओं और बदली हुई ऊर्जा नीतियों का प्रतीक बन गया था। इसके गिरने के साथ ही एक ऐसा अध्याय खत्म हुआ, जिसने कभी दुनिया के सबसे बड़े न्यूक्लियर प्रोजेक्ट की उम्मीदें जगाई थीं।

## अब कोई अमेरिकियों की नौकरियां नहीं छीनेगा

# नए वीजा नियमों पर बोले ट्रंप के वाणिज्य सचिव

**वाशिंगटन , एजेंसी।** अमेरिका के वाणिज्य सचिव हॉवर्ड लुटनिक ने ट्रंप सरकार के नए वीजा प्रोग्राम की तारीफ की है। उन्होंने कहा, इससे सुनिश्चित होगा कि विदेशी कर्मचारी अमेरिका के लिए बड़ा फायदा लाएंगे। अब वो अमेरिकी कामगारों की नौकरियां नहीं छीनेंगे। न ही, बिना कुछ दिए अर्थव्यवस्था का फायदा उठाएंगे। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने घोषणापत्र पर हस्ताक्षर किए, जिससे एच1बी वीजा शुल्क को सालाना 1 लाख अमेरिकी डॉलर तक बढ़ा दिया जाएगा। ट्रंप के इस कदम से अमेरिका में काम करने वाले भारतीय पेशेवरों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की आशंका है। हॉवर्ड लुटनिक ने एक्स पर पोस्ट में लिखा, पिछले चार सालों में ओपन-बॉर्डर डेमोक्रेट्स की गलत नीतियों ने देश को अवैध प्रवासियों से भर दिया, जिससे मेहनती अमेरिकियों का नुकसान हुआ। ट्रंप प्रशासन अब इस नीति को पूरी तरह पलट रहा है। ये नए प्रोग्राम गारंटी देते हैं कि अमेरिका में काम करने आने वाले लोग देश को बड़ा फायदा पहुंचाएंगे। अब कोई भी मेहनती अमेरिकियों की नौकरियां नहीं छीनेगा और न ही अर्थव्यवस्था का बिना योगदान दिए फायदा उठाएगा। लुटनिक ने कहा कि ट्रंप कार्ड से हमारा इमिग्रेशन सिस्टम अपने असली मकसद की ओर बढ़ रहा है, जो कि अमेरिका को फायदा पहुंचाना है। व्हाइट हाउस के स्टाफ सचिव विल शार्फ ने कहा कि एच1बी गैर-प्रवासी वीजा कार्यक्रम सबसे अधिक दुरुपयोग की जाने वाली वीजा प्रणालियों में से एक है।

# एक और मुस्लिम देश बनाएगा एटम बम? सऊदी को परमाणु प्रोग्राम देने को तैयार हुआ पाकिस्तान



**इस्लामाबाद , एजेंसी।**
पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा मोहम्मद आसिफ ने एक सनसनीखेज बयान देते हुए कहा है कि यदि नई रक्षा संधि के तहत आवश्यकता पड़ी उनके देश की परमाणु क्षमता सऊदी अरब को भी उपलब्ध कराई जाएगी। यह पहली बार है जब इस तरह का दावा सार्वजनिक रूप से किया गया है। आपको बता दें कि बीते बुधवार को सऊदी क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान और पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने इस रक्षा समझौते पर हस्ताक्षर किए। इस दौरान पाकिस्तान सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर भी मौजूद थे।

आसिफ ने जियो टीवी पर कहा, पाकिस्तान की परमाणु क्षमता का निर्माण हमने बहुत पहले कर लिया था। हमारे पास प्रशिक्षित बल मौजूद हैं। हमारी जो क्षमताएं हैं, वे इस समझौते के तहत सऊदी अरब को उपलब्ध कराई जाएंगी। उन्होंने आगे कहा, अगर पाकिस्तान या सऊदी अरब पर किसी भी ओर से हमला होता है तो उसे दोनों देशों पर हमला माना जाएगा और हम मिलकर जवाब देंगे। यह एक छतरी व्यवस्था है, जिसके तहत दोनों पक्ष एक-दूसरे की रक्षा करेंगे।

भारत में विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रंधीर जायसवाल ने कहा, भारत और सऊदी अरब के बीच व्यापक रणनीतिक साझेदारी है, जो पिछले कुछ वर्षों में और गहरी हुई है। हमें उम्मीद है कि यह साझेदारी आपसी हितों और संवेदनशीलताओं को ध्यान में रखेगी। गौरतलब है कि गुरुवार को भारत सरकार ने केवल यह कहा था कि वह पाकिस्तान-सऊदी रक्षा समझौते के प्रभावों का अध्ययन कर रही है।

आपको यह भी बता दें कि पाकिस्तान और सऊदी अरब के बीच रक्षा सहयोग कई दशकों पुराना है। 1967 में पहला रक्षा समझौता हुआ और 1982 में सुरक्षा सहयोग समझौते से इसे मजबूत किया गया। एक समय पर 15-20 हजार पाकिस्तानी सैनिक सऊदी अरब में तैनात थे। 2017 में पूर्व पाकिस्तानी सेना प्रमुख जनरल राहील शरीफ को सऊदी नेतृत्व वाले आतंकवाद विरोधी बल का कमांडर बनाया गया था।

विशेषज्ञ मानते हैं कि यह रक्षा समझौता अमेरिका के क्षेत्रीय सुरक्षा प्रदाता के रूप में पीछे हटने और इजरायल की आक्रामक कार्रवाइयों के बीच सामने आया है। पश्चिम एशिया में हालिया घटनाओं को देखते हुए इसे इजरायल के खिलाफ सामूहिक सुरक्षा व्यवस्था की दिशा में उठाया कदम माना जा रहा है।

### सऊदी-पाकिस्तान संबंधः अर्थव्यवस्था, रक्षा का पुराना बंधन

सऊदी अरब और पाकिस्तान के रिश्ते दशकों पुराने हैं। 1960 के दशक में जब यमन में मिस्र का युद्ध छिड़ा, तो पाकिस्तानी सैनिक सऊदी की रक्षा के लिए तैनात हुए। 1979 में मक्का के ग्रैंड मस्जिद पर कब्जे के दौरान पाकिस्तानी स्पेशल फोर्सेस ने सऊदी सेना की मदद की। 1982 के द्विपक्षीय सुरक्षा समझौते के तहत पाकिस्तान ने 8,000 से अधिक सऊदी सैनिकों को ट्रेनिंग दी। आर्थिक रूप से, सऊदी पाकिस्तान का सबसे बड़ा सहयोगी रहा है। 1998 में पाकिस्तान के परमाणु परीक्षण के बाद सऊदी ने 3.4 अरब डॉलर की तत्काल मदद की, जो उसके दूसरे परीक्षण को संभव बनाने वाली साबित हुई।

आज सऊदी 2025-26 में पाकिस्तान को 6 अरब डॉलर से अधिक का ऋण देने वाला है। लेकिन रक्षा समझौता इस रिश्ते को नया आयाम देता है। समझौते के मुताबिक, किसी भी आक्रामकता को दोनों देशों पर आक्रामकता माना जाएगा। पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा मुहम्मद आसिफ ने कहा कि जरूरत पड़ने पर पाकिस्तान का परमाणु कार्यक्रम सऊदी के लिए उपलब्ध होगा। यह समझौता इजरायल के 9 सितंबर को दोहा पर हमले के बाद तेजी से फाइनल हुआ, जहां हमास नेताओं को निशाना बनाया गया। सऊदी को अमेरिकी सुरक्षा गारंटी पर भरोसा कम हो रहा है, इसलिए वह पाकिस्तान जैसे परमाणु शक्ति संपन्न सहयोगी की ओर रुख कर रहा है। लेकिन दक्षिण एशिया के संदर्भ में, यह भारत के लिए चिंता का विषय है।

# 22 सितंबर से आरएसएस के शताब्दी वर्ष का शुभारंभ

## बोकारो में संघ द्वारा पूरे शताब्दी वर्ष होगा कार्यक्रमों का आयोजन

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) अपने स्थापना के सौ वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में वर्ष 2025-26 को संघ शताब्दी वर्ष के रूप में मनाने जा रहा है। इस अवसर पर अखिल भारतीय स्तर से लेकर स्थानीय बस्तियों तक वर्ष भर अनेक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। संघ ने इसका विस्तृत कैलेंडर जारी किया है, जिसके अनुसार शताब्दी वर्ष की शुरूआत 22 सितंबर से 2 अक्टूबर, 2025 तक श्री विजयादशमी उत्सव से होगी और शताब्दी वर्ष समापन विजयादशमी 2026 पर होगा। इस एक वर्ष की अवधि में विभिन्न सामाजिक, सांस्कृतिक और जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से समाज को जोड़ने का प्रयास किया जाएगा। 22 सितंबर से लेकर 2 अक्तूबर तक विजयादशमी उत्सव का आयोजन होगा। संघ की परंपरा के अनुसार शस्त्र पूजन, शाखा और पूर्ण गणवेश में स्वयंसेवकों का पथ संचलन निकाला जाएगा। इसी कड़ी में यह आयोजन नगर के साथ-साथ बोकारो महानगर की 114 बस्तियों में भी किया जाएगा। इसी दौरान संघ संस्थापक डॉ. हेडगेवार जी का जन्म दिवस श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया जाएगा। संघ शताब्दी वर्ष के कार्यक्रमों में समाज से प्रत्यक्ष जुड़ाव को विशेष महत्व दिया गया है। गृह संपर्क अभियान 5 नवंबर से 25 नवंबर 2025 तक चलाया जाएगा। इस अवधि में संघ साहित्य प्रत्येक घर तक पहुंचाया जाएगा। इसके अलावा सामाजिक सद्भाव बैठकों का आयोजन जनवरी 2026 में किया जाएगा, जिसमें छोटे-छोटे समूहों में संवाद स्थापित कर समाज में एकता, भाईचारा और समरसता का संदेश दिया जाएगा। जनवरी 2026 के बाद से विभिन्न स्तर पर सम्मेलन और गोष्ठियां होंगी। फरवरी-मार्च 2026 के बीच प्रत्येक बस्ती में हिंदू सम्मेलन आयोजित होगा, जिसमें समाज की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी और संघ केवल प्रोत्साहक की भूमिका निभाएगा। इसके बाद अप्रैल 2026 में प्रबुद्ध जन गोष्ठी होगी, जिसमें समाज के विचारशील वर्ग से संवाद किया जाएगा। जुलाई-अगस्त 2026 के दौरान महाविद्यालयों में युवाओं के बीच जागरूकता कार्यक्रम आयोजित होंगे। इन कार्यक्रमों का उद्देश्य नई पीढ़ी को समाज और राष्ट्र के प्रति सजग, जिम्मेदार और सक्रिय बनाना है। युवाओं को पर्यावरण, नागरिक कर्तव्य और सामाजिक समरसता जैसे विषयों पर प्रेरित किया जाएगा। शताब्दी वर्ष के सभी कार्यक्रम संघ द्वारा निर्धारित 'पंच प्रण' पर आधारित होंगे। इनमें 'स्व के भाव', 'कुटुंब प्रबोधन', 'सामाजिक समरसता', 'पर्यावरण' और 'नागरिक कर्तव्य' शामिल हैं। इन सिद्धांतों के अनुरूप पूरे वर्ष का आयोजन समाज के विविध वर्गों को एक सूत्र में बांधने और राष्ट्रीय चेतना को सशक्त करने की दिशा में होगा। इस प्रकार, आरएसएस का शताब्दी वर्ष केवल उत्सव का अवसर नहीं होगा, बल्कि यह समाज में एकता, सद्भाव और जागरूकता फैलाने का माध्यम बनेगा। वर्ष भर चलने वाले इन कार्यक्रमों के जरिए संघ समाज के सभी वर्गों को जोड़कर राष्ट्र को सशक्त और संगठित करने का संदेश देगा।




# पूजा समिति के अध्यक्ष व सचिव को देनी होगी अंडरटेकिंग

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** दुर्गा पूजा के अवसर पर विभिन्न पूजा पंडालों में श्रद्धालुओं के सुगम व सुरक्षित भ्रमण के लिए जिले के सभी पूजा समिति के अध्यक्ष एवं सचिव को जिला प्रशासन द्वारा निर्धारित 25 बिंदुओं का शत प्रतिशत अनुपालन करने का अंडरटेकिंग देना होगा। इसमें भवन निर्माण, अग्निशमन विभाग तथा विद्युत विभाग से अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करना, अधिष्ठापित एवं चालु अवस्था में सीसीटीवी कंट्रोल रूम, पुरूषों एवं महिलाओं के लिए बैरिकेडिंग व्यवस्था के साथ अलग - अलग प्रवेश एवं निकास द्वार, अपातकालिन स्थिति में पंडाल से आकस्मिक निकास की व्यवस्था, अधिष्ठापित एंव चालु अवस्था में अग्निशमन यंत्र, हेल्प डेस्क, माईकिंग की व्यवस्था, पंडाल निर्माण में सिंथेटिक कपड़ा, जलनशील वस्तुओं का उपयोग नहीं करने, पंडाल तक जाने वाले रास्ते पर लाईटिंग गेट को उंचाई पर रखा गया है या नहीं, पंडाल में स्वछता से संबंधित विज्ञापन पट्ट का अधिस्थापन/ऑडियों विजुवल (एलईडी स्क्रीन) माईक के माध्यम से प्रचार-प्रसार लगातार हो रहा है या नहीं, मानव बल के साथ वाहन पार्किंग की पर्याप्त व्यवस्था, पंडाल के मुख्य द्वार तक वाहनों के आवागमन की सुविधा, फर्स्ट एड बॉक्स तथा मेडिकल कियोस्क की व्यवस्था, पर्याप्त संख्या में हरा एवं नीला डस्टबिन आदि की पर्याप्त व्यवस्था शामिल है। इसके अतिरिक्त आयोजन स्थल पर पुरुष व महिला के लिए अलग-अलग शौचालय की व्यवस्था, पेयजल की पर्याप्त व्यवस्था, घंघोर बारिश की स्थिति के हिसाब से पंडाल निर्माण, जल निकासी इत्यादि की व्यवस्था, बुजुर्गों एवं द्वियांगो के लिए उचित व्यवस्था, पर्याप्त संख्या में निर्धारित यूनिफॉर्म तथा आईडी कार्ड के साथ वॉलेंटियर्स की प्रतिनियुक्ति, संबंधित थाना को पूजा पंडाल के अध्यक्ष, सचिव एवं वॉलेंटियर्स की विवरणी उपलब्ध कराना है।

## संक्षिप्त समाचार

### एक पेड़ मां के नाम के तहत डीवीसी चंद्रपुरा प्रबंधन ने किया पौधारोपण

**चंद्रपुरा(बोकारो)/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** दामोदर घाटी निगम (डीवीसी) चंद्रपुरा ताप विद्युत केंद्र प्रबंधन और पर्यावरण प्रबंधन एवं प्रदूषण नियंत्रण विभाग द्वारा शनिवार को यहां के प्लांट क्षेत्र में एक पेड़ मां के नाम योजना के तहत पौधारोपण किया। इस अवसर पर वरिष्ठ महाप्रबंधक और परियोजना प्रधान विजया नन्द शर्मा, वरिष्ठ महाप्रबंधक अविजीत घोष,



वरिष्ठ महाप्रबंधक पीके मिश्रा, उप महाप्रबंधक राजीव कुमार, राजीव रंजन ओझा, राजीव रंजन, वरिष्ठ प्रबंधक हरि मुकुंद प्रजापति, सत्येंद्र कुमार, कंचन स्मिता टोप्पो, मुकेश कुमार, मोहम्मद इम्तियाज, प्रबंधक राजीव कुमार तिवारी, आशुतोष साहा, अजय कुमार, राकेश श्रीवास्तव, सुबोध कुमार पासवान, अक्षय कुमार, मोहम्मद सिकंदर शेख, श्यामलाल घोष, नालू मुर्मू, मोहम्मद फैयाज, अशोक झा, रविंद्र कुमार, नरेश कुमार पंडित आदि शामिल थे।

### कुली एवं सफाई कर्मचारियों के संग किया स्नेह मिलन

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** संकल्प सृजन झारखंड प्रदेश के तत्वावधान में बोकारो रेलवे स्टेशन परिसर में कुली एवं सफाई कर्मचारियों के बीच समरसता का प्रतीक स्नेह मिलन कार्यक्रम आयोजित किया गया। अध्यक्ष ध्रुव शर्मा ने कहा कि स्नेह मिलन का मुख्य उद्देश्य समाज में फैली असमानता, विषमता आदि को दूर करना है। स्नेह मिलन के तहत समाज के दो वर्गों के मध्य एक मधुर संबंध स्थापित होते हैं। बोकारो रेलवे स्टेशन अधीक्षक एके हालदार ने भी विचार व्यक्त किए। संस्था की महासचिव डॉ० साध्वी झा ने संकल्प सृजन के क्रियाकलापों की जानकारी दी। इस अवसर पर रेल वाणिज्य अधिकारी चंद्रभूषण सहित अन्य रेल कर्मी व संस्था से बिनु, रीता सिंह, प्रिया पांडे, अनिता, नेहा, ईंदू, अनन्या,गीता, रेणु सुरुचि आदि उपस्थित रहे।

### दुर्गा पूजा के सफल एवं सुरक्षित आयोजन हेतु उपायुक्त ने की बैठक




**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** दुर्गा पूजा महोत्सव को शांतिपूर्ण, सुरक्षित एवं स्वच्छ वातावरण में संपन्न कराने के लिए प्रशासन ने सभी पूजा समितियों एवं संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए हैं। उपायुक्त अजय नाथ झा की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में पुलिस अधीक्षक हरविंदर सिंह, उप विकास आयुक्त शताब्दी मजूमदार, एसी मो. मुमताज अंसारी, एसडीओ चास प्रांजल ढ़ांडा एवं एसडीओ बेरमो मुकेश मछुआ उपस्थित रहे। बैठक में दुर्गा पूजा के दौरान पंडाल प्रबंधन, सुरक्षा व्यवस्था, महिला व बच्चों की सुविधा, स्वच्छता, तथा विसर्जन की पर्यावरण अनुकूल व्यवस्था को लेकर विस्तृत निर्देश दिए गए।

**जिला प्रशासन की अपील**

जिला प्रशासन ने सभी पूजा समितियों से अपील की है कि वे निर्धारित मानकों का पालन करते हुए दुर्गा पूजा को सुरक्षित, स्वच्छ और पर्यावरण अनुकूल बनाने में प्रशासन का सहयोग करें।

### भाजपा ने सेवा सप्ताह में किया वृक्षारोपण

**भूली/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75 वां जन्मदिवस के उपलक्ष्य में भाजपा द्वारा सेवा सप्ताह मनाया जा रहा है. शनिवार को भूली में भूली मंडल अध्यक्ष सूरज कुमार पासवान के नेतृत्व में सेवा सप्ताह के अवसर पर भूली सी ब्लॉक रोड स्थित माँ शीतला मंदिर के समीप वृक्षारोपण किया गया. इस अवसर पर भाजपा नेता सह समाजसेवी सुमेश कुमार साव उर्फ



गामा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के जन्मदिन के अवसर पर वृक्षारोपण किया गया. जैसे फलदार वृक्ष समय के साथ फल का उपहार देता है वैसे ही मोदी जी के नेतृत्व में राष्ट्र मजबूत हो रहा और आने वाले लम्बे समय तक देश को इसका लाभ मिलता रहेगा. सूरज कुमार पासवान ने कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हमेशा ऊर्जावान रहें और उनका नेतृत्व राष्ट्र निर्माण और शक्ति के रूप में सदैव मिलता रहे. शनिवार को फलदार वृक्षारोपण किया गया. सूरज कुमार पासवान ने रविवार को धनबाद में आयोजित नमो दौड़ के कार्यक्रम में भाग लेने के लिए युवाओं से अपील किया और कार्यक्रम को सफल बनाने का आग्रह किया. मौके पर मनमोहन सिंह, जितेन्द्र चौहान, ईश्वरी नारायण सिंह,मिथलेश सिंह,चंदन कुमार, विकाश पासवान,आनंद सिन्हा, रमन कुमार पाण्डेय, आर एन सिंह, हर्ष पाण्डेय, भोलू आदि मौजूद थे.

# स्वास्थ्य विभाग द्वारा बोकारो जेनरल अस्पताल में एनसीडी क्लीनिक का शुभारम्भ



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** झारखण्ड सरकार व बोकारो जनरल अस्पताल के संयुक्त तत्वधान से बोकारो जेनरल अस्पताल में मधुमेह व उच्च रक्तचाप जांच हेतु एनसीडी क्लीनिक का शुभारंभ सिविल सर्जन डॉ अभय भूषण प्रसाद एवं मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी सह प्रभारी पदाधिकारी बोकारो जेनरल अस्पताल डॉ बीबी करूणामय ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया गया। मौके पर नोडल पदाधिकारी एनसीडी डॉ सुधा सिंह, आरसीएच पदाधिकारी डॉ सेलीना टूडू उपस्थित थे। बीजीएच अस्पताल में आने वाले सभी मरीजों की मधुमेह, उच्च रक्तचाप, मुहं के कैंसर की स्क्रीनिंग निःशुल्क की जाएगी। इस दौरान सिविल सर्जन डॉ अभय भूषण प्रसाद ने बताया कि पूरे झारखण्ड में यह पहला एनसीडी क्लीनिक है, जो किसी पब्लिक सेक्टर अंडरटेकिंग अस्पताल में संचालित किया जा रहा है। इससे बीजीएच अस्पताल में आने वाले सभी मरीजों की मधुमेह, उच्च रक्तचाप, मुहं के कैंसर की स्क्रीनिंग निःशुल्क की जाएगी।

# मधेशिया वैश्य महासभा ने पीएम को पोस्टकार्ड लिखकर की बीएसएल के विस्तारीकरण की मांग



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बीएसएल के विस्तारीकरण के लिए जारी महाहस्ताक्षर अभियान के तहत बोकारो जिला मधेशिया वैश्य महासभा के द्वारा राजकुमार गुप्ता के नेतृत्व में समाज के सैकड़ों लोगों ने प्रधानमंत्री को पोस्टकार्ड लिख कर इस परियोजना को शीघ्र प्रारंभ करने की माँग की। सभी लोगों ने पोस्टकार्ड में प्रधानमंत्री से बोकारो में बेहतर चिकित्सीय व्यवस्था उपलब्ध कराने के लिए बोकारो जेनरल अस्पताल को सुपरस्पेशलिस्टी हॉस्पिटल बनाने की भी माँग की। इस अवसर पर महासभा के अध्यक्ष कारू प्रसाद ने कहा कि बीएसएल बोकारो के अर्थव्यवस्था का आधार है। प्लांट के विस्तार से हीं बोकारो की अर्थव्यवस्था का विस्तार होगा। बड़ी संख्या में लोगों को रोजगार मिलेगा जिससे बोकारो सहित झारखण्ड के विकास को भी गति मिलेगी। मधेशिया वैश्य महासभा में अभियान का नेतृत्व कर रहे राजकुमार गुप्ता ने कहा कि प्लांट के विस्तारीकरण से बोकारो के बाजार में भी नई पूँजी का निवेश होगा। व्यवसायियों सहित बोकारो के सभी वर्गों को इसका लाभ मिलेगा। सभी लोगों ने इस अभियान की प्रशंसा करते हुए बोकारो के सभी वर्गों से इस अभियान को समर्थन देते हुए प्रधानमंत्री को पोस्टकार्ड लिखने की अपील की और बोकारो सहित झारखण्ड के विकास के लिए प्रधानमंत्री से परियोजना को शीघ्र धरातल पर उतारने की भी माँग की। इस अवसर पर मधेशिया वैश्य महासभा बोकारो जिला के महामंत्री संजय गुप्ता, कोषाध्यक्ष प्रवीण रंजन, उपाध्यक्ष देवनारायण शाह, दिलीप प्रसाद गुप्ता, सुबोध गुप्ता, तरूण मधेशिया, सह महामंत्री कामता प्रसाद, अमरकांत प्रसाद, पुजा गुप्ता और रंजु कुमारी सहित सैकड़ों की संख्या में महिला-पुरूष उपस्थित थे।

# नोबा बोकारो चैप्टर की बैठक में उपायुक्त हुए शामिल

## नेतरहाट की तरह जिले के सर्वांगीण विकास का लिया संकल्प



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** शनिवार शाम बी.एस.सिटी स्थित हंस रीजेंसी में नेतरहाट ओल्ड बॉयज एसोसिएशन (नोबा) बोकारो चैप्टर की बैठक का आयोजन हुआ, जिसमें उपायुक्त एवं नेतरहाट विद्यालय के पूर्ववर्ती छात्र अजय नाथ झा विशेष रूप से शामिल हुए। इस अवसर पर नोबा सदस्यों ने उपायुक्त का गर्मजोशी से स्वागत किया। मौके पर बैठक को संबोधित करते हुए उपायुक्त अजय नाथ झा ने कहा कि साधक हैं समता के, सत्य न्याय करुणा के, हिन्द प्रेम संबल है, विश्व प्रेम साध्य बना नेतरहाट की इन्हीं मूल भावनाओं और आदर्शों से प्रेरणा लेकर हमें बोकारो के सर्वांगीण विकास के लिए समर्पित रहना होगा। बैठक में वर्ष 1960 से लेकर वर्तमान बैच तक के पूर्व छात्र शामिल हुए और जिले के सामाजिक एवं सांस्कृतिक विकास पर विस्तार से चर्चा की।

**सामाजिक और सांस्कृतिक विकास में नोबा करेगी पहल**

बैठक में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया कि नोबा बोकारो चैप्टर, जिले के सामाजिक और सांस्कृतिक विकास में सक्रिय भूमिका निभाएगी। इसके अंतर्गत बुजुर्गों की विचार गोष्ठी आयोजित की जाएगी, ताकि उनके अनुभव और सुझावों को बोकारो के विकास में उपयोग किया जा सके। साथ ही, बेटियों के जन्म को सामाजिक उत्सव के रूप में मनाने की पहल की जाएगी और समाज को इस दिशा में प्रेरित किया जाएगा। इस बैठक में उपायुक्त बोकारो समेत एन.एन. झा, वशिष्ठ एन. सिंह, डॉ. प्रमोद कुमार, डॉ. जी.एन. साहू, चन्देश्वर ठाकुर, डॉ. दीपक कुमार, डॉ. सुशील कुमार, अविनाश झा, हरीश सिन्हा, जयंत खल्खो, राजेश राजन आदि उपस्थित थे।

### चास एवं बोकारो स्टील सिटी के विभिन्न पूजा पंडालों का अनुमंडल पदाधिकारी ने किया निरीक्षण

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** उपायुक्त अजय नाथ झा के निर्देश पर अनुमंडल पदाधिकारी चास प्रांजल ढांडा के आदेश पर शनिवार को नागरिक सुरक्षा बोकारो की ओर से चास नगर निगम क्षेत्र एवं बोकारो स्टील सिटी के विभिन्न पूजा पंडालों में श्रद्धालुओं की सुविधा एवं सुरक्षा के मद्देनजर विभिन्न प्रकार के दुर्घटना में होने वाले स्थिति का जायजा लिया और उससे निपटने के उपाय बताए गए। साथ ही जिला प्रशासन की तरफ से स्पष्ट निर्देशित है कि प्रत्येक पंडालों में सुरक्षा की पुरी व्यवस्था रहनी चाहिए, जिसमें अग्नि सुरक्षा, भीड़ नियंत्रण एवं घायल हुए व्यक्ति को प्राथमिक चिकित्सा की व्यवस्था हो। इसी कड़ी में आज शनिवार पूजा पंडालों में घायल हुए व्यक्ति को ले जाने हेतु शय्या को बनाने की तरीकों को बनाकर बताया गया और रक्त श्राव रोकने एवं नियंत्रित करने के उपाय बताए गए। साथ ही सीपीआर देने के तरीकों को प्रायोगिक तौर पर दिखाया तथा बेहोशी की हालत में घायल

# शहरी आयुष्मान आरोग्य मन्दिर में प्रसव कराना सुनिश्चित करें : सिविल सर्जन



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** सिविल सर्जन डॉ अभय भूषण प्रसाद एवं नोडल पदाधिकारी एनयूएचएम डॉ सेलिना टुडू के द्वारा शहरी आयुष्मान आरोग्य मन्दिर यदुवंश नगर एवं महतो बांध का औचक निरीक्षण किया गया। जांच के क्रम में पाया गया कि दोनो आयुष्मान आरोग्य मन्दिर में जीएनएम द्वारा लोगों का मधुमेह, उच्च रक्त चाप की जांच की जा रही थी। साथ ही सिविल सर्जन द्वारा सभी रजिस्टर की जांच की गई, जिसमें रिकार्ड संधारण में कमी पाई गई जिसे सुधार करने का निर्देश दिया।

**शहरी आयुष्मान आरोग्य मन्दिर में डिलवरी कराना सुनिश्चित करें-**

सिविल सर्जन डॉ अभय भूषण प्रसाद ने भ्रमण के दौरान दोनो स्टाफ नर्स को निर्देश दिया गया कि अपने अपने शहरी आयुष्मान आरोग्य मन्दिर में डिलवरी कराना सुनिश्चित करें। इससे सम्बन्धित आवश्यक उपकरण को उपलब्ध कराने हेतु शहरी स्वास्थ्य प्रबंधक को निर्देश दिया गया। साथ ही सभी स्टाफ नर्स, सफाई कर्मी एवं गार्ड को प्रत्येक दिन ड्रेस कोड में रहने हेतु निर्देशित किया गया। नोडल पदाधिकारी डॉ सेलिना टूडू द्वारा बताया गया कि 'स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान' के तहत मानसिक स्वास्थ्य की स्क्रीनिंग, बुजुर्गों की स्वास्थ्य जांच एवं स्वयं सहायता समूह के लोगो की स्वास्थ्य जांच की जा रही थी। भ्रमण के समय तक लगभग 68 लोगो की जांच की जा चुकी थी। औचक निरीक्षण के दौरान शहरी स्वास्थ्य प्रबंधक विश्वरंजन, ज्योतिका कुमारी स्वास्थ्य प्रशिक्षक आदि उपस्थित थे।

### डीवीसी के अधिकारियों और कर्मचारियों ने स्वच्छता अभियान के तहत की प्लांट की सफाई

**चंद्रपुरा (बोकारो)/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** दामोदर घाटी निगम (डीवीसी) चंद्रपुरा ताप विद्युत केंद्र प्रबंधन द्वारा मनाये जा रहे स्वच्छता पखवाड़ा के तहत शुक्रवार को यहां के प्लांट के कई क्षेत्रों में सफाई अभियान चलाया गया । इस अवसर पर वरिष्ठ महाप्रबंधक एवं परियोजना प्रधान श्री विजया नन्द शर्मा, वरिष्ठ महाप्रबंधक (मानव संसाधन)डॉ डीसी पांडेय, वरिष्ठ महाप्रबंधक अविजीत घोष, उप महाप्रबंधक राजीव कुमार, राजीव रंजन ओझा, राजीव रंजन, अमित कुमार सिंहा, दीपक कुमार, मोहम्मद इम्तियाज, हरि मुकुंद प्रजापति, सत्येंद्र कुमार, कंचन स्मिता टोप्पो, प्रबंधक परविंद कुमार, राकेश श्रीवास्तव, अक्षय कुमार सहित डीवीसी के दर्जनों अधिकारियों और कर्मचारियों एवं अन्य कर्मियों ने यहां के तेजस भवन, कैंटीन और आसपास के क्षेत्रो में सफाई अभियान चलाकर क्षेत्र की सफाई किया।

# तीन श्रेणियों में पूजा समितियों के लिए अंक निर्धारित




**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** दुर्गा पूजा के अवसर पर पूजा समितियां को स्वच्छता, सुरक्षा व्यवस्था, संसाधन एवं सुगमता के लिए अलग-अलग अंक दिए जाएंगे। इसमें सर्वाधिक अंक लाकर प्रथम आने वाली पूजा समिति को एक लाख रुपए का पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। इस संबंध में उपायुक्त ने बताया कि पूजा समितियों के लिए स्वच्छता तथा संसाधन एवं सुगमता के लिए 30 - 30 अंक तथा सुरक्षा व्यवस्था के लिए 40 अंक निर्धारित है।स्वच्छता में पंडाल परिसर एवं आसपास के क्षेत्र की साफ सफाई, गीला और सूखा कचरे के लिए निर्धारित डस्टबिन, समय समय पर कचरा उठाव, स्वचालित शौचालय/हैंडवॉश की उचित सुविधा, महिला-पुरुष के लिए अलग - अलग शौचालय की व्यवस्था तथा चिन्हित विसर्जन स्थल में पूजा कमेटी द्वारा मूर्ति विसर्जन के लिए 5 - 5 अंक निर्धारित है। सुरक्षा व्यवस्था में फायर सेफ्टी (फायर एक्सटिंग्विशर, रेत/पानी की बाल्टी) की उपलब्धता, प्रवेश/निकास द्वार पर्याप्त चौड़े और अवरोध रहित तथा भीड़ प्रबंधन की पर्याप्त व्यवस्था, सुरक्षा गार्ड/स्वयंसेवकों की तैनाती, आपातकालीन व्यवस्था (एम्बुलेंस/पुलिस संपर्क) उपलब्ध है या नहीं, पूजा पंडाल एवं मेला की निगरानी सीसीटीवी और ड्रोन कैमरे से की जा रही है या नहीं, महिला पुरुष के लिए निर्धारित प्रवेश द्वार, पूजा पंडाल में हेल्प डेस्क, माइकिंग, फर्स्ट एड किट तथा मेडिकल कियोस्क की व्यवस्था तथा असामाजिक तत्वों से निपटने एवं निगरानी के लिए स्टेज व्यवस्था की व्यवस्था के लिए 5 - 5 अंक निर्धारित है।

# बीएसएल के शीर्ष प्रबंधन के साथ सेवा अनुबंध और सामग्री प्रबंधन पर संवाद कार्यक्रम का आयोजन

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो स्टील प्लांट के सतर्कता विभाग द्वारा सतर्कता जागरूकता सप्ताह-2025 के अंतर्गत निवारक सतर्कता पर चल रहे तीन माह के अभियान के क्रम में बीएसएल के शीर्ष प्रबंधन के साथ सेवा अनुबंध और सामग्री प्रबंधन (सर्विस कॉन्ट्रैक्ट एंड मैटेरियल मैनेजमेंट) विषय पर एक संवाद कार्यक्रम का आयोजन ज्ञानार्जन एवं विकास केंद्र के मुख्य सभागार में आयोजित किया गया. संवाद कार्यक्रम में आलोक वर्मा, निदेशक प्रभारी, राउरकेला स्टील प्लांट एवं अतिरिक्त प्रभार, बोकारो स्टील प्लांट के साथ अधिशासी निदेशक (मानव संसाधन) राजश्री बनर्जी, अधिशासी निदेशक (सामग्री प्रबंधन) चित्तरंजन मिश्रा, अधिशासी निदेशक (संकार्य) प्रियरंजन उपस्थित थे. संवाद कार्यक्रम की शुरूआत शिवेंद्र सिंह, सहायक महाप्रबंधक (भारी अनुरक्षण-मैकेनिकल) द्वारा सेवा अनुबंध और सामग्री खरीद प्रबंधन विषय पर एक प्रस्तुतीकरण से किया गया जिसमें बोकारो इस्पात संयंत्र में अनुबंधों के युक्तिकरण और संविदा कर्मियों की वर्तमान स्थिति पर चर्चा की गई. इस प्रस्तुतीकरण में इस्पात मंत्रालय एवं सेल निगमित कार्यालय के दिशानिर्देश के अनुसार इस्पात उद्योग के समक्ष चुनौतियों और श्रम उत्पादकता की गणना के बारे में विस्तृत रूप से बताया गया. मुख्य महाप्रबंधक (सतर्कता) एवं एसीवीओ ज्ञानेश झा द्वारा एक प्रस्तुतीकरण के माध्यम से मैनेजमेंट ऑफ सर्विस कॉन्ट्रैक्ट, मूल्यांकन, भुगतान और संसाधन प्रबंधन तथा सेवा निष्पादन से जुड़े विभिन्न मुद्दों के संबंध में विस्तृत चर्चा की गयी. निदेशक प्रभारी, राउरकेला स्टील प्लांट एवं अतिरिक्त प्रभार, बोकारो स्टील प्लांट आलोक वर्मा ने संवाद कार्यक्रम के प्रस्तुतीकरण की सराहना की तथा लक्ष्यों को प्राप्त करने में आनेवाले चुनौतियों तथा उसके समाधान के बारे में अपने विचार साझा किए. उन्होंने श्रम उत्पादकता में वृद्धि और लागत प्रभावी इस्पात उत्पादन सहित कंपनी के लक्ष्यों को प्राप्त करने में अपनी भूमिका निभाने के लिए सभी को प्रोत्साहित किया.




**'वन डे चेयरमैन कम्पीटीशन' एवं 'एक्जीक्यूटिव ऑफ द क्वार्टर' के विजेताओं का सम्मान**

बोकारो इस्पात संयंत्रमें 'वन डे चेयरमैन कम्पीटीशन' एवं 'एक्जीक्यूटिव ऑफ द क्वार्टर' के पुरस्कार विजेताओं को सम्मानित करने हेतु एक समारोह का आयोजन बोकारो निवास में किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि आलोक वर्मा, निदेशक प्रभारी, राउरकेला स्टील प्लांट एवं अतिरिक्त प्रभार, बोकारो स्टील प्लांट उपस्थित रहे। कार्यक्रम में अधिशासी निदेशक (मानव संसाधन) राजश्री बनर्जी, अधिशासी निदेशक (माइंस) विकास मनवटी, अधिशासी निदेशक (सामग्री प्रबंधन) चित्त रंजन मिश्रा, अधिशासी निदेशक (संकार्य) प्रियरंजन तथा मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी एवं प्रभारी (चिकित्सा एवं स्वास्थ्यसेवाएँ) डॉ. विभूति भूषण करुणामय सहित विभिन्न विभागों के मुख्य महाप्रबंधक, वरीय अधिकारी, पुरस्कार विजेता एवं उनके परिजन भी उपस्थित थे. उल्लेखनीय है कि सेल ने कर्मचारियों को सशक्त बनाने तथा संगठन के विकास हेतु उनके रचनात्मक विचारों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से 'वन डे चेयरमैन प्रतियोगिता' की शुरूआत की थी। इस प्रतियोगिता में बीएसएल के महाप्रबंधक (वित्त एवं लेखा) अनुपम कुमार सिंह, सहायक महाप्रबंधक (सी एंड आईटी) रंजीत कुमार, उप प्रबंधक (आरएमएचपी) विनय शाह, जूनियर इंजीनियरिंग एसोसिएट आशीष कुमार चौरसिया एवं झारखंड ग्रुप ऑफ माइंस की सहायक महाप्रबंधक हीना परवीन विजेता रहीं. साथ ही प्रत्येक तिमाही में उत्पादन, उत्पादकता, लागत नियंत्रण और नवाचार से जुड़े उत्कृष्ट कार्यों के लिएदिए जाने वाले 'एक्जीक्यूटिव ऑफ द क्वार्टर अवार्ड' की श्रृंखला में, वित्तीय वर्ष 2025-26 की प्रथम तिमाही के विजेताओं में बीएसएल के उप महाप्रबंधक (सिक्योरिटी) ले.कर्नल राजिंदर सिंह शेखावत, उप महाप्रबंधक (हॉट स्ट्रिप मिल) रामकृष्णा,सहायक महाप्रबंधक (वित्त एवं लेखा) मोहित सिन्हा, सहायक महाप्रबंधक (एमआरडी) पी.पी. कल्बेंडे, सहायक महाप्रबंधक (एसएमएस-II एवं सीसीएस) अश्वनी कुमार सिन्हा,वरीय प्रबंधक (आई एंड ए) पुष्पवंत कुमार, वरीय प्रबंधक (यातायात) सुमन सौरभतथा झारखंड ग्रुप ऑफ माइंस के सहायक महाप्रबंधक (के.आई.ओ.एम.) अशोक कुमार नागरु को मुख्य अतिथि द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि आलोक वर्मा ने सभी विजेताओं एवं उनके परिवारजनों को बधाई दी और उन्हें भविष्य में भी उत्कृष्टता के लिए प्रयासरत रहने एवं इसी उत्साह और निष्ठा के साथ संगठन की प्रगति में योगदान देने का आह्वान किया। इस अवसर पर पुरस्कृत कर्मचारियों ने अपने-अपने कार्यक्षेत्रों में उत्कृष्टता बनाए रखने और बीएसएल की निरंतर प्रगति में योगदान देते रहने की प्रतिबद्धता दोहराई.

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा डी.बी. कॉर्प. लि. के लिए भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, गोविंदपुर मेन रोड, अशोक नगर, केजी आश्रम, धनबाद (झारखंड) से मुद्रित तथा प्लांट नंबर-31, कॉपरेटिव कॉलोनी, बोकारो स्टील सिटी, जिला बोकारो (झारखंड) से प्रकाशित। संपादक कमल किशोर, नवबिहार टाइम्स (दैनिक), सत्येंद्र नगर, औरंगाबाद (बिहार), स्थानीय संपादक : मनोज विशाल
फोन नंबर- 9431145665 8210783623
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या : JHAHIN/2017/72655
E-mail- nbtimesbihar@gmail.com